राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्षः 27 अंक 214
शनिवार 30 मई, 2026

तापमान
अधिकतम 33°C | न्यूनतम 25°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ–18 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

बेतवा पुल हादसे में छह मजदूरों की मौत

हमीरपुर में भीषण आंधी–तूफान के बीच निर्माणाधीन पुल ढहा, कई परिवारों में मातम

एस.पी. शुक्ला

हमीरपुर, 29 मई। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में शुक्रवार तड़के आए भीषण आंधी-तूफान ने बड़ा हादसा कर दिया। ललपुरा थाना क्षेत्र में बेतवा नदी पर निर्माणाधीन पुल की स्लैब और शटरिंग अचानक भरभराकर ढह गई, जिससे वहां काम कर रहे मजदूर मलबे में दब गए।

हादसे में अब तक छह मजदूरों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि कई अन्य मजदूरों के अब भी मलबे में फंसे होने की आशंका के चलते राहत एवं बचाव अभियान लगातार जारी है। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

हादसे के दौरान तीन मजदूर पुल के पिलर पर फंस गए थे, जिन्हें एसडीआरएफ और पुलिस की टीम ने सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। यह हादसा देर रात तेज आंधी और तूफान के दौरान हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और

हादसा

- कई मजदूर अभी भी दबे होने की आशंका, तीन को सुरक्षित निकाला गया
- मुख्यमंत्री ने लिया संज्ञान, मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख सहायता घोषित
- तीन साल पहले मंजूर हुआ था पुल, 26 गांवों की बदलनी थी तस्वीर

सुबह तक राहत एवं बचाव अभियान चलता रहा। निर्माणाधीन पुल ललपुरा थाना क्षेत्र में मोराकांदर, परसनी और कंडौर गांवों के बीच बनाया जा रहा था। यह पुल राठ-हमीरपुर स्टेट हाईवे को कुरारा फोरलेन हाईवे से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण परियोजना है। पुल निर्माण की मंजूरी राज्यसभा सांसद बाबूराम

निषाद की पहल पर मिली थी और इसके बनने से क्षेत्र के 26 गांवों के करीब डेढ़ लाख ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद थी। ललपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार सरोज ने बताया कि राहत एवं बचाव अभियान युद्धस्तर पर चलाया गया।

मलबे में दबे लोगों की तलाश के लिए जेसीबी और अन्य मशीनों की मदद ली गई। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि यह भी देखा जा रहा है कि कहीं कोई अन्य मजदूर अभी मलबे में दबा तो नहीं है। हादसे में जान गंवाने वालों में लोकेंद्र उम्र 22 वर्ष पुत्र राधेश्याम निषाद निवासी चिल्ला थाना चिल्ला जनपद बांदा , कुलदीप उम्र 19 वर्ष निषद पुत्र प्रेमचंद निवासी चिल्ला थाना चिल्ला जनपद बांदा, सावंत यादव उम्र 28 वर्ष निवासी भूरागढ़ बांदा , सभाजीत उम्र 30 वर्ष पुत्र गयादीन निवासी भूरागढ़ जनपद बांदा ,पुष्पेंद्र सिंह उम्र 34 वर्ष चौहान पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी स्वासा खुर्द थाना ललपुर हमीरपुर, ,राजेश पाल उम्र 42 वर्ष पुत्र सभाजीत निवासी अचपुरा थाना ललपुर हमीरपुर शामिल हैं। वहीं पिलर पर फंसे अवधेश निषाद, कल्लू यादव और राजेश निषाद को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। ■ शेष पेज 17 पर

लापरवाही या तूफान... छह जिंदगियां खत्म

प्राथमिक स्तर पर तकनीकी चूक की आशंका, जांच में जुटा प्रशासन

हमीरपुर। बेतवा नदी पर निमार्णाधीन पुल हादसे के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

स्थानीय लोगों और मजदूरों का आरोप है कि पुल निर्माण में सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन नहीं किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि पुल की कोठी पर रखे गए स्लैब और शटरिंग को तकनीकी रूप से पूरी तरह सुरक्षित नहीं किया गया था। प्राथमिक स्तर पर आशंका जताई जा रही है कि तेज आंधी और तूफान के दौरान यही स्ट्रक्चर असंतुलित होकर ढह गया। हालांकि प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट ■ शेष पेज 17 पर

कर्नाटक में सिद्धारमैया का इस्तीफा मंजूर, मंत्रिपरिषद भंग

बेंगलुरु, 29 मई। कर्नाटक की राजनीति में बड़ा सियासी घटनाक्रम सामने आया है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का इस्तीफा राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने स्वीकार कर लिया है। इसके साथ ही सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद को भी तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया।

राज्यपाल कार्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के बाद राज्य की राजनीति में हलचल और तेज हो गई है। हालांकि नई सरकार के गठन तक सिद्धारमैया कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभालते रहेंगे। उधर कर्नाटक के कार्यवाहक मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से दिल्ली में शुक्रवार को अलग-अलग मुलाकात की।

राज्यपाल ने संविधान के अनुच्छेद 164(1) के तहत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह फैसला लिया। बताया गया है कि सिद्धारमैया ने 28 मई को अपना

- कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहेंगे सिद्धारमैया, नए चेहरे पर मंथन जारी, डीके शिवकुमार की ताजपोशी के संकेत तेज

इस्तीफा सौंपा था, जिसे 29 मई को मंजूरी दे दी गई। राज्यपाल ने अपने पत्र में कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था होने तक सरकार की निरंतरता बनाए रखने के लिए सिद्धारमैया कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहेंगे। इस घटनाक्रम के बाद कांग्रेस संगठन के भीतर बैठकों और मंथन का दौर शुरू हो गया है। पार्टी विधायक दल की बैठक जल्द बुलाए जाने की संभावना है, ■ शेष पेज 17 पर

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली–एनसीआर में प्रदूषण से राहत, हटाई गई ग्रैप- 1 की पाबंदियां

नई दिल्ली, 29 मई। राजधानी दिल्ली की हवा में सुधार देखने को मिल रहा है। गुरुवार को हवा और बारिश के बाद प्रदूषण के स्तर पर काफी कमी आई है। ऐसे में शुक्रवार शाम चार बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 123 दर्ज किया गया। इसके बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की उप-समिति ने क्षेत्र में लागू चरण-1 की सभी पाबंदियां तत्काल प्रभाव से हटा दीं।

मप्र के इंदौर में 9 से 13 जून तक होगा अंतरराष्ट्रीय ब्रिक्स कृषि सम्मेलन, तैयारियां जारी

इंदौर, 29 मई। मध्य प्रदेश के इंदौर में आगामी 9 से 13 जून तक कृषि विषय पर अंतरराष्ट्रीय महत्व का ब्रिक्स (बीआरआईसीएस) सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के मंत्रीगण, वरिष्ठ अधिकारी एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल शामिल होंगे। आयोजन को लेकर जिला प्रशासन, पुलिस एवं नगर निगम द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

बीजेपी का बड़ा संगठनात्मक फेरबदल, चार राज्यों में बदले अध्यक्ष

नई दिल्ली, 29 मई। भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों की तैयारियों को धार देने के उद्देश्य से चार राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के निर्देश पर जारी इस फैसले को बीजेपी के बड़े संगठनात्मक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और त्रिपुरा में नए प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। दिल्ली बीजेपी की कमान केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा को सौंपी गई है, जबकि हरियाणा में अर्चना गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। पंजाब में पार्टी ने सरदार केवल सिंह ढिल्लों को नेतृत्व की जिम्मेदारी दी है। वहीं त्रिपुरा इकाई की कमान अभिषेक देवरॉय को सौंपी गई है। बीजेपी नेतृत्व का कहना है कि इन नियुक्तियों का उद्देश्य राज्यों में संगठन को और अधिक सक्रिय बनाना तथा जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ मजबूत करना है।

राजनीतिक जानकारों के मुताबिक पंजाब और दिल्ली में हुए बदलाव को आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। पंजाब में केवल सिंह ढिल्लों की नियुक्ति विशेष रूप से चर्चा में है। ढिल्लों पहले कांग्रेस से जुड़े रहे हैं और बाद में बीजेपी में शामिल हुए थे। उन्हें पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह का करीबी माना जाता है।

पार्टी द्वारा एक सिख चेहरे को पंजाब की कमान सौंपना राज्य में नए सामाजिक और राजनीतिक समीकरण बनाने की कोशिश माना जा रहा है।बीजेपी सूत्रों के अनुसार सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं और नए अध्यक्ष जल्द ही अपनी-अपनी प्रदेश इकाइयों की बैठकों का दौर शुरू करेंगे।

अजय कोचर बने नौसेना के 48वें उप प्रमुख, कार्यभार संभाला

नई दिल्ली, 29 मई। ऑपरेशन सिंदूर के रणनीतिकार रहे वाइस एडमिरल अजय कोचर ने शुक्रवार को नई दिल्ली में नौसेना स्टाफ के नए वाइस चीफ का पदभार संभाल लिया।

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत नौसेना की महत्वपूर्ण संपत्तियों की आक्रामक फॉरवर्ड तैनाती को लागू करने में अहम भूमिका निभाई थी। वाइस एडमिरल कोचर ने वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन की जगह ली है, जिन्हें पश्चिमी नौसेना कमान का अगला प्रमुख नियुक्त किया गया है।

वाइस एडमिरल ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद साउथ ब्लॉक में उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। वाइस एडमिरल कोचर ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान नौसेना की उच्च-स्तरीय युद्ध-तैयारी का नेतृत्व किया था। वह भारतीय ■ शेष पेज 17 पर

माफिया अब हिंदुओं को धमका नहीं सकते: योगी

आनंद मिश्रा

मऊ, 29 मई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मऊ की धरती से माफिया और गुंडों को खुली चेतावनी देते हुए कहा कि अब उत्तर प्रदेश में किसी की हिम्मत नहीं है कि वह धार्मिक आयोजनों में व्यवधान पैदा करे या खुलेआम लोगों को धमकाए। उन्होंने कहा कि अब कोई माफिया खुली जीप में पिस्टल लहराते हुए किसी हिंदू को धमका नहीं सकता। यदि किसी ने रामलीला, रामनवमी, जन्माष्टमी, शिवरात्रि या अन्य धार्मिक आयोजनों में बाधा डालने की कोशिश की तो उसकी दुर्गति रावण और कंस जैसी होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मऊ के गांधी मैदान में 392 करोड़ रुपये से अधिक लागत की 114 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अच्छी सरकार विकास लेकर आती है, जबकि गलत लोग चुने जाने पर सुरक्षा और विकास दोनों प्रभावित होते हैं। उन्होंने पूर्ववर्ती

चेतावनी

- मुख्यमंत्री ने मऊ में दी 392 करोड़ की 114 परियोजनाओं की सौगात
- धार्मिक आयोजनों में बाधा डालने वालों को दी चेतावनी
- सीएम बोले-अब माफिया के सामने नहीं झुकती सरकार

सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले माफिया और दंगाइयों के सामने सरकारें नतमस्तक रहती थीं। वर्ष 2005 के मऊ दंगों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय धार्मिक आयोजनों में व्यवधान पैदा किया जाता था और निर्दोष लोगों की जान जाती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। व्यापारी अब बिना डर के कारोबार कर रहे हैं और बेटियां सुरक्षित माहौल में काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास योजनाएं बिना रुके आगे बढ़ रही हैं। गरीबों को आवास, शौचालय, राशन और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 65 लाख गरीबों को आवास, करोड़ों लोगों को मुफ्त राशन और आयुष्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ ने मऊ के विकास कार्यों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सड़क, पुल, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यटन से जुड़ी कई परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है।

जनप्रतिनिधियों की मांग पर उन्होंने घोसी चीनी मिल के विस्तारीकरण के लिए प्रस्ताव मांगा और कहा कि सरकार किसानों के हित में हर संभव कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, लैपटॉप, आवास स्वीकृति पत्र और अन्य सहायता भी वितरित की। उन्होंने महिलाओं की गोदभराई और बच्चों के अन्नप्राशन कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। इस दौरान नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा, ओमप्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान सहित कई मंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

सुप्रीम कोर्ट से विनेश फोगाट को चयन ट्रायल में हिस्सा लेने की मिली अनुमति

नई दिल्ली, 29 मई। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। देश की सर्वोच्च अदालत ने उन्हें एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्शन ट्रायल में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है। 30 और 31 मई को होने वाले इन ट्रायल्स को लेकर चल रहा विवाद अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। दरअसल, रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें विनेश फोगाट को ट्रायल में भाग लेने की इजाजत दी गई थी।

हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिससे विनेश के लिए रास्ता साफ हो गया। दिल्ली हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान डब्ल्यूएफआई के रवैये पर नाराजगी जताई थी।

भारत-अमेरिका, अंतरिम व्यापार समझौते के करीब

न्यूयॉर्क, 29 मई। भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी व्यापार जगत के प्रतिनिधियों से कहा है कि भारत की अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर जारी बातचीत में 'उत्साहजनक प्रगति' हुई है और दोनों देश इस पर एक अंतरिम समझौते के करीब पहुंच गये हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार रात को यहां अंतरराष्ट्रीय व्यापार जगत के दिग्गजों के साथ बातचीत के दौरान यह जानकारी दी।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने 'एक्स' पोस्ट पर बताया कि उन्होंने न्यूयॉर्क में एक गोलमेज बैठक के दौरान 50 से ज्यादा वैश्विक व्यापार और उद्योग जगत के नेताओं के साथ बातचीत

बैठक

- पीयूष गोयल बोले- बातचीत में हुई उत्साहजनक प्रगति, जून में दिल्ली दौरे पर आएगा अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल

की। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन अमेरिका के न्यूयॉर्क में स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने अमेरिकी-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसएफ) के सहयोग से किया था। पीयूष गोयल ने कहा कि गोलमेज बैठक में वैश्विक कारोबारियों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की मजबूत विकास गाथा, सुधार-आधारित कारोबारी माहौल और वैश्विक निवेशकों के लिए बढ़ते अवसरों पर प्रकाश डाला तथा साझा समृद्धि के लिए भारत-अमेरिका के बीच व्यापार, निवेश, नवाचार और आपूर्ति-श्रृंखला से जुड़ी साझेदारियों को और अधिक गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। ■ शेष पेज 17 पर

आंतरिक शांति ही बाहरी सौहार्द का आधार : उपराष्ट्रपति

बेंगलुरु, 29 मई। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में शुक्रवार को आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन का 45वां स्थापना दिवस समारोह भव्य और आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालु, स्वयंसेवक, आध्यात्मिक साधक और अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि 'आंतरिक शांति ही बाहरी सौहार्द का वास्तविक आधार है।' उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया तनाव, संघर्ष और मानसिक अस्थिरता जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है। ■ शेष पेज 17 पर



जनपद मऊ में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण–शिलान्यास कर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण–पत्र, स्वीकृति–पत्र एवं चेक वितरित करते सीएम योगी आदित्यनाथ। – छाया तरुणमित्र

एसी धमाके से लगी आग, पूर्व आईएएस धनेंद्र कुमार की मौत

नई दिल्ली, 29 मई। दक्षिण दिल्ली के हौज खास इलाके में गुरुवार रात हुए दर्दनाक हादसे में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी और भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के पहले चेयरमैन धनेंद्र कुमार का निधन हो गया। शुरूआती जांच में सामने आया है कि घर में लगे एसी में धमाके के बाद आग लगी, जिससे पूरा घर धुएं से भर गया। हादसे में उनका बेटा भी घायल हुआ है, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। दिल्ली पुलिस के अनुसार रात करीब 11:18 बजे आग लगने की सूचना मिली थी।

मौके पर पहुंची दमकल और पुलिस टीम ने घर में फंसे लोगों को बाहर निकाला। 80 वर्षीय धनेंद्र कुमार और उनके बेटे को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान धनेंद्र कुमार ने दम तोड़ दिया।

प्राइमरी शिक्षकों पर बढ़ता प्रशासनिक बोझ शिक्षा व्यवस्था पर सवाल

सिस्टम ने मास्टर साहब को समझ लिया 'सुपरमैन'!

विवेक श्रीवास्तव

लखनऊ, 29 मई। उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था इन दिनों एक बड़े सवाल से जूझ रही है-आखिर सरकारी शिक्षक पढ़ाएं कब? प्रदेशभर में पहले से जनगणना तैयारियों और प्रशिक्षण में जुटे शिक्षकों पर अब नए-नए गैरशैक्षणिक कार्यों का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला बरेली के नवाबगंज क्षेत्र का है, जहां विद्यालयों को निराश्रित गोवंशों के लिए भूसा एकत्र करने का आदेश जारी होने के बाद बड़ा विवाद खड़ा हो गया।

विरोध बढ़ा तो शिक्षा विभाग को बैकफुट पर आकर आदेश बदलना पड़ा, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर सरकारी स्कूलों के शिक्षकों पर बढ़ते गैरशैक्षणिक दबाव को राष्ट्रीय बहस का मुद्दा बना दिया है। दरअसल, बरेली के नवाबगंज में खंड शिक्षा अधिकारी

बढ़ता बोझ

- जनगणना के बीच भूसा जुटाने का आदेश बना नया विवाद
- शिक्षकों के विरोध के बाद विभाग को लेना पड़ा यू-टर्न
- गैरशैक्षणिक ड्यूटी से प्रभावित हो रही सरकारी स्कूलों की पढ़ाई

कार्यालय से प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों को निर्देश जारी किया गया था कि प्रत्येक विद्यालय 46 किलो भूसा एकत्र कर ब्लॉक कार्यालय अथवा पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय में जमा कराए।

आदेश में एक सप्ताह के भीतर कार्य पूरा करने, रसीद उपलब्ध कराने और लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी तक दी गई थी। यह निर्देश ऐसे समय आया जब प्रदेश के हजारों शिक्षक पहले से जनगणना प्रशिक्षण, डेटा संकलन और प्रशासनिक तैयारियों में व्यस्त हैं।

आदेश सामने आते ही शिक्षकों में भारी नाराजगी फैल गई। शिक्षक संगठनों ने इसे शिक्षा व्यवस्था का मजाक बताते हुए सवाल उठाया कि क्या अब शिक्षकों का काम पढ़ाना नहीं, बल्कि हर सरकारी अभियान को पूरा करना रह गया है। सोशल मीडिया से लेकर विभागीय स्तर तक मामला तेजी से उछला और कई जिलों के शिक्षकों ने खुलकर विरोध दर्ज कराया।

शिक्षक संगठनों ने साफ संकेत दे दिए कि यदि इस तरह के आदेश वापस नहीं लिए गए तो आंदोलन तेज किया जाएगा। विवाद बढ़ता देख शिक्षा विभाग ने तुरंत डैमेज कंट्रोल शुरू किया। विभाग की ओर से सफाई दी गई कि पहले जारी पत्र की भाषा में त्रुटि थी, ■ शेष पेज 17 पर

जहरीली शराब का कहर, पुणे में 12 लोगों की दर्दनाक मौत

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

पुणे, 29 मई। महाराष्ट्र के पुणे में जहरीली शराब ने बड़ा कहर बरपाया है। हडपसर इलाके के पांढरे माला क्षेत्र में कथित रूप से जहरीली शराब पीने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों में एक ही परिवार के तीन सदस्य भी शामिल हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के मुताबिक शराब पीने के कुछ ही मिनट बाद लोगों को उल्टी, पेट दर्द और बेचैनी की शिकायत होने लगी। हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन कई लोगों की जान नहीं बचाई जा सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध हाथ भट्टी की शराब लंबे समय से इलाके में बेची जा रही थी। स्थानीय निवासी सुनंदा साबले ने बताया कि मरने वालों में अरुण, राहुल और यशवंत नाम के तीन लोग एक ही परिवार के थे।

शराब पीने के करीब दस मिनट बाद ही उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इलाके में खुलेआम अवैध शराब बिक रही है, लेकिन प्रशासन ने कभी सख्ती नहीं दिखाई। घटना के बाद महाराष्ट्र सरकार हरकत में आ गई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मामले को गंभीर बताते हुए पुणे और पिंपरी चिंचवड़ पुलिस आयुक्तों को संयुक्त जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा गया है।

मंत्री मनोज ने नवचयनित आंगनवाड़ी सहायिकाओं को वितरित किये नियुक्ति पत्र

आंगनवाड़ी केन्द्र केवल बच्चों के पोषण व शिक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि समाज के भविष्य को मजबूत बनाने की आधारशिला

रायबरेली, 29 मई (तरुणमित्र)। विधानसभा ऊँचाहार के अंतर्गत नव चयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा सिविल लाइन स्थित सूर्या होटल में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मा० मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उ०प्र० सरकार डॉ० मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख जगतपुर दल बहादुर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता उपस्थित रही।

मंत्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा ऊँचाहार क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड डलमऊ, दीनशाहगौरा, ऊंचाहार, जगतपुर एवं रोहनियां की 03-03 नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। जिसमें विधानसभा ऊंचाहार के अन्तर्गत विकास खण्ड डलमऊ की 103, दीनशाहगौरा 25, ऊँचाहार 73, जगतपुर 18 एवं रोहनियां 32 कुल 251 नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं विकास खण्ड डलमऊ की 196, दीनशाहगौरा 106, ऊँचाहार 147, जगतपुर 100 एवं रोहनियां 71 कुल 620 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन से लाभान्वित हुई।

मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह अवसर केवल नियुक्ति पत्र एवं स्मार्ट फोन वितरण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण, बाल विकास एवं डिजिटल सुशासन की दिशा में प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

उन्होंने नव नियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी समाज की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने जा रही हैं। आंगनबाड़ी केन्द्र केवल बच्चों के पोषण और शिक्षा का माध्यम नहीं हैं, बल्कि यह समाज के भविष्य को मजबूत बनाने की आधारशिला हैं। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण तथा बच्चों के प्रारंभिक विकास में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री राष्ट्र के लिए नव सृजन व नव निर्माण का कार्य कर रही है, बच्चों व महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में सेतु का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं माताओं का बेहतर स्वास्थ्य ही एक मजबूत और विकसित समाज की नींव है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश में महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण हेतु अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने का उद्देश्य यह है कि वे अपने कार्यों को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं सुगम तरीके से संचालित कर सकें। उन्होंने कहा कि स्मार्ट फोन वितरण से विभागीय योजनाओं की ऑनलाइन मॉनिटरिंग, लाभार्थियों का डेटा संकलन, पोषण ट्रैकिंग तथा शासन स्तर पर सूचनाओं के आदान-प्रदान में तेजी आएगी। डिजिटल तकनीक के माध्यम से सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से पहुंच सकेगा।

मंत्री ने नव नियुक्त सहायिकाओं से अपेक्षा की कि वे पूरी निष्ठा, संवेदनशीलता एवं समर्पण भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करें और शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। अंत में मंत्री ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि आप सभी अपने कार्यों के माध्यम से समाज एवं प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं महिला एवं बाल विकास योजनाओं के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। स्मार्ट फोन उपलब्ध कराए जाने से कार्यों में पारदर्शिता आएगी तथा योजनाओं की मॉनिटरिंग एवं लाभार्थियों तक सेवाओं की पहुंच और अधिक प्रभावी होगी। कार्यक्रम का संचालन एस0एस0 पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र कुमार सहित सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं उपस्थित रही।

डीएम-एसपी ने ईदगाह स्थल का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

रायबरेली, 29 मई (तरुणमित्र)। जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने डबल फाटक स्थित ईदगाह सहित विभिन्न प्रमुख स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने शहर के प्रमुख मार्गों, मस्जिदों के आसपास एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नमाज के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए तथा सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कराई जाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नमाज को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी की जा रही है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों से अपील की कि सभी लोग आपसी सौहार्द, शांति एवं भाईचारे के साथ पर्व मनाएं तथा प्रशासन का सहयोग करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

डीएम ने जनपदवासियों से की पूर्ण सतर्कता व सावधानी बरतने की अपील

रायबरेली, 29 मई (तरुणमित्र)। मौसम विभाग, उ०प्र० एवं राहत आयुक्त कार्यालय, लखनऊ द्वारा प्रदेश के कतिपय जनपदों के साथ-साथ जनपद रायबरेली में 28 मई 2026 से 30 मई 2026 तक तेज हवा (हवा की गति 80 से 90 झोकों से बढ़कर 100 किमी/घंटा), आंधी-तूफान, मेघगर्जन, बेमौसम भारी वर्षा एवं वज्रपात की संभावना व्यक्त की गई है।

तेज हवा, आंधी-तूफान, मेघगर्जन, बेमौसम भारी वर्षा एवं वज्रपात की संभावना

उक्त संभावित मौसमीय परिस्थितियों के दृष्टिगत जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने जनपदवासियों से अपील की गई है कि सभी नागरिक पूर्ण सतर्कता एवं सावधानी बरतें तथा किसी भी प्रकार की आपदा जनित स्थिति से बचाव हेतु प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने बताया गया कि आंधी-तूफान, तेज वर्षा एवं वज्रपात के दौरान थोड़ी सी लापरवाही भी जनहानि एवं दुर्घटना का कारण बन सकती है। मौसम खराब होने की स्थिति में अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें तथा अपने आसपास उपलब्ध सुरक्षित स्थानों की पहचान पहले से कर लें। यदि अचानक तेज आंधी, बारिश अथवा वज्रपात की स्थिति उत्पन्न हो जाए तो तत्काल किसी सुरक्षित पक्के भवन अथवा छत वाले स्थान पर शरण लें तथा खुले मैदान, सड़क, खेत, पेड़ अथवा बिजली के खम्भों के नीचे खड़े होने से बचें। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से किसानों, मजदूरों, पशुपालकों एवं खुले स्थानों पर कार्य करने वाले लोगों से अपील की है कि मौसम खराब होने पर तत्काल कार्य स्थगित कर सुरक्षित स्थानों पर चले जाएँ।

एनसीसी ग्रुप कमांडर ने संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का किया दौरा

रायबरेली, 29 मई (तरुणमित्र)। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव, वी एस एम ने एस डी पांडेय मेमोरियल कॉलेज डीघा में 66 उत्तर प्रदेश बटालियन एन एस सी रायबरेली के निर्देशन में चल रहे शिविर संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (उअळउ-213) का आधिकारिक दौरा किया।

प्रशिक्षण की समीक्षा कर कैडेटों को किया प्रेरित

शिविर स्थल पर पहुंचने पर ग्रुप कमांडर का स्वागत कर्नल उदय भानु , एस एम, कमान अधिकारी 66 उ0प्र0 बटालियन द्वारा किया गया । इसके बाद एनसीसी कैडेटों की एक उत्कृष्ट टुकड़ी ने ग्रुप कमांडर को गरिमापूर्ण 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया । ग्रुप कमांडर द्वारा कैडेट्स को संबोधित किया गया. कैडेट्स को संबोधित करते हुए ग्रुप कमांडर ने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय कैडेट कोर युवाओं में चरित्र निर्माण, अनुशासन और राष्ट्रीय एकता की भावना पैदा करने का एक सशक्त माध्यम है। इसके उपरांत कमान अधिकारी 66 उत्तर प्रदेश बटालियन एन सी सी द्वारा ग्रुप कमांडर को शिविर की प्रशासनिक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों और संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (उअळउ-213) के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस 10 दिवसीय शिविर में विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के 500 से अधिक कैडेट भाग ले रहे हैं । इसके बाद ग्रुप कमांडर ने कैम्प लोकेशन, रहने की व्यवस्था , चिकित्सा कक्ष और भोजन कक्ष की स्वच्छता और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तत्पश्चात कैम्प में सम्मलित समस्त एन सी सी कैडेट्स से मेलमिलाप किया एवं कहा कि ₹एनसीसी शिविर कैडेट्स की क्षमताओं को निखारने और उनको चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए डिजाइन किए जाते हैं ।

कमांडर ने प्रतिभागियों द्वारा दिखाए गए उच्च स्तर के अनुशासन और उत्साह की सराहना की । दौरे के समापन पर ग्रुप कमांडर ने कर्नल उदय भानु, एस एम , कमान अधिकारी ६६ उत्तर प्रदेश बटालियन एन सी सी रायबरेली को शिविर की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने एवं शिविर के सफल क्रियान्वयन के लिए किए गए अथक प्रयासों के लिए सराहना की।

संक्षिप्त समाचार

डीएम से की विद्युत विभाग की शिकायत

मथुरा, 29 मई (तरुणमित्र)। 54 से ज्यादा कॉलोनियों में बिजली संकट को लेकर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आरोप है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद लोगों को पूरी रात बिजली नहीं मिल रही। बिना बारिश और बिना मौसम खराब हुए भी लगातार कटौती की जा रही है। गुस्साए कॉलोनीवासियों ने बिजली विभाग और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। अधिकारियों ने जल्द समस्या समाधान का आश्वासन दिया है, लेकिन सवाल अब भी वही है आखिर करोड़ों रुपये गए कहां? गुरुवार को आई आंधी के बाद बिजली व्यवस्था और चरमरा गई। इससे पहले भीषण गर्मी में अधिक लोड के चलते बिजली की बार बार कटौती की जा रही थी। इसके बाद गर्मी से राहत मिली लेकिन आंधी ने विद्युत व्यवस्था को पटरी से उतार दिया।

एक छोटा सा काम भी खुशियां बांट देता है

मथुरा, 29 मई (तरुणमित्र)। अधिक मास के पावन अवसर पर आज खंडेलवाल महिला मंडल द्वारा श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ प्याऊ सेवा का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों एवं जरूरतमंद लोगों को ठंडा शरबत, मिल्क रोज पेय एवं ठंडा जल वितरित किया गया। साथ ही बच्चों एवं उपस्थित लोगों के लिए गुड़िया के बाल तथा मजेदार ड्रिंक बोतलों का भी वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में संस्था की सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए निस्वार्थ सेवा का संदेश दिया। आयोजन का उद्देश्य अधिक मास में पुण्य कार्यों के माध्यम से समाज सेवा एवं जनकल्याण की भावना को बढ़ावा देना रहा। राहगीरों ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया।

ईद-उल-अजहा पर डॉ. शशिकांत ने पेश की गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल

ईदगाह में लगाया सेवा शिविर, नमाजियों को पिलाया शरबत, इत्र लगाकर दी मुबारकबाद

रायबरेली, 29 मई (तरुणमित्र)। ईद-उल-अजहा के पावन अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव एवं न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने सांप्रदायिक सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक समरसता की मिसाल प्रस्तुत करते हुए शहर स्थित ईदगाह पर विशेष सेवा शिविर का आयोजन किया, जहां नमाज अदा करने पहुंचे लोगों के लिए ठंडे पानी एवं शरबत की व्यवस्था की गई।

नमाज संपन्न होने के बाद डॉ. शर्मा ने मुस्लिम समाज के लोगों को इत्र लगाकर, गले मिलकर ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद पेश की। इस अवसर पर डॉ. शशिकांत शर्मा ने कहा कि ₹भारत की पहचान उसकी विविधता और आपसी भाईचारे में निहित है। ईद-उल-अजहा त्याग, समर्पण एवं इंसानियत का पर्व है और गंगा-जमुनी तहजीब हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी विश्वास और सौहार्द को मजबूत करते हैं तथा सभी धर्मों और समुदायों के बीच एकता का संदेश देते हैं।

इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों, स्थानीय गणमान्य नागरिकों, शिक्षाविदों तथा बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ने पर उत्साह, मुख्यमंत्री का जताया आभार

हरदोई, 29 मई (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 06 माह के लिए बढ़ाए जाने के फैसले के बाद ग्रामीण जनप्रतिनिधियों में खुशी की लहर है।

इस ऐतिहासिक और जनहितकारी निर्णय का स्वागत करते हुए 'अखिल भारतीय प्रधान संगठन' के हरदोई जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह ने जनपद के समस्त प्रधानों की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित धन्यवाद ज्ञापन भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन को सौपा है।मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में जिलाध्यक्ष शरद कुमार सिंह ने कहा कि सरकार का यह फैसला अत्यंत सराहनीय है। इस निर्णय से ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों को निरंतरता मिलेगी और ग्रामीण विकास की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा।

सरकार के इस संवेदनशील और दूरदर्शी फैसले से हरदोई समेत प्रदेश के लाखों ग्राम प्रधानों और ग्रामीण जनता में हर्ष और उत्साह का माहौल है। संगठन ने विश्वास जताया है कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित करेगा।

डीएम की अध्यक्षता में जिला अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

रायबरेली, 29 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में ऑनलाइन मॉड्यूल के अनुसार निर्धारित समस्त 19 पैरामीटरों की संतृप्ति की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक के दौरान जनपद के उन 197 विद्यालयों की समीक्षा की गई, जिनके ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है। इस संबंध में विद्युत विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि 145 विद्यालयों में विस्थापन एवं संबंधित कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि शेष विद्यालयों में कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अवशेष विद्यालयों का कार्य भी शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए तथा जिन विद्यालयों में कार्य पूर्ण हो चुका है, उनका तत्काल सत्यापन सुनिश्चित कराया जाए।

विद्यालयों में विद्युत संयोजन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत विद्यालयों में विद्युत संयोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

बैठक में जनपद में संचालित नवीन के0जी0बी0वी0 (कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय) के उच्चीकरण कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत परियोजनाओं का निरीक्षण कराकर विभाग को विधिवत हैंडओवर कराया जाए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा से संबंधित आधारभूत सुविधाओं के विकास में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, उपायुक्त श्रम रोजगार प्रमोद सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, एआरटीओ उमेश कटियार, क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

'बालकों के सुरक्षित बचपन सुरक्षित भविष्य' विषय पर आयोजित किया शिविर

रायबरेली, 29 मई (तरुणमित्र)। उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा मा० जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित पाल सिंह के निदेर्शानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के की सचिव अनिशा के मार्गदर्शन में तहसील सदर के अंतर्गत ग्राम राही के पंचायत भवन में सुरक्षित बचपन सुरक्षित भविष्य विषय पर विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन संपन्न हुआ।

इस शरीर में पराविधिक स्वयंसेवक पवन कुमार श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित ग्राम वासियों को बताया गया कि बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए माता-पिता को घर और बाहर दोनों जगह सतर्क रहना चाहिए उन्हें अपना नाम पता और फोन नंबर याद करवाते हुए अनजान लोगों से सावधान रहना के तरीकों के सम्बन्ध में समय-समय पर बातचीत करते रहना चाहिए। इसके अतिरिक्त जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बच्चों को गुड टच और बैड टच के प्रति जागरुक करते हुए इंटरनेट और ऑनलाइन गेम के सीमित उपयोग हेतु प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। इस जागरुकता कार्यक्रम में पंचायत सेक्रेटरी द्वारा बताया गया कि अपने बच्चों को सही शिक्षा दे जिससे उनका भविष्य अच्छा बन सके।

पराविधिक स्वयंसेवक अजीत कुमार, पंचायत सेक्रेटरी अविनाश चंद्र सोनकर, रोजगार सेवक सुरेश कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती दयावती, विनोद कुमारी, सफाई कर्मचारी जग प्रसाद एवं ग्रामीण वासी उपस्थित रहे।

मथुरा एसएसपी की कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप

मथुरा, 29 मई (तरुणमित्र)। एसएसपी श्लोक कुमार की सख्ती से पुलिस महकमे में हडकंप है। एसएसपी ने सख्त तेवर दिखते हुए थाना प्रभारी को लाइन हाजिर किया है। वहीं एसआई व दो मुख्य आरक्षियों के खिलाफ निलंबन की कार्यवाही की गई है। एसएसपी के ओर से की गई कार्यवाही में कहा गया है कि 27 मई को मुख्य आरक्षी कमलेश कुमार यातायात की सुनरख तिराहा वैरियर पर इस निर्देश के साथ लगायी गयी थी ताकि परिक्रमा मार्ग पर कोई भी वाहन तथा ई रिक्शा न जा सके, एशियन बिल्डिंग की तरफ अधिक संख्या में ई रिक्शा तथा वाहनों को बिना अनुमति के मुख्य आरक्षी कमलेश कुमार द्वारा आने दिया गया जिससे परिक्रमा मार्ग पर काफी अव्यवस्था उत्पन्न हो गयी। जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा द्वारा मुख्य आरक्षी कमलेश कुमार को प्रारम्भिक रुप से दोषी मानते हुए निलम्बित किया जाता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दो प्रशिक्षण वर्ग प्रारम्भ

मथुरा, 29 मई (तरुणमित्र)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ब्रज प्रान्त के दो प्रशिक्षण वर्ग दीनदयाल गो विज्ञान अनुसंधान केन्द्र फरह परखम में 28 मई से प्रारम्भ हुए। संघ शिक्षा वर्ग कार्यकताओं की आयु वर्ग के अनुसार अलग अलग लगाए जाते हैं। पहला संघ शिक्षा वर्ग सामान्य ,जिसमें 16 वर्ष से 40 वर्ष तक के कार्यकर्ता प्रशिक्षण लेने के लिये पूरे ब्रज प्रान्त से आये हैं ।जिनकी संख्या 300 के करीब है जो 15 दिन तक लगातार देश सेवा के गुर सीखेंगे और एक व्यवस्थित दिनचर्या का पालन करेंगे जिसे वह अपने जीवन मे उतार सकें ।जिसे महाविद्यालयी तरुण कार्यकर्ता सामान्य वर्ग नाम दिया गया है। दूसरा वर्ग जिसे विशेष वर्ग बोलते हैं। इंसमे 40 वर्ष से 65 वर्ष आयु वर्ग तक के करीब 200 कार्यकर्ता ब्रज प्रान्त के विभिन्न जिलों से आकर भाग ले रहे हैं।

प्रधानों ने उद्यान मंत्री का जताया आभार भाजपा को जिताने का लिया संकल्प

रायबरेली, 29 मई (तरुणमित्र)। प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम प्रधानों के कार्यकाल में छह माह की वृद्धि किए जाने पर जनपद के प्रधानों ने राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उत्तर प्रदेश सरकार दिनेश प्रताप सिंह का आभार जताया। बुधवार को पंचवटी स्थित शिवालय में आयोजित कार्यक्रम में रायबरेली सहित प्रदेशभर के ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री के निर्णय का स्वागत किया।

मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने ग्राम प्रधानों का सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने भरोसा जताया कि आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में प्रधान इस फैसले का समर्थन भाजपा के पक्ष में जनसमर्थन के रूप में देंगे। उन्होंने कहा कि रायबरेली की छहों विधानसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए प्रधान पूरी ताकत से काम करेंगे।

कार्यक्रम में प्रधान संघ अध्यक्ष बछरावां अरुण चौधरी, हरचंदपुर के रामचंद्र पासवान, लालगंज के राजेश सिंह, सलोन के राम कुमार जायसवाल, डीह के फूलचंद अवस्थी, सरेनी के मनोज सिंह तथा महाराजगंज के अरुण सिंह सहित विभिन्न विकास खंडों के प्रधान, ब्लॉक प्रमुख और जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाई सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 860वीं जयंती

रायबरेली, 29 मई (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश के रायबरेली जनपद स्थित जिला पंचायत सभागार में गुरुवार को सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्मारक समिति द्वारा वीर सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 860वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश रीवा से भारतीय सेना के सेवानिवृत्त कारगिल योद्धा संजय सिंह बघेल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला जज राज बहादुर सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी अंजू लता (आईएएस) तथा नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने की।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के स्वागत से हुई। इसके बाद शहीद चौक पहुंचकर

रायबरेली के शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिला पंचायत सभागार में दीप प्रज्वलन एवं भगवान श्रीराम तथा सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। नन्हीं कलाकार अवनी द्वारा प्रस्तुत कत्थक नृत्य ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए गणमान्य लोगों, पूर्व सैनिकों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक कुंवर आजाद सिंह, डॉ. एमपी सिंह, महेंद्र अग्रवाल, चौधरी बालेश्वरन, वीरेंद्र सिंह, राजेश सिंह, मुन्ना सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के वरिष्ठजन, युवा एवं मातृशक्ति उपस्थित रही। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भारतीय सेना के पूर्व सैनिकों की उपस्थिति रही, जिनका विशेष सम्मान किया गया।

समारोह के अंत में समिति के अध्यक्ष जी.सी. सिंह चौहान, उपाध्यक्ष एसपी सिंह चौहान, महासचिव नरेन्द्र सिंह फौजी सहित सभी पदाधिकारियों ने उपस्थित अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। महासचिव नरेन्द्र सिंह फौजी ने कहा कि राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित महापुरुषों की स्मृतियों को संजोने का कार्य निरंतर जारी रहेगा।

सनकी अपराधीः सिगरेट न देने पर अयोध्या के भाजपा नेता की पीटकर हत्या

- लखनऊ आये थे पार्टी करने, क्लब से निकले बाहर, तीन बाइक सवारों ने मांगी थी सिगरेट
- विभूतिखंड इलाके का मामला, कठौता झील के पास ईंट-पत्थर से सिर कूचा, दोस्त छोड़कर भागे

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। विभूतिखंड इलाके में अयोध्या के भाजपा नेता की हत्या कर दी गई। सिगरेट न देने पर नाराज होकर बाइक सवार तीन युवकों ने मारपीट की और फरार हो गए। कुछ देर बाद दोबारा लौटे तो ईंट-पत्थरों से हमला कर सिर कूच दिया। साथ आए दोस्त भाजपा नेता को सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए। गंभीर हालत में मिले भाजपा नेता ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

परिवार ने दोस्तों और ड्राइवर पर साजिश करने का आरोप लगाया है। घटना विभूति खंड थाना क्षेत्र के जलवा क्लब के बाहर की है। भाजपा नेता की पहचान 28 साल के शिवम सिंह के रूप में हुई। वह अयोध्या में रामनगर धौरहरा गांव के रहने वाले थे। भाजपा युवा मोर्चा के जिला कमेटी सदस्य थे।

इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह ने बताया, शिवम सिंह 25 मई को अपने दोस्तों नीलेश और जीशान के साथ पार्टी करने लखनऊ आए थे। देर रात तक सभी ने विभूति खंड स्थित जलवा क्लब में पार्टी की। 26 मई सुबह करीब तीन बजे सभी क्लब से बाहर निकले। क्लब के बाहर बाइक सवार तीन युवकों ने शिवम से सिगरेट मांगी। शिवम ने एक बार उन्हें सिगरेट दे दी। तीनों युवकों ने दोबारा सिगरेट मांगी तो शिवम ने देने से मना कर दिया। इस पर तीनों युवकों ने उनकी पिटाई कर दी और बाइक से भाग गए। शिवम ने अपने परिचित आशीष को कॉल करके झगड़े की जानकारी दी। आशीष ने उनसे विवाद खत्म करके घर जाने के लिए कहा। इसके बाद शिवम अपने दोस्तों के साथ घर जाने लगे। रास्ते में कठौता झील रोड पर एलपीएस स्कूल के पास बाइक सवार तीनों युवक दोबारा आ गए। उन्होंने शिवम की कार पर ईंट-पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। इससे उन्हें कार रोकनी पड़ी। शिवम कार से बाहर निकले। युवकों ने उन पर ईंट-पत्थर से हमला किया। ईंट लगने से उनका सिर फट गया। वह खून से लथपथ होकर सड़क पर गिर गए। तीनों हमलावर मौके से भाग गए। शिवम के दोस्त भी उन्हें सड़क पर छोड़ चले गए। राहगीर ने पुलिस को दी सूचना 26 मई को तड़के करीब 4 बजे शिवम को खून से लथपथ देखकर एक राहगीर ने पुलिस को कॉल किया। पुलिस शिवम को डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल ले गई। स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें गोमती नगर के केएनएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनका आईसीयू में इलाज चल रहा था। 27 मई की रात करीब 12 बजे शिवम की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों की शिकायत पर 27 मई को दोपहर में अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज हुआ था। शिवम की मौत के बाद अब हत्या में बदल जाएगा। अंजान व्यक्ति ने किया था फोन शिवम सिंह के छोटे भाई सौरभ सिंह ने बताया कि 26 मई सुबह 4 हमें घटना की जानकारी मिली। सुबह करीब 7 बजे के आसपास हम लोग लोहिया अस्पताल पहुंचे। शिवम की हालत ठीक नहीं थी, तो उनको प्राइवेट हॉस्पिटल पर लेकर गए। प्राइवेट हॉस्पिटल में जब एडमिट कराया गया, तब उनका इलाज चालू हुआ। इसके बाद हम लोगों ने पुलिस को पूरी बात बताई। सौरभ ने बताया कि अनजान व्यक्ति ने मुझे फोन किया था और 112 को सूचना दी गई थी। 27 मई को दोस्त नीलेश थाने पहुंचा आयुष ने बताया कि पुलिस के कॉल करने पर 27 मई को नीलेश थाने आया। उसने सिगरेट को लेकर हुए विवाद के बाद घटना होने की जानकारी दी। उसने बताया कि डरकर वह और अन्य दोस्त शिवम को मौके पर छोड़कर भाग गए थे। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने जलवा क्लब के सीसीटीवी चेक किए हैं। अभिषेक प्रताप सिंह ने कहा कि लखनऊ पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं।

छीना झपटी में युवक के पैर में लगी गोली ट्रॉमा सेंटर में भर्ती

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। शुक्रवार हजरतगंज इलाके में एक युवक को गोली मार दी गई। हालांकि, छीना-झपटी और बचाव में गोली उसके पैर में लगी, जिससे जान बच गई। घायल युवक का इलाज ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। उसकी पहचान हजरतगंज निवासी विभु शुक्ला के रूप में हुई है। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चंद घंटों के भीतर गोली चलाने वाले आरोपी युवक मोहम्मद वाजिद को हिरासत में ले लिया। उसने मोहम्मद शफीक के कहने पर गोली चलाई। शफीक ने ही विभु को बुलाया था। घायल विभु ने बताया कि शफीक ने फोन करके उसे त्योहार मनाने के बहाने बुलाया था। पहुंचते ही उसने गाली देनी शुरू कर दी। अपने साथी वाजिद से बोला कि निकाल तमंचा और मार इसे गोली। इसके बाद शफीक मुझे पकड़ने लगा और वाजिद ने .315 बोर के तमंचे से फायर कर दिया। वारदात के बाद दोनों भाग गए। भागने से पहले शफीक ने मेरे कान में कहा कि अगर इस घटना के बारे में किसी को बताया तो बहुत बुरा होगा। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहनता से जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल घायल युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

महिला दरोगा ने ससुर पर लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

- पारा इलाके का मामला
- पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। पारा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला दरोगा ने अपने ससुर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। महिला दरोगा का आरोप है कि दुष्कर्म के बाद जहर खिलाने और फायरिंग कर जान लेने की कोशिश भी की गई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई नहीं की।

गायत्रीपुरम निवासी पीड़िता प्रयागराज में दरोगा पद पर तैनात है। पुलिस को दी तहरीर में बताया उसकी शादी 14 फरवरी 2025 को एक युवक से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष उसे जातिसूचक टिप्पणियां कर प्रताड़ित करने लगा। वह चौरसिया हैं, जबकि पति ठाकुर है। इसी बात को लेकर आए दिन उसे अपमानित किया जाता था। नौकरी करने को लेकर भी परिवार में विवाद रहता था और उस पर दबाव बनाया जाता था। कुछ समय बाद उसके ससुर का व्यवहार बदल गया और वह उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगे। विरोध करने पर लाइसेंसी हथियार दिखाकर धमकाया। ससुर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जब उसने इसकी शिकायत अपने पति से की तो उसने कोई विरोध नहीं किया। उल्टा सास और ननद ने उसे ही चुप रहने के लिए दबाव बनाया। 19 जनवरी 2026 को उसके पति ने उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर उसे चूहे मारने वाला जहर खिला दिया गया और कमरे में बंद कर दिया गया। किसी तरह उसने अपने पिता को फोन कर सूचना दी। जिसके बाद उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता का आरोप है कि बाद में जब उसके पिता समझौते के लिए ससुराल पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। पति ने लोहे की रॉड से हमला किया और रिवॉल्वर निकालकर जान से मारने की कोशिश की। पीड़िता के अनुसार 25 मई की सुबह पति ने उस पर भी फायरिंग की। जिससे वह बाल-बाल बच गई और छत के रास्ते भागकर अपनी जान बचाई। वह पिछले चार दिनों से लगातार थाने के चक्कर लगा रही है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उसने स्थानीय पुलिस पर ससुराल पक्ष से मिलीभगत का आरोप लगाया है। मामले में एसीपी काकोरी शकील अहमद ने बताया कि मामला संज्ञान में हैं। जांच की जा रही है।

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मोहनलालगंज, लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र जबरैला पुल के पास भारत पेट्रोल पंप के सामने गुरुवार की शाम तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक सामने से टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गये और बाइक सवार गंभीर घायल होकर सड़क पर जा गिरा राहगीरो की मदद से घायल युवक को मोहनलालगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए दोनों वाहनों को थाने में खड़ा करा दिया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्नाव जनपद के थाना असोहा क्षेत्र के ग्राम सरवन निवासी राम सगार पुत्र सोमनाथ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र बबलू गुरुवार शाम सिसेंडी से मोटरसाइकिल संख्या वढ 32 फ्ढ 4712 से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के जबरेला पुल के पास भारत पेट्रोल पम्प के सामने तेज रफ्तार आल्टो कार वाहन संख्या वढ 41 द 8808 ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार चालक लापरवाही और तेज गति से वाहन चला रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार बबलू गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस 108 की सहायता से घायल युवक को अस्पताल भेजा, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और कार दोनों को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया है इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दोनों वाहनों को थाने में खड़ा कराते हुए मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

गोमती नदी में डूबकर युवक की मौत

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। शुक्रवार ठाकुरगंज इलाके में गोमती नदी में एक युवक का शव मिला है। पुलिस ने शव की फोटो सोशल मीडिया पर डाली तब परिजनों को उसके मौत की जानकारी मिली। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि वह घर से अकेले दुकान जाने की बात कहकर निकला था। नदी तक कैसे पहुंचा नहीं पता। पूरा मामला ठाकुरगंज थाना क्षेत्र स्थित कुड़ियाघाट का है। मृतक की पहचान फैजुल्लागंज निवासी 28 वर्षीय अनुराग दीक्षित के रूप में हुई है। परिजनों ने इस मामले में ठाकुरगंज थाने में तहरीर देकर जांच की मांग की है। मृतक के भाई ज्ञानेंद्र कुमार दीक्षित ने बताया कि अनुराग चौक इलाके में एक कपड़े की दुकान पर काम करता था। गुरुवार सुबह वह रोज की तरह काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद सोशल मीडिया के जरिए परिवार को उसके डूबने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही परिजन पुलिस के संपर्क में पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि जब अनुराग घर से निकला था, तब उसके पास मोबाइल फोन, पर्स और कपड़े थे, लेकिन पुलिस को जब शव मिला तो उसके पास से मोबाइल, कपड़े और अन्य सामान गायब थे। इसे लेकर परिवार ने पूरे मामले की जांच की मांग की है। पुलिस के मुताबिक युवक कुड़ियाघाट में नहाते समय डूब गया था। उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर केजीएमयू ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कुत्ते को पीट-पीटकर मार डाला, शव को नहर में फेंका

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। बिजनौर इलाके में युवक ने लोहे की रॉड से पीट-पीटकर कुत्ते को मार डाला। उसके शव को घसीटते हुए नहर में ले जाकर फेंक दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। घटना बिजनौर थाना क्षेत्र स्थित नटकुर गांव की है। आरोपी की पहचान गांव के ही रमन गौतम के रुप में हुई है। रमन राजगीर मिस्त्री है।

पुलिस के अनुसार, नटकुर गांव निवासी रमन गौतम मंगलवार सुबह अपने खेत से एक मोर का बच्चा घर ले आया था। मंगलवार शाम को उसके घर के बाहर एक कुतिया ने मोर के बच्चे को पकड़कर मार डाला। इस घटना से रमन गौतम क्रोधित हो गया। कुछ देर बाद रमन ने गांव की एक गली में बैठी कुतिया पर लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पिटाई से कुतिया की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद रमन ने ढाई सौ मीटर तक उसके पैर को पकड़कर घसीटते हुए नहर में फेंक दिया। घटना के समय मौजूद कुछ लोगों ने रमन का विरोध भी किया, लेकिन उसने उनकी बात नहीं मानी। बाद में घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और पुलिस को इसकी सूचना दी गई। बिजनौर प्रभारी निरीक्षक कपिल गौतम ने बताया कि गुरुवार सुबह आरोपी रमन गौतम को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है।

साथियों संग घात लगाकर किया हमला

मोहनलालगंजलखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। मोहनलालगंज कस्बे में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान संचालित करने वाले युवक पर उसके ही यहां काम सीखने वाले युवक ने साथियों संग मिलकर जानलेवा हमला कर दिया।

आरोप है कि पहले आरोपी ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी और फिर सुनसान इलाके में साथियों के साथ घात लगाकर दुकानदार की कार पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। पीड़ित ने किसी तरह मौके से भागकर अपनी जान बचाई। वही पीड़ित ने मोहनलालगंज कोतवाली पहुंच कर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की वही पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के मरूई गांव निवासी नागेंद्र पुत्र हरिप्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह मोहनलालगंज कस्बे में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान चलाते हैं। उन्नाव जनपद के ठकुराइन खेड़ा चौपाई निवासी अमन पुत्र कन्धई पिछले करीब दो माह से उनकी दुकान पर मोबाइल रिपेयरिंग का काम सीख रहा था।पीड़ित के मुताबिक बीते 11 मई को किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई थी। इस दौरान डांट-फटकार लगाने पर अमन नाराज हो गया और जाते समय जान से मारने की धमकी दी। नागेंद्र ने बताया कि घटना की जानकारी उन्होंने अमन की मां को फोन कर दी थी, जिससे नाराज होकर अमन ने दोबारा फोन कर कहा कि ह्तुम्हें जान से मार देंगे, मेरे पास बहुत लड़के हैं।धमकी से डरे नागेंद्र ने फोन काट दिया।आरोप है कि बीते शनिवार की रात दुकान बंद कर नागेंद्र अपनी कार से घर लौट रहे थे। तभी भागूखेड़ा गांव से आगे जंगल के पास अमन अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ पहले से घात लगाए खड़ा मिला। जैसे ही उनकी कार वहां पहुंची, आरोपियों ने वाहन रोकने का प्रयास किया। नागेंद्र ने जान बचाने के लिए कार आगे बढ़ाई तो आरोपियों ने कार पर ईंट-पत्थरों से हमला शुरू कर दिया। हमले में कार क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि नागेंद्र किसी तरह मौके से भाग निकले।घटना की सूचना मिलने पर मोहनलालगंज कस्बा इंचार्ज अतुल सिंह ने पुलिस टीम को आरोपियों की तलाश में भेजा, लेकिन सभी आरोपी घर छोड़कर फरार मिले।इंस्पेक्टर बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

भूसा एकत्रीकरण में छूटा पसीना

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। शिक्षकों के पास बच्चों पढ़ाने के साथ ही कई अन्य सरकारी कार्यों में लगाया जाता है। इन दिनों जनगणना कार्य में घर घर दस्तक दे रहे हैं। इसीबीच पशुपालन विभाग के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारियों द्वारा सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर भूसा दान में सहयोग करने की अपील की गयी है। मसलन गोवंश स्थलों मे भूसे की कमी बरकरार है। इसके पीछे कारण यह है कि अब गेहूं की कटाई कंबाइन से होती है जिसमें भूसा कम निकलता है। निराश्रित गोवंशों के लिए भूसा दान को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी की ओर से 22 मई को जारी पत्र में निराश्रित गोवंश के भरण-पोषण के लिए भूसा दान की अपील की गई थी। यह कदम जीव-कल्याण के प्रति मानवीय संवेदना के तहत उठाया गया था, इसे किसी प्रकार के दबाव या आदेश के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए था।

बदायूं केस की लखनऊ में गूंज, निकाला कैंडल मार्च

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। तरुणमित्र। लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को गेट नंबर 1 से गेट नंबर 3 तक बदायूं केस की पीड़िता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कैंडल मार्च निकाला गया। इस मार्च का उद्देश्य पीड़िता को याद करना, समाज में जागरूकता फैलाना तथा महिलाओं की सुरक्षा और न्याय के प्रति संवेदनशीलता को मजबूत करना था। इस अवसर पर युवाओं और छात्रों ने भाग लिया तथा शांतिपूर्ण तरीके से अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मार्च के दौरान न्याय, जागरूकता और सुरक्षित समाज जैसे संदेशों को प्रमुखता से उठाया गया।

कैंडल मार्च के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने कहा कि समाज में जागरूकता और संवेदनशीलता का निर्माण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। किसी भी समाज की प्रगति तभी संभव है जब महिलाएं स्वयं को सुरक्षित महसूस करें और न्याय व्यवस्था पर लोगों का विश्वास मजबूत हो। राष्ट्रीय महामंत्री अभिनव तिवारी से जब पूछा गया कि क्या आजकल महिलाओं के कपड़े अश्लील हो गए हैं? तो उन्होंने जवाब दिया कि इंसान की सोच अश्लील हो सकती है, लेकिन महिलाओं के कपड़े नहीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को किसी पहनावे से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि समाज की सोच और संस्कारों में सुधार सबसे अधिक आवश्यक है।

चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर किसानों के मसीहा को किया नमन

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, प्रखर किसान नेता और स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी योद्धा चौधरी चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि पर आज लखनऊ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर एयरपोर्ट प्रशासन और कर्मचारियों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। ग्रामीण भारत की आवाज थे 'चौधरी साहब' हवाई अड्डे पर स्थित चौधरी चरण सिंह के स्मारक पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने चौधरी साहब के उन मूल्यों को स्मरण किया, जो सादगी, संघर्ष और जनसेवा की मिसाल थे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की धड़कन थे।

मलिहाबाद कसमंडी कलां में प्रशासन कराये एएसआई जांच

- राजस्व के अभिलेखों में दर्ज रिकॉर्ड को ही माना जाए सही
- समाजवादी छात्र संघ के महासचिव मनोज पासवान ने की प्रेसवार्ता

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। शुक्रवार मलिहाबाद स्थित कसमंडी कलां लगातार विवादों के घेरो में आता जा रहा है। इसे लेकर समाजवादी छात्र सभा के महासचिव मनोज पासवान ने हजरतगंज स्थित डॉ भीम राव अम्बेडकर छात्रावास में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा है कि यह विवाद धार्मिक उन्माद को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन और सरकार से इस मामले में एएसआई जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि यह जांच न हो तो राजस्व अभिलेखों के आधार पर जिसके नाम संपत्ति दर्ज है,उसे यह सौंपा जाए।

बीते मंगलवार अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने जमकर हंगामा काटा था। हिंदू महासभा के लोगों का कहना था कि यह मस्जिद नहीं, हिंदू नेता कंसा पासी का किला है। संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुवेर्दी ने कहा था कि लोगों के विरोध के बाद मौलाना जमील अहमद उर्फ जॉनी क्यों भाग गया? वहीं, बढ़ते तनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने एहतियात के तौर पर यहां बकरीद की नमाज करने पर पाबंदी लगा दी थी। पूरा मामला मलिहाबाद तहसील क्षेत्र के कसमंडी कला गांव में एक किले जैसे पुराना ढांचे से जुड़ा है। गांववालों के अनुसार, यहां करीब 4 साल पहले जमील अहमद उर्फ जॉनी नाम का मौलाना आया। उसने ढांचे के बगल में ही मस्जिद बना ली और मदरसा चलाने लगा। इतना ही नहीं, उसने किले वाले ढांचे का भी इस्तेमाल शुरू कर दिया। किला वाले ढांचे को लोग ऐतिहासिक कंसा पासी का किला बता रहे हैं। कंसा पासी के नाम पर ही गांव का नाम कसमंडी पड़ा था। गांववालों के मुताबिक, मौलाना की गतिविधियां संदिग्ध लगीं तो पासी समाज के लोगों ने उसका विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद मौलाना यहां से 21 मई को भाग गया। विवाद बढ़ता देख मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। अब समाजवादी छात्र सभा ने देश के आजादी के बाद तैयार किए गए राजस्व अभिलेखों के अनुसार ही निर्णय लेने की माँग की है।

जिला समन्वयकों का प्रशिक्षण एक जून से

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। तरुणमित्र । निपुण भारत मिशन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए मिशन एवं जिला समन्वयक प्रशिक्षण के लिए 1 और 2 जून को ओजित किया गया है।इस प्रशिक्षण का उद्देश्य निपुण भारत मिशन और गुणवत्ता शिक्षा संवर्धन से जुड़ी गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन, अनुश्रवण और मूल्यांकन व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना है। बच्चों की सीखने की बुनियादी क्षमता को सुदृढ़ करने का व्यापक अभियान है। ऑपरेशन कायाकल्प, स्मार्ट क्लास, डिजिटल मॉनिटरिंग, ई-कंटेंट और निपुण भारत मिशन जैसे अभियानों के माध्यम से परिषदीय शिक्षा व्यवस्था में बड़े परिवर्तन लाए गए हैं। पहले बैच का प्रशिक्षण 1 जून को होगा, जिसमें आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बरेली, बस्ती, देवीपाटन, गोरखपुर, चित्रकूट मंडल के जिलों के प्रतिभागी शामिल होंगे।

आस्था पर संकटः चौघट्टी देवी मंदिर के पास अवैध खनन, धंस सकती जमीन!

- नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से बेसमेंट की खुदाई की जा रही
- शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल और जिलाधिकारी से कर कार्रवाई की मांग

बख्शी का तालाब, 29 मई (तरुणमित्र)। इटौंजा में स्थित ऐतिहासिक चौघट्टी देवी मंदिर के समीप इन दिनों नियमों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से बेसमेंट की खुदाई की जा रही है। बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के दिन-रात चल रही जेसीबी मशीनों ने इस पूरे क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को खतरे में डाल दिया है। गहरी खुदाई से निकली अनमोल मिट्टी को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के जरिए ऊंचे दामों पर खुलेआम बेचा जा रहा है, जिससे एक तरफ जहां सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ इस अवैध मिट्टी कारोबार से पूरे क्षेत्र में हड़कंप का माहौल है।

चौघट्टी देवी मंदिर स्थानीय नागरिकों की गहरी आस्था का मुख्य केंद्र है। मंदिर के बिल्कुल करीब हो रही इस अंधाधुंध खुदाई के कारण अब आसपास की जमीन धंसने का गंभीर खतरा पैदा हो गया है।स्थानीय ग्रामीण रमेश कुमार, सर्वेश कुमार और राम सिंह ने सामूहिक रूप से गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि,यह हमारी आस्था के साथ-साथ हमारी सुरक्षा पर भी बड़ा हमला है। जेसीबी मशीनें इतनी गहराई तक जमीन खोद चुकी हैं कि कभी भी मंदिर परिसर की दीवारें या मुख्य ढांचा ढह सकता है। हमने इसकी मौखिक शिकायत भी की, लेकिन प्रशासनिक मिलीभगत के कारण भ्रष्ट जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। अगर इस अवैध खनन को तुरंत नहीं रोका गया, तो हम सभी ग्रामीण तहसील मुख्यालय का घेराव कर उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।मामले की गंभीरता को देखते हुए जब मौके पर मौजूद खुदाई करवा रहे आरोपी पक्ष के मुख्य ठेकेदार और जमीन मालिक से बात की गई, तो उन्होंने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।आरोपी पक्ष के प्रतिनिधि ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि,यह हमारी पैतृक और निजी भूमि है, जिस पर हम व्यापारिक परिसर के निर्माण हेतु बेसमेंट की खुदाई करा रहे हैं। हमारा उद्देश्य मंदिर को नुकसान पहुंचाना या अवैध खनन करना बिल्कुल नहीं है। अनुमति से जुड़े कुछ कागजात प्रक्रिया में हैं और जल्द ही मिल जाएंगे। हम सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रख रहे हैं ताकि, किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके। ग्रामीणों के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। स्थानीय पुलिस और खनन विभाग के अधिकारियों की रहस्यमयी चुप्पी को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए जा रहे है। दिन-रात सैकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अवैध मिट्टी लेकर मुख्य मार्गों से गुजर रही हैं, लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने अभी तक मौके पर पहुंचकर जांच करने की जहमत नहीं उठाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों को इस अवैध कारोबार का बड़ा हिस्सा पहुंच रहा है, इसीलिए कार्रवाई के बजाय सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। अब क्षेत्र की जनता ने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल और लखनऊ जिलाधिकारी से कर तुरंत निष्पक्ष जांच और दोषियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की है।

प्रदेश अध्यक्ष के बचाव में उतरी कांग्रेस

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बचाव में कांग्रेस उतर आयी है। इस बाबत पार्टी ने आज प्रदेश के सभी मण्डलों में प्रेसवार्ता कर अपने नेता को पाक साफ बताया साथ ही सत्तासीन भाजपा पर षडयंत्र रचाने का आरोप मढ़ा। इसी क्रम में शुक्रवार को पाटीमुख्यालय पर पत्रकार वार्ता करते हुए मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ0 सी0पी0 राय ने सरकार के मंत्रियों, सांसदों एवं विधायकों की संपत्तियों की जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी अपराधिक घटना होती है वहा अजय राय पहुंचकर पीड़ितों का कुशलक्षेम व घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी एवं हरसंभव मदद करते हैं।

डा सीपी राय ने कहा कि गत दिनों महोबा में अपराधियों द्वारा एक दलित छात्रा का अपहरण कर 16 दिनों तक बंधक बनाकर न सिर्फ दुष्कर्म किया गया बल्कि उसके साथ नरभक्षीय व्यवहार भी किया गया। इतनी बड़ी अमानवीय घटना पर सरकार का कोई नुमाइंदा पीड़िता के घर तक नहीं पहुँचा किन्तु जब प्रदेश अध्यक्ष उसके घर जा रहे थे तो प्रशासन द्वारा उन्हें जबरिया रोकने की हर संभव कोशिश की गई मगर वह किसी तरह पीड़िता के घर पहुँचे और इस अमानवीय घटना के विरोध में सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जिससे भाजपा सरकार पूरी तरह से बौखला गई और न सिर्फ एआई जेनरेटेड वीडियो बनाकर उसे वायरल किया जा रहा है। भाजपा सरकार जब संतुष्ट नहीं हुई तो उसने अजय राय की आवाज दबाने, उत्पीड़न करने और लोकतांत्रिक अधिकारों का गला घोंटने के उद्देश्य से अनवरत भाजपा सरकार के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों एवं नेताओं द्वारा बकायदा प्रेसवार्ता करके प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष संपत्ति की जांच की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि हास्यास्पद यह है कि आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी यह सरकार और उनके मंत्री, सांसद और विधायक अजय राय की संपत्ति की जांच की मांग कर रहें हैं ।

कांग्रेस नेता ने कहा कि दो दिनों पूर्व ही आगरा नगर निगम ने प्राइवेट बिजली कंपनी टोरेंट का 430 करोड़ रुपए माफ किए हैं, इसके पहले हजारों करोड़ रुपए पूंजीपतियों के माफ कर उनसे भाजपा ने वसूली की है। कांग्रेस पार्टी बहुत पहले से ही यह सिद्ध कर चुकी है कि भाजपा सरकार काम लो-चंदा दो, तथा ईडी, आयकर, सीबीआई के छापों से वसूली की नीति बना चुकी है। मिड-डे मील से लेकर सड़कों तक, अस्पताल की दवाईयों से लेकर मनरेगा तक चारो तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

तरुणमित्र

श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

शनिवार, 30 मई 2026

विक्रम संवत्- 2083, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी

गिरता रुपया!

वर्तमान समय में भारतीय रुपया एशियाई मुद्राओं में सबसे कमजोर साबित हो रहा है। 2026 में डॉलर के मुकाबले रुपया 95-96 के ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया है, जबकि अन्य एशियाई मुद्राएं डालर मूल्य के सापेक्ष मजबूती दिखा रही हैं। चीनी युआन ने सकारात्मक रिटर्न दिया है, जापानी येन, कोरियाई वॉन, इंडोनेशियाई रुपिया आदि की तुलना में रुपए की गिरावट सबसे तेज रही है। यह स्थिति चिंताजनक है और आर्थिक नीतियों, वैश्विक परिस्थितियों तथा संरचनात्मक कमजोरियों का परिणाम है। सबसे प्रमुख कारण तेल की बढ़ती कीमतें हैं। भारत अपनी 80% से अधिक कच्चे तेल की जरूरत आयात पर निर्भर है, मुख्यतः मध्य पूर्व से। ईरान-अमेरिका तनाव और पश्चिम एशिया संकट ने क्रूड ऑयल की कीमतों को आसमान छू लिया, जिससे भारत का आयात बिल बढ़ा, चालू खाता घाटा चौड़ा हुआ और डॉलर की मांग बढ़ी। जब तेल महंगा होता है तो रुपए पर दबाव स्वाभाविक है। दूसरा बड़ा कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का पलायन है। 2026 में बाहरी निवेशकों ने भारतीय इक्विटी से अरबों डॉलर निकाले। वैश्विक अनिश्चितता, अमेरिकी फेड रिजर्व की नीतियां और भारतीय बाजारों में डालर सापेक्ष कमजोर रिटर्न ने निवेशकों को आकर्षित नहीं किया। परिणामस्वरूप डॉलर की मांग बढ़ी और रुपया दबाव में आया। अन्य एशियाई देशों जैसे चीन, वियतनाम या इंडोनेशिया में निर्यात-उन्मुख विकास और बेहतर पूंजी प्रवाह ने उनकी मुद्राओं को सहारा दिया। संरचनात्मक समस्याएं भी कम महत्वपूर्ण नहीं। भारत का विनिर्माण निर्यात अभी भी कमजोर है। सेवा क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता ने मुद्रा को संवेदनशील बना दिया है। निजी निवेश सकल उत्पाद का मात्र 8-10% रह गया है। मुद्रा नीति में रिजर्व बैंक आफ इंडिया का हस्तक्षेप (डॉलर बिक्री) विदेशी मुद्रा भंडार को घटा रहा है, जो अल्पकालिक राहत देता है लेकिन दीर्घकालिक समाधान नहीं। अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाएं जैसे दक्षिण कोरिया, ताइवान और सिंगापुर प्रौद्योगिकी, विनिर्माण और व्यापार अधिशेष पर मजबूत खड़ी हैं, जिससे उनकी मुद्राएं स्थिर रहती हैं। यहां तक की पाकिस्तान का रुपया भी अपनी जगह मंजबूती बनाये हुये है, इसमें वैश्विक कारक भी प्रभावी हैं। मजबूत अमेरिकी डॉलर इंडेक्स, भू-राजनीतिक जोखिम और वैश्विक जोखिम से बचाव की भावना ने उभरती बाजार मुद्राओं को नुकसान पहुंचाया, लेकिन भारत सबसे अधिक प्रभावित हुआ क्योंकि उसकी बाहरी संवेदनशीलता अधिक है। इस कमजोरी के परिणाम गंभीर दिखाई दे रहे हैं। आयात महंगा होने से मुद्रास्फीति बढ़ेगी, खासकर ईंधन और खाद्य पदार्थों में। उद्योगों की लागत बढ़ेगी, जिससे विकास प्रभावित होगा। हालांकि, निर्यातकों को फायदा हो सकता है, लेकिन कुल मिलाकर संतुलन नकारात्मक है। समाधान की दिशा भी अभी तक स्पष्ट नही दिख रही है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विनिर्माण नीतियों (पीएलआई स्कीम आदि) को तेजी से लागू करना चाहिए। बाहरी इनवस्टमेंट को और आकर्षित करने के लिए सुधार जरूरी हैं। चालू खाता घाटे को नियंत्रित करने हेतु तेल आयात पर निर्भरता कम कर नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा दें। आरबीआई को मुद्रा प्रबंधन में संतुलन बनाए रखना होगा, न कि केवल हस्तक्षेप पर निर्भर रहना। रुपया एशिया की सबसे कमजोर मुद्रा बनकर भारत की आर्थिक मजबूती पर सवाल उठा रहा है। यह समय नीतिगत सुधारों और आत्मनिर्भरता का है। यदि हम संरचनात्मक कमजोरियों को दूर नहीं करते, तो भविष्य में ऐसी स्थिति बार-बार आएगी। मजबूत अर्थव्यवस्था ही मजबूत मुद्रा की गारंटी है। इसे नकारा नही जा सकता।

बैरिकेडिंग के शिकंजे में लखनऊ : आखिर कैसे बचाए पेट्रोल?

पियूष कुमार कश्यप

लखनऊ... यानी तहजीब का शहर, अदब का शहर, शाम-ए-अवध का शहर। वह शहर जहाँ कभी गलियों में सुकून टहलता था, जहाँ सफर दूरी से नहीं, अपनापन से मापा जाता था। लेकिन आज वही लखनऊ लोहे की बैरिकेडिंगों, अनगिनत डायवर्जनों और दम तोड़ती ट्रैफिक व्यवस्था के बीच कराहता दिखाई देता है।

ऐसा लगता है जैसे शहर की सड़कों पर विकास नहीं, अव्यवस्था का साम्राज्य खड़ा कर दिया गया हो। राजधानी की सड़कें अब रास्ते कम और परीक्षा केंद्र ज्यादा लगती हैं। हर मोड़ पर बैरिकेडिंग, हर चौराहे पर जाम, हर कुछ किलोमीटर पर रास्ता बंद। आम आदमी अपने ही शहर में ऐसा भटकता है जैसे कोई अजनबी रास्ता पूछ रहा हो। सवाल यह है कि आखिर यह शहर चल किसके लिए रहा है? जनता के लिए या केवल वीआईपी काफिलों और दिखावटी व्यवस्थाओं के लिए? प्रधानमंत्री देशवासियों से पेट्रोल बचाने की अपील करते हैं। छोटी दूरी पैदल तय करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने और ईंधन बचाने की बात करते हैं। यह अपील सही भी है और जरूरी भी। लेकिन क्या कभी किसी ने लखनऊ की जमीन पर उतरकर देखा है कि यहाँ पेट्रोल बचाना अब आम आदमी के बस की बात ही नहीं रही? जिस रास्ते से कोई व्यक्ति पाँच मिनट में पहुँच सकता है, वहाँ बैरिकेडिंग खड़ी कर दी जाती है।

यू-टर्न बंद, कट बंद, रास्ते बंद। नतीजा यह कि जनता किलोमीटरों अतिरिक्त घूमने को मजबूर होती है। गाड़ियाँ रेंगती रहती हैं, इंजन चालू रहते हैं, पेट्रोल जलता रहता है और व्यवस्था वातानुकूलित कमरों में बैठकर 'ईंधन बचाओ' के भाषण देती रहती है।

यह कैसी विडंबना है? एक तरफ सरकार कहती है – पेट्रोल बचाइए। दूसरी तरफ सड़कें ऐसी बना दी गई हैं कि आदमी चाहे भी तो पेट्रोल नहीं बचा सकता। हजरतगंज से लेकर गोमतीनगर तक, चारबाग से लेकर अलीगंज तक, निशातगंज से कपूरथला तक और पुराने लखनऊ की गलियों से लेकर ट्रांसगोमती तक – हर तरफ एक ही कहानी दिखाई देती है। सड़कें वाहन से ज्यादा बैरिकेडिंगों से भरी हुई हैं। कहीं सुरक्षा के नाम पर रास्ता बंद, कहीं वीआईपी मूवमेंट के नाम पर जनता रोक दी गई, कहीं बिना किसी स्पष्ट कारण के लोहे के अवरोध खड़े कर दिए गए। कभी-कभी लगता है कि लखनऊ की सड़कें जनता के लिए नहीं, केवल नियंत्रण दिखाने के लिए बनाई गई हैं।

'राहों पर पहरे इतने हैं कि सफर अब सफर नहीं लगता, शहर साँस तो ले रहा है मगर ज़िंदा शहर नहीं लगता।'

सबसे बड़ी मार उस आम आदमी पर पड़ रही है जो रोज कमाकर अपना घर चलाता है। ई-रिक्शा चालक सुबह उम्मीद लेकर निकलता है कि दिनभर मेहनत करेगा तो बच्चों के लिए राशन ले जाएगा। लेकिन जाम और बैरिकेडिंग उसकी बैटरी भी खा जाती है और कमाई भी। पहले जहाँ एक चार्ज में पूरा दिन निकल जाता था, अब आधे दिन में चार्जिंग ढूँढनी पड़ती है।

ऊपर से ग्राहक पूछता है – 'इतना किराया क्यों?' क्या कोई अधिकारी कभी इन चालकों के पास बैठकर उनकी परेशानी सुनता है? क्या किसी योजना में उस गरीब आदमी की मजबूरी शामिल है जो हर दिन सड़कों पर अपनी जिंदगी घसीट रहा है? ऑटो चालक परेशान, टैक्सी चालक परेशान, डिलीवरी बॉय परेशान, मरीज परेशान, छात्र परेशान। लेकिन व्यवस्था के कानों पर जैसे कोई असर ही नहीं पड़ता। ऐसा लगता है कि राजधानी की सड़कें जनता की सुविधा के लिए नहीं बल्कि जनता के धैर्य की परीक्षा लेने के लिए छोड़ दी गई हैं। सबसे दुखद स्थिति तब होती है जब एंबुलेंस जाम में फँस जाती है। सायरन चीखता रहता है, मरीज जिंदगी और मौत के बीच झूलता रहता है और सड़क बैरिकेडिंगों में जकड़ी खड़ी रहती है। क्या यही स्मार्ट सिटी है? क्या यही आधुनिक ट्रैफिक प्रबंधन है?

'जब रास्तों पर लोहे का राज हो जाए,
तब इंसान की साँस भी कैद हो जाती है।
और जिस शहर में एंबुलेंस रुक जाए,
वहाँ विकास की बातें शर्मिंदा हो जाती हैं।'

सवाल यह भी है कि आखिर हर समस्या का समाधान बैरिकेडिंग ही क्यों है? यदि ट्रैफिक नियंत्रित करना है तो स्मार्ट सिग्नल कहाँ हैं? इंटेलिजेंट ट्रैफिक सिस्टम कहाँ है? वैज्ञानिक ट्रैफिक प्लानिंग कहाँ है? करोड़ों रुपये खर्च कर स्मार्ट सिटी के बोर्ड लगा देने से शहर स्मार्ट नहीं हो जाता। शहर तब स्मार्ट होता है जब नागरिक बिना डर, बिना तनाव और बिना अनावश्यक रुकावट के अपने गंतव्य तक पहुँच सके। आज हालत यह है कि लखनऊ में घर से निकलने वाला व्यक्ति सबसे पहले यह सोचता है कि आज कौन-सा रास्ता बंद मिलेगा। लोग गूगल मैप नहीं, बैरिकेडिंग देखकर रास्ता तय करने लगे हैं। यह मजाक नहीं, बल्कि जनता की पीड़ा है। और यह पीड़ा केवल समय की नहीं है – यह आर्थिक नुकसान भी है। पेट्रोल महँगा है, डीजल महँगा है। एक मध्यमवर्गीय परिवार पहले ही महँगाई से जूझ रहा है। ऊपर से रोज का अतिरिक्त चक्कर उसकी जेब पर और बोझ डालता है। यदि कोई व्यक्ति रोज पाँच से दस किलोमीटर अतिरिक्त घूम रहा है, तो महीने भर में कितना अतिरिक्त ईंधन जल रहा होगा? क्या कभी इस नुकसान का कोई हिसाब लगाया गया?

सरकारें अक्सर कहती हैं कि देश का पैसा बचाइए। लेकिन सड़कों पर जलता यह अतिरिक्त पेट्रोल क्या देश का नुकसान नहीं है? जाम में खड़े हजारों वाहन क्या प्रदूषण नहीं बढ़ा रहे? घंटों इंजन चालू रखना क्या पर्यावरण के खिलाफ अपराध नहीं? विडंबना देखिए – एक तरफ प्रदूषण कम करने के लिए करोड़ों खर्च किए जाते हैं, दूसरी तरफ ट्रैफिक व्यवस्था ऐसी बना दी जाती है कि वाहन घंटों धुआँ उगलते रहें।

'धुएँ से भर गया है शहर का आसमान,
और जिम्मेदार लोग कहते हैं – सब सामान्य है।
जिस व्यवस्था को जनता का दर्द न दिखे,
वह व्यवस्था नहीं, केवल अहंकार है।'

लखनऊ की पहचान कभी सुकून से होती थी। लेकिन आज सड़कों पर केवल हॉर्न का शोर सुनाई देता है। सुबह ऑफिस जाने वाला व्यक्ति रास्ते में ही मानसिक रूप से थक जाता है। घंटों जाम में फँसना अब केवल ट्रैफिक समस्या नहीं रही, यह मानसिक तनाव का कारण बन चुका है। डॉक्टर तक कह रहे हैं कि लगातार ट्रैफिक तनाव, चिड़चिड़ापन और ब्लड प्रेशर बढ़ा रहा है। लेकिन क्या इन समस्याओं पर कभी गंभीर चर्चा होती है? हर वीआईपी मूवमेंट पर सड़कें रोक देना आखिर कब तक चलेगा? लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि मानी जाती है, लेकिन सड़क पर खड़ा आम आदमी खुद को सबसे उपेक्षित महसूस करता है। धूप में खड़ा नागरिक सोचता है कि आखिर उसका समय इतना सस्ता क्यों है? विकास का अर्थ केवल फ्लाईओवर बनाना नहीं होता। विकास का अर्थ यह भी होता है कि नागरिक को राहत मिले, सुविधा मिले, सुकून मिले। यदि सड़कें चौड़ी होने के बाद भी सफर कठिन हो जाए, तो फिर उस विकास का लाभ किसे मिला? आज जरूरत है कि प्रशासन जनता की आवाज सुने। जहाँ आवश्यकता नहीं है वहाँ से अनावश्यक बैरिकेडिंग हटाई जाए। ट्रैफिक विशेषज्ञों की मदद ली जाए। फुटपाथ अतिक्रमण मुक्त किए जाएँ ताकि लोग पैदल चल सकें। साइकिल ट्रैक बनाए जाएँ। सार्वजनिक परिवहन मजबूत किया जाए। सबसे जरूरी – जनता को दुश्मन नहीं, नागरिक समझा जाए। लखनऊ केवल इमारतों का शहर नहीं है। यह उन लाखों सपनों का शहर है जो हर सुबह सड़कों पर निकलते हैं। कोई नौकरी के लिए निकलता है, कोई पढ़ाई के लिए, कोई इलाज के लिए और कोई दो वक्त की रोटी कमाने के लिए। लेकिन जब हर दिन उनका सामना अव्यवस्था से होता है, तब शहर की खूबसूरती भी फीकी लगने लगती है। 'शहर वही अच्छा होता है जहाँ रास्ते जोड़ते हों, तोड़ते नहीं। जहाँ सफर आसान हो, और आदमी घर लौटते वक्त थका नहीं, सुकून में हो।'

अब समय आ गया है कि सत्ता और व्यवस्था दोनों खुद से सवाल पूछें – क्या राजधानी की सड़कें जनता के लिए हैं या केवल दिखावे के लिए? क्या सुरक्षा के नाम पर नागरिकों का समय और ईंधन यूँ ही जलता रहेगा? क्या पेट्रोल बचाने की अपील केवल भाषणों तक सीमित रहेगी? क्योंकि सच यही है कि जब तक लखनऊ की सड़कें आम आदमी के अनुकूल नहीं होंगी, तब तक पेट्रोल भी जलता रहेगा, जनता भी जलती रहेगी और विकास के दावे भी ट्रैफिक के धुएँ में खोते रहेंगे।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

आखिर आस्था से बड़ा राजस्व कब तक?

प्रकाश चंद्र शर्मा

राजस्थान समेत देशभर में मंदिर केवल पूजा-अर्चना की जगह नहीं, बल्कि समाज की आस्था, संस्कृति और नैतिक मूल्यों के केंद्र माने जाते हैं। सुबह की आरती, घंटियों की ध्वनि, भजन-कीर्तन और श्रद्धालुओं की भीड़ एक आध्यात्मिक वातावरण तैयार करती है। लेकिन सोचिए, उसी मंदिर के बाहर कुछ ही कदम की दूरी पर शराब का ठेका खुला हो... शराबियों की भीड़ हो... गाली-गलौज और हंगामा हो... तो क्या यह केवल एक 'व्यावसायिक गतिविधि' मानी जाएगी या फिर आस्था पर सीधा प्रहार? आज प्रदेश के कई शहरों और कस्बों में यही तस्वीर दिखाई दे रही है। मंदिरों की चौखट के पास शराब बिक रही है और प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। सवाल यह है कि आखिर सरकार की प्राथमिकता क्या है–जनभावनाएं या शराब से मिलने वाला राजस्व?

मंदिरों के बाहर शराबः श्रद्धालुओं के लिए अपमानजनक माहौल– मंदिरों में महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे और युवा बड़ी संख्या में आते हैं। लेकिन जब मंदिर के बाहर शराब खरीदने वालों की भीड़ लगी हो, नशे में लोग अभद्र व्यवहार कर रहे हों, तो श्रद्धालुओं को असहजता ही नहीं, बल्कि अपमान महसूस होता है। कई महिलाओं ने शिकायत की है कि शाम की आरती या धार्मिक आयोजनों के दौरान मंदिर मार्ग पर शराबियों की वजह से डर और शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। बच्चों पर इसका गलत असर पड़ना भी एक गंभीर सामाजिक चिंता है। जिस स्थान से संस्कार मिलने चाहिए, वहां अगर नशे का माहौल दिखाई दे, तो यह व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

नियम हैं... लेकिन सिर्फ कागजों में? आबकारी नियमों में धार्मिक स्थलों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास शराब की दुकानों को लेकर दूरी तय करने के प्रावधान जरूर हैं, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। कहीं दूरी मुख्य द्वार से नापी जाती है, कहीं सड़क मार्ग से, तो कहीं नियमों की ऐसी व्याख्या कर दी जाती है कि ठेके मंदिर की दीवार से सटे होने के बावजूद 'वैध' घोषित कर दिए जाते हैं। यानी नियम कम, खेल ज्यादा दिखाई देता है। सबसे बड़ा सवाल यही है–अगर नियम मौजूद हैं, तो उनका पालन कौन करवाएगा?

विरोध होता है... फिर भी ठेके क्यों नहीं हटते?
1. सरकार के लिए 'कमाई का जरिया' शराब से सरकारों को हजारों करोड़ का राजस्व मिलता है। यही वजह है कि धार्मिक भावनाओं से ज्यादा फिक्र कमाई की दिखाई देती है। राजस्व बढ़ाने की होड़ में सामाजिक संवेदनशीलता पीछे छूटती जा रही है। 2. प्रशासनिक ढिलाई या मिलीभगत? स्थानीय लोगों और धार्मिक संगठनों का आरोप है कि कई मामलों में तकनीकी खामियों और प्रशासनिक ढिलाई का फायदा उठाकर ठेकों को बचा लिया जाता है। ज्ञापन दिए जाते हैं, विरोध प्रदर्शन होते हैं, लेकिन कार्रवाई अक्सर फाइलों तक सीमित रह जाती है। 3. कार्रवाई तभी, जब मामला उछले अक्सर तब तक कोई कदम नहीं उठाया जाता जब तक मामला मीडिया की सुर्खियों में न आ जाए या जनता सड़क पर न उतर आए। यानी प्रशासन स्वतः नहीं जागता, उसे जगाना पड़ता है। यह केवल धार्मिक नहीं, सामाजिक मुद्दा भी है: मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों और चर्चों के आसपास शराब के ठेके केवल धार्मिक भावनाओं को आहत नहीं करते, बल्कि सामाजिक माहौल भी बिगाड़ते हैं। महिलाओं की सुरक्षा, सार्वजनिक शालीनता और युवाओं पर पड़ने वाले प्रभाव जैसे मुद्दों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सरकारें एक तरफ धार्मिक पर्यटन और संस्कृति संरक्षण की बातें करती हैं, दूसरी तरफ धार्मिक स्थलों के आसपास शराब बिक्री की खुली छूट देती हैं। यह दोहरी नीति आखिर कब तक चलेगी?

अब केवल बहाने नहीं, सख्त नीति चाहिएः यदि सरकार वास्तव में धार्मिक स्थलों की गरिमा बनाए रखना चाहती है, तो उसे केवल बयान नहीं, ठोस फैसले लेने होंगे– सभी धार्मिक स्थलों से शराब ठेकों की न्यूनतम दूरी स्पष्ट और सख्ती से तय हो। जीपीएस आधारित सर्वे कर नियमों का पारदर्शी पालन सुनिश्चित किया जाए। स्थानीय जनता और निकायों की सहमति के बिना नए ठेकों को अनुमति न मिले। शिकायत मिलने पर समयबद्ध कार्रवाई अनिवार्य हो। सबसे बड़ा सवाल... क्या सरकार के लिए आस्था की कोई कीमत है? क्या श्रद्धालुओं की भावनाएं शराब के राजस्व से छोटी हैं? क्या मंदिरों की पवित्रता अब सरकारी आय के आगे महत्व खो चुकी है? अगर सरकार वास्तव में संस्कृति, संस्कार और धार्मिक विरासत की बात करती है, तो उसे मंदिरों की चौखट से शराब के कारोबार को दूर करना ही होगा। वरना जनता यही मानेगी कि 'राजस्व' के आगे आस्था की कोई अहमियत नहीं है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

हाय कुर्सी क्या चीज है!

कृष्णेन्द्र राय

हम आपके बिन, रह नहीं पाते ।
आप कह दें तो, हम चले आते ।।
हाय कुर्सी क्या चीज,
बिन इसके ना...रह पाते ।।
उड़े खूशबू, ये रुत बदली ।
बीजेपी की बहार आई ।।
है अब तो यही मौका ।
झटपट न्यौता भिजवाए ।।
बीजेपी में आने को जी करता है ।
शामिल....हो जाने को
मन मचलता है ।
शामिल हो जाने को
मन मचलता है ।।

सूडोकु नवताल- 7810

सरल

	4		7		1			3
3		5		4		1		
	2				8			
4		3						
	8			2			1	
						8		6
			2				3	
		9		8		2		4
1			4		6		9	

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7809 का हल

9	2	7	4	8	6	5	3	1
5	1	6	3	2	9	4	8	7
3	4	8	7	1	5	9	6	2
8	3	4	9	5	1	2	7	6
7	6	5	8	4	2	3	1	9
1	9	2	6	3	7	8	5	4
6	7	3	2	9	8	1	4	5
2	8	1	5	7	4	6	9	3
4	5	9	1	6	3	7	2	8

हिन्दी पत्रकारिता: ध्येय यात्रा के गौरवशाली 200 वर्ष



सर्वेश कुमार सिंह

हिंदी पत्रकारिता यात्रा के 200 वर्ष पूर्ण कर रही है। इस यात्रा में हिंदी पत्रकारिता ने न केवल खुद को नित नए आयाम के रूप में गढ़ा बल्कि दायित्व बोध को भी बगैर थके, बगैर रुके निभाया। भाषा,शैली, व्याकरण और साहित्य को इन 200 सालों में उन्नत किया। हिंदी पत्रकारिता ने स्वातंत्र्य पूर्व काल में ध्येयपूर्ण (मिशनरी) भाव से स्वाधीनता की अलख जगाई। समाज में सुधारवादी आंदोलनों के लिए जनजागरण किया। स्त्री शिक्षा, बाल विवाह जैसे मुद्दों पर राष्ट्रीय नेताओं की अपील को स्वर दिया।

स्वाधीन भारत में लोकतंत रक्षक की भूमिका में हिंदी पत्रकारिता सबसे आगे खड़ी हुई। तीस मई 1826 को जब पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने कानपुर से कोलकाता जाकर पहला हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र 'उदंत मार्तंड' प्रकाशित किया, तो किसी को नहीं मालूम था कि एक दिन हिंदी पत्रकारिता भारत के जन-जन, गांव-गांव, शहर-कस्बों की आवाज बन जाएगी। सूचना और संवाद का ये माध्यम समाज सुधार से लेकर, जन समस्याओं के निराकरण का माध्यम और लोकतंत्र का प्रहरी बन जाएगा।

हिंदी पत्रकारिता को पुष्पित, पल्लवित करने में अनेक महान संपादकों और साहित्यकारों ने न केवल योगदान किया, बल्कि अपने जीवन को भी इस ध्येय के लिए समर्पित कर दिया। ये सफल विकास यात्रा शून्य से शिखर तक जिन संपादकों की मेधा और अथक परिश्रम से आज यश पा रही है, उनमें पंडित जुगल किशोर शुक्ल,भारतेंदु हरिश्चंद्र, दुर्गा प्रसाद मिश्र,बाबू राव विष्णु राव पराड़कर, हजारी प्रसाद द्विवेदी, माखनलाल चतुर्वेदी, गणेश शंकर विद्यार्थी, मुंशी प्रेमचंद्र, हनुमान प्रसाद पोद्दार, पंडित अटल बिहारी वाजपेयी, विद्यानिवास मिश्र, हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय, धर्मवीर भारती, राजेंद्र अवस्थी,रघुवीर सहाय, राजेंद्र यादव, शिवपूजन सहाय, बनारसी दास चतुर्वेदी, महात्मा गांधी, पंडित मदन मोहन मालवीय, प्रताप नारायण मिश्रा, वचनेश त्रिपाठी का स्मरण समीचीन है।

हिंदी पत्रकारिता के उद्भव में जिन नगरों और महानगरों के प्रबुद्ध समाज, व्यवसायियों और राज घरानों का योगदान अग्रणी है, उनमें वाराणसी सबसे महत्वपूर्ण है। कोलकाता, आगरा, कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, जबलपुर, मिजार्पुर , मेरठ, बरेली,मुरादाबाद से भी शुरूआती दौर में कई प्रमुख हिंदी पत्र-पत्रिकाएं प्रकाशित हुई। उत्तर प्रदेश में पहला हिंदी दैनिक हिंदुस्तान प्रतापगढ़ जनपद की रियासत काला कांकर से 1885 में राजा रामपाल सिंह ने प्रकाशित किया था। इसके संपादक पंडित मदन मोहन मालवीय थे।

हिंदी के कुछ समाचारपत्र अल्प अवधि तक प्रकाशित हुए, किंतु ये हिंदी पत्रकारिता की नींव बन गए। इनका उल्लेख किए बिना 200 साल की यात्रा का स्मरण और सिंहावलोकन अधूरा है।

ये समाचार पत्र और पत्रिकाएं उदंत मार्तंड के प्रकाशन से शुरू होकर अनवरत जारी है। बनारस अखबार, सरस्वती, सुधाकर, बुद्धि प्रकाश, समाचार सुधा वर्षण, प्रजा हितैषी, कविवचन सुधा, हरिश्चंद्र चंद्रिका,,बाल बोधिनी, आनंद कादम्बिनी,ब्राह्मण, भारत मित्र, हिंदुस्तान, नवभारत, अभ्युदय, प्रताप, कर्मवीर, आज, कल्याण, पाञ्चजन्य, राष्ट्रधर्म, वीर अर्जुन, स्वदेश, भास्कर, दैनिक जागरण, अमर उजाला, हंस, विशाल भारत, धर्मयुग, दिनमान, कादम्बिनी, सारिका, अरुण का हिंदी पत्रकारिता में अतुलनीय योगदान है।

आज हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर जब हम उदंत मार्तंड का स्मरण कर रहे हैं। तब हमें पिछले 100 का भी स्मरण स्वाभाविक रूप से होता है। सौ वर्ष पूर्व हिंदी पत्रकारिता से जुड़ी दो घटनाएं और हुई जिन्हें याद करने से गौरव की अनुभूति होती है। वर्ष 1926 में यानी ठीक 100 साल पहले गोरखपुर से धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक चेतना को जागृत रखने के लिए ₹कल्याण₹ पत्रिका का प्रकाशन शुरू हुआ। हालांकि पहला अंक 1926 में मुंबई से निकला, लेकिन 1927 के बाद से इसका प्रकाशन गोरखपुर से हो रहा है।

हिंदी की आध्यात्मिक पत्रकारिता का सर्वोत्कृष्ट उदाहरण कल्याण बना हुआ है। इस पत्रिका के 100 वर्ष में लगभग 90 विशिष्ट अंक तथा अनगिनत विशेषांक प्रकाशित हुए है। इन अंकों ने भारत के आध्यात्मिक, पौराणिक, वैदिक ज्ञान को सहेजने का काम किया है। इसके लिए जयदयाल गोयनका और हनुमान प्रसाद पोद्दार की जितनी प्रशंसा की जाय कम ही है। कल्याण भी इस वर्ष अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है।

इसी के साथ ही 1925 में 'हिंदी साहित्य सम्मेलन' के तत्वावधान में 'प्रथम संपादक सम्मेलन' वृंदावन (मथुरा) में हुआ था। इसे भी 101 साल पूरे हो रहे है। इस सम्मेलन में हिंदी के मूर्धन्य विद्वान और संपादक बाबू राव विष्णु राव पराड़कर जी का ऐतिहासिक भाषण हुआ। वे इस सम्मेलन के अध्यक्ष थे। उन्होंने 100 साल पहले आज की हिंदी पत्रकारिता की 'दशा और दिशा' की भविष्यवाणी की थी।

भविष्य के संपादकों के प्रबंधकों के प्रभाव में रहने की आशंका भी व्यक्त की थी। जो आज सच साबित हो रही है। इस संपादक सम्मेलन में पराड़कर जी ने बताया था कि 'समाचार पत्र के दो मुख्य धर्म है - 'एक तो समाज का चित्र खींचना और दूसरा उसे सद उपदेश देना'। हमारा दूसरा कार्य 'लोक-शिक्षण हमारा सच्चा धर्म है'।

इसी के द्वारा हम देश की और जनता की सच्ची सेवा कर सकते हैं। 'हमें अपने पत्रों में सदा सर्व प्रकार से उच्च आदर्श को स्थान देना चाहिए' आज की हिंदी पत्रकारिता तकनीकी युग में है। तकनीक के अनेक उपायों से सज्जित है। इससे जो मुख्य परिवर्तन हुआ है, वह दो स्तरीय है। एक प्रकाशन की कागज पर निर्भरता कम हुई है। पत्र-पत्रिकाएं डिजिटल स्वरूप में हमारे सामने है। आसानी से उपलब्ध भी है। पहुंच की गति तीव्र हुई है। हमें अब 24 घंटे इंतजार नहीं करना है, बल्कि इंटरनेट से हिंदी समाचार तत्काल मिल रहे है। ये अच्छी स्थिति है,लेकिन चिंताजनक ये है कि इस डिजिटल युग में पत्रिकाओं का युग समाप्तप्रायः हो गया है।

हमारी हिंदी की 200 साल की पत्रकारिता गौरवशाली रही है। इस गौरव को बनाए रखने और इसमें श्रीवृद्धि करने का दायित्व आज की पीढ़ी पर है। हिंदी पत्रकारिता को शब्दों की दृष्टि से समृद्ध करने, भाषा और व्याकरण की शुद्धता को बनाए रखने की आवश्यकता है। साथ ही हिंदी पत्रकारिता की पूंजी विश्वसनीयता है। दायित्वबोध के साथ तथ्यात्मक और निष्पक्ष पत्रकारिता को अपना धर्म बनाकर हम अगली शताब्दियों को और अधिक गौरवशाली बना सकते है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

आज का राशिफल

मेष : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

वृष : बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। एकाकी प्रवृति का त्याग करें।

मिथुन : कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

कर्क : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

सिंह : कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। अपने काम पर ध्यान दीजिए।

कन्या : भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

तुला : योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें।

वृश्चिक : व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

धनु : लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

मकर : सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। शुद्ध गोचर का लाभ। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

कुंभ : मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल

हाईकोर्ट जाने की तैयारी, मुख्यमंत्री से भी करेंगे शिकायत

आवास विकास परिषद की मनमानी पर घिरे अधिकारी, 11 आवंटियों के मकानों पर संकट

गोरखपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। शहर के पॉश इलाके बेतियाहाता में आवास विकास परिषद की लापरवाही और कथित मनमानी अब बड़े विवाद का रूप ले चुकी है। परिषद द्वारा आवंटित भवनों में रह रहे 11 आवंटियों के मकानों पर संकट खड़ा हो गया है। इनमें पूर्व विधायक, डॉक्टर और व्यवसायी जैसे प्रतिष्ठित लोग शामिल हैं, जिन्होंने अब हाईकोर्ट जाने और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाने का फैसला किया है। मामला खुर्रमपुर (बेतियाहाता) की उस जमीन से जुड़ा है, जिसे 1980 के दशक में आवासीय कॉलोनी के लिए अधिग्रहित किया गया था। आरोप है कि आवास विकास परिषद ने निर्धारित 2 एकड़ के बजाय 2 एकड़ 55 डिसमिल जमीन पर कब्जा कर लिया, लेकिन अतिरिक्त 55 डिसमिल का न तो अधिग्रहण किया गया और न ही मुआवजा दिया गया।

इसी विवादित जमीन पर बाद में भूखंड और मकान बनाकर लोगों को आवंटित कर दिया गया। जमीन के मूल मालिक श्याम सुंदर सराफ ने 1993 में इस मामले को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाया। वर्ष 1999 में सिविल जज सीनियर डिवीजन ने अपने फैसले में तीन माह के भीतर अवैध कब्जा हटाकर जमीन मालिक को कब्जा दिलाने का आदेश दिया था, साथ ही यह भी स्पष्ट किया था कि विवादित जमीन किसी अन्य को हस्तांतरित न की जाए। इसके बावजूद आवास विकास परिषद ने न केवल अपील में राहत पाने में असफल रहा, बल्कि बाद में भी इस आदेश का पालन नहीं किया।

मामला हाईकोर्ट तक गया, लेकिन वहां से भी परिषद को कोई राहत नहीं मिली। इसके बाद 9 मार्च 2026 को अदालत ने कब्जा दिलाने के लिए अमीन को निर्देशित किया। हाल ही में जब कोर्ट अमीन मौके पर पहुंचे और पैमाइश कर निशान लगाए, तो आवंटियों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि हर मकान का कुछ हिस्सा विवादित जमीन में आ रहा है, जिससे पूरे मकान पर खतरा मंडरा रहा है। आवंटियों का आरोप है कि उन्होंने आवास विकास परिषद से वैध तरीके से मकान खरीदे और वर्षों से रह रहे हैं, लेकिन न तो उन्हें किसी प्रकार की पूर्व सूचना दी गई और न ही कोर्ट की ओर से नोटिस मिला। उनका कहना है कि एक सरकारी संस्था पर भरोसा कर उन्होंने निवेश किया, अब उसी की लापरवाही का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। गौरतलब है कि अदालत के स्पष्ट आदेश के बावजूद परिषद ने 2002 में इन भवनों को फ्री होल्ड भी कर दिया, जिससे विवाद और गहरा गया। अब आवंटी एकजुट होकर न्यायालय का रुख करने की तैयारी में हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि उन्हें न्याय मिलेगा।

विश्व पर्यावरण दिवस अभियान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

गोरखपुर , 29 मई (तरुणमित्र)। पूर्वोत्तर रेलवे पर विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 15 मई से 05 जून, 2026 तक चलाये जा रहे विश्व पर्यावरण दिवस अभियानद्य मुख्यालय तथा मंडलों के प्रमुख स्टेशनों, कारखानों, डिपो, कार्यालयों, रेलवे कॉलोनियों एवं चिकित्सालयों में पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। लखनऊ मंडल पर अभियान के चौदहवें दिन विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत मंडल रेल प्रबन्धक, लखनऊ श्री गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में लखनऊ जं. स्टेशन पर प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना और सफाई, हरियाली, सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करना, माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करना, ।

रीजेंसी हॉस्पिटल गोरखपुर का हेल्थ अलर्ट तंबाकू से बढ़ रहा ओरल कैंसर का खतरा

गोरखपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। रीजेंसी हॉस्पिटल गोरखपुर के डॉक्टरों ने गोरखपुर समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश में तेजी से बढ़ते तंबाकू सेवन को लेकर गंभीर चिंता जताई है। डॉक्टरों के अनुसार, गुटखा, खैनी, पान मसाला, बीड़ी और सिगरेट का बढ़ता इस्तेमाल लोगों को तेजी से मुंह, गले और फेफड़ों के कैंसर के साथ-साथ हृदय रोगों की ओर धकेल रहा है।

खासतौर पर युवाओं और ग्रामीण क्षेत्रों में तंबाकू सेवन तेजी से बढ़ता दिखाई दे रहा है। गोरखपुर जिले में किए गए एक अध्ययन में पुरुषों में तंबाकू सेवन की दर करीब 31.1% और महिलाओं में 6.1% पाई गई। अध्ययन में यह भी पाया गया कि गुटखा और खैनी सबसे ज्यादा इस्तेमाल किए जाने

वाले तंबाकू उत्पाद हैं। देर से पहचान बन रही जानलेवा रीजेंसी हॉस्पिटल गोरखपुर के विशेषज्ञों के अनुसार पूर्वांचल व गोरखपुर के आसपास में ओरल कैंसर के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज और बस्ती मंडल से बड़ी संख्या में ऐसे मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं, जिनमें ओरल प्री-कैंसर और कैंसर की समस्या पाई जा रही है। लोग अक्सर मुंह के छाले, सफेद दाग, जलन या मुंह कम खुलने जैसी शुरूआती समस्याओं को नजरअंदाज कर देते हैं, जिसके कारण मरीज एडवांस स्टेज में अस्पताल पहुंचते हैं। लोगों में यह गलत धारणा है कि सिर्फ सिगरेट नुकसान करती है, जबकि खैनी और गुटखा भी उतने ही खतरनाक हैं। लगातार तंबाकू सेवन मुंह की अंदरूनी परत को नुकसान पहुंचाता है और कैंसर का खतरा कई गुना बढ़ा देता है। पिछले कुछ वर्षों में कम उम्र के युवाओं में भी ओरल कैंसर के मामले बढ़े हैं, जो बेहद चिंता का विषय है। भारत दुनिया में ओरल कैंसर के सबसे अधिक मामलों वाले देशों में शामिल है और इसके पीछे सबसे बड़ा कारण स्मोकलेस टोबैको का व्यापक इस्तेमाल माना जाता है।

गोरखपुर बीआरडी मेडिकल कॉलेज के नए प्राचार्य बने डॉ. धर्मेंद्र

गोरखपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। गोरखपुर स्थित बीआरडी मेडिकल कॉलेज में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए शासन ने कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. रामकुमार जायसवाल को उनके पद से हटा दिया है। यह कार्रवाई कॉलेज में चल रहे भ्रष्टाचार के आरोपों और वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतों के बाद की गई है। उनकी जगह पर आगरा मेडिकल कॉलेज के नाक-कान-गला (ENT) रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कुमार को नया प्राचार्य नियुक्त किया गया है। लोक सेवा आयोग द्वारा की गई यह नियुक्ति बुधवार को प्रभावी हुई। डॉ. रामकुमार जायसवाल को मार्च 2024 में कॉलेज का कार्यवाहक प्राचार्य नियुक्त किया गया था, जो मूल रूप से नेत्र रोग विभाग के विभागाध्यक्ष हैं। उन पर कार्यकाल के दौरान कई गंभीर आरोप लगे, जिसकी सूचना मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंच गई थी। प्राचार्य पर स्वयं प्राइवेट प्रैक्टिस करने और वित्तीय नियमों का उल्लंघन करने के आरोप हैं। इस मामले में लोकायुक्त ने संज्ञान लेते हुए

कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए थे। लोकायुक्त के निर्देश पर कमिश्नर द्वारा तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की गई है जो इन आरोपों की जांच कर रही है। हाल ही में कॉलेज के ऑडिटोरियम में कुर्सियां लगवाने में भ्रष्टाचार की शिकायत मिली, जिसकी जांच के लिए भी एक अलग समिति का गठन किया गया है। कॉलेज में सर्जिकल उपकरणों की खरीद में हुई कथित धांधली को लेकर शासन ने रिपोर्ट तलब की है। सूत्रों के अनुसार, भ्रष्टाचार की लगातार बढ़ती शिकायतों और मुख्यमंत्री कार्यालय तक बात पहुँचने के बाद शासन और हाईकमान ने यह सख्त कदम उठाया है। डॉ. धर्मेंद्र कुमार का प्रशासनिक अनुभव काफी समृद्ध रहा है। वे मूल रूप से अयोध्या के रहने वाले हैं और उन्होंने अपनी एमबीबीएस तथा पीजी की शिक्षा लखनऊ के केजीएमयू (KGMU) से पूरी की है। वे पिछले 24 वर्षों से आगरा मेडिकल कॉलेज में एठळ विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वे 2021 से 2023 तक राजकीय मेडिकल कॉलेज बदायूं और 2024 में एएसएमसी औरैया मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य पद पर सेवाएं दे चुके हैं।

डॉ धर्मेंद्र वर्ष 2023-2024 के दौरान उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठित ENT संस्था 'यूपीएओआई' (UPOAI) के अध्यक्ष भी रहे हैं। पदभार संभालने के बाद डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं का क्रियान्वयन ही उनकी पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीआरडी मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई, शोध (रिसर्च) और इलाज इन तीनों क्षेत्रों पर समान रूप से काम किया जाएगा। उन्होंने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संसाधनों को बढ़ाने और छात्रों के लिए शिक्षा व रिसर्च की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का संकल्प लिया है।

गर्मी की छुट्टियों को प्रतिभा व संस्कारों से जोड़ने वाला अनूठा समर कैंप

गोरखपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। विजय चौक स्थित , विजय चौक, गोरखपुर में भारत विकास परिषद श्रीहरि शाखा के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय समर कैंप का भव्य समापन समारोह होटल प्रगति में बड़े ही आकर्षक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा कैंप के दौरान सीखी गई विभिन्न विधाओं की शानदार प्रस्तुतियाँ मंच के माध्यम से प्रस्तुत की गईं, जिसने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोरखपुर के महापौर मंगलेश श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि डॉ. दिलीप गुप्ता (प्रांतीय अध्यक्ष, गोरखप्रांत), भारत विकास परिषद के संरक्षक डॉ. आर. पी. शुक्ला, श्रीहरि शाखा के सचिव राजर्षि बंसल, विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. निशी अग्रवाल एवं विद्यालय के प्रबंधक श्री कनक हरि अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने ऐ गिरी नंदिनी गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का हृदय जीत लिया। इसके पश्चात बच्चों द्वारा ये तो सच है कि भगवान है गीत पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। समर कैंप में प्रशिक्षित बच्चों ने स्केटिंग का शानदार प्रदर्शन किया तथा स्केटिंग करते हुए मुख्य अतिथि का बुके देकर अभिनंदन किया। वहीं मार्शल आर्ट के बच्चों ने अपने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा वेस्ट मटेरियल से तैयार की गई आकर्षक आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मुख्य अतिथि श्री मंगलेश श्रीवास्तव ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि – गर्मी की छुट्टियों का सही सदुपयोग तभी है जब बच्चे नई कला, अनुशासन और संस्कार सीखें। ऐसे समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव रखते हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. दिलीप गुप्ता ने भारत विकास परिषद श्रीहरि शाखा एवं र. र. द्वारा किए जा रहे इस रचनात्मक प्रयास की प्रशंसा करते हुए।

संक्षिप्त समाचार

ट्रैफिक ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का रि-शिड्यूलिंग व शॉर्ट टर्मिनेशन

गोरखपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। रेल प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के शाहजहाँपुर एवं रोजा स्टेशनों पर इंजीनियरिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में ट्रैफिक ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का रि-शिड्यूलिंग एवं शॉर्ट टर्मिनेशन/ओरिजिनेशन किया जायेगा। रि-शिड्यूलिंग-टनकपुर से 29 मई, 2026 को चलने वाली 15074 टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस टनकपुर से 240 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। टनकपुर से 31 मई एवं 03 जून, 2026 को चलने वाली 15076 टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस टनकपुर से 240 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। लालगढ़ से 28 एवं 30 मई तथा 02 जून, 2026 को चलने वाली 15910 लालगढ़-डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस लालगढ़ से 240 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। जम्मूतवी से 02 जून, 2026 को चलने वाली 15098 जम्मूतवी-भागलपुर एक्सप्रेस जम्मूतवी से 240 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। जम्मूतवी से 30 मई, 2026 को चलने वाली 12588 जम्मूतवी-गोरखपुर एक्सप्रेस जम्मूतवी से 240 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जायेगी। शॉर्ट टर्मिनेशन/ओरिजिनेशन--सीतापुर से 30 मई एव 01 जून, 2026 को चलने वाली 55059 सीतापुर-शाहजहाँपुर सवारी गाड़ी शाहजहाँपुर के स्थान पर रोजा स्टेशन में यात्रा समाप्त करेगी।-शाहजहाँपुर से 30 मई एव 01 जून, 2026 को चलने वाली 55060 शाहजहाँपुर-सीतापुर सवारी गाड़ी सीतापुर के स्थान पर रोजा स्टेशन से चलाई जायेगी।

पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

गोरखपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक अपराध/नोडल मिशन-शक्ति गोरखपुर के पर्यवेक्षण में #मिशन-शक्ति अभियान# के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जागरूक करने हेतु जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त मिशन शक्ति टीम, पीआरवी व अन्य पुलिस बल द्वारा विभिन्न स्थानों पर जाकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया*, जिसमें बालिकाओं/महिलाओं को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित विभिन्न कानूनों यथा- घरेलू हिंसा से संरक्षण अधि0, दहेज प्रतिषेध अधि0, कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधि0, अनैतिक व्यापार निवारण अधि0, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधि0, बाल श्रम कानून एवं भारतीय दण्ड संहिता में महिलाओं की गरिमा के विरूद्ध विभिन्न अपराधों आदि के संबंध में जानकारी दी गई । महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर/फोरम- वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन- मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन नम्बर-1076, चाइल्ड हेल्प लाइन नम्बर 1098, वन स्टाप सेण्टर-181, साइबर हेल्प लाइन 1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन 102, एम्बुलेंस सेवा-108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की महिला हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आदि के संबंध में भी जानकारी दी गई एवं पंपलेट का वितरण किया गया ।

मनरेगा मजदूरी के धन उगाही का वीडियो वायरल, पीड़ित ने की शिकायत

सहजनवा गोरखपुर , 29 मई (तरुणमित्र)। मनरेगा मजदूरी के धन उगाही को लेकर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें प्रधान ने पीड़ित को मारने पीटने की धमकी दें रहे है।आरोप है कि पीड़ित ने मनरेगा में मजदूरी किया था। जिनके खाते मे मनरेगा मजदूरी का पैसा आया था। शुक्रवार को पीड़ित अपने घर पर मौजूद था। उसी दौरान प्रधान और उसके सहयोगी घर पर पहुंचे और जबरन पैसा देने का दबाव बनाने लगे। पैसा देने से इंकार करने पर प्रधान और उसके सहयोगी गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। जिसका वीडियो वायरल हुआ है। इसके पूर्व पीड़ित ने डीएम से मनरेगा मजदूरी में धांधली का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराया है। वहीं गाली गलौज मारने पीटने की धमकी देने की शिकायत भी थाने पर कराया है।वहीं प्रधान अनिल गुप्ता ने कहा कि आरोपी का पिता दो वर्ष पहले उधार रुपया लिया था। मांगने पर विवाद करने लगा था।इस संदर्भ में थानेदार संजय कुमार मिश्र ने कहा कि पीड़ित की शिकायत मिली है। जांच कराकर कारवाई की जायेगी।

ई-टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक दलाल पकड़ा गया

गोरखपुर , 29 मई (तरुणमित्र)। रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में, 26 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल बढ़नी एवं अपराध आसूचना शाखा गोंडा द्वारा संयुक्त रूप से बिजौरा बाजार, जिला-सिद्धार्थनगर से ई-टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक टिकट दलाल को 08 ई-टिकटों के साथ गिरफ्तार किया गया। 26 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल वाराणसी को गाड़ी संख्या-01028 में 04 वर्ष की एक बच्ची लावारिस हालत में मिली। उक्त बच्ची को चाइल्ड लाइन वाराणसी को सुपुर्द किया गया। 26 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल एवं इंजीनियरिंग विभाग, बनारस द्वारा संयुक्त रूप से बनारस रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र में परित्यक्त रेलवे विद्यालय पर हुए अवैध अतिक्रमण को शांतिपूर्ण तरीके से अतिक्रमण मुक्त कर रेलवे की 212 वर्ग फीट भूमि को खाली कराया गया। 26 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को गाड़ी संख्या-15725 में यात्री का छूटा एक बैग मिला, जिसे गोरखपुर पोस्ट पर रखा गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर बैग उसे सुपुर्द किया गया। 26 मई, 2026 को रेलवे सुरक्षा बल प्रयागराज रामबाग को निगरानी के दौरान ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर गाड़ी संख्या-13047 में यात्री का छूटा एक बैग मिला, जिसे ज्ञानपुर रोड पोस्ट पर रखा गया।

भाजपा ने रमेश गुप्ता को कमान देकर साधा जातीय संतुलन

गोरखपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। भाजपा का गढ़ कहे जाने वाले इस शहर में पार्टी ने वैश्य समाज से रमेश गुप्ता को महानगर अध्यक्ष बनाकर जातीय संतुलन साधा है। यह मनोनयन इस मायने में भी अहम है क्योंकि महानगर में कायस्थ और वैश्य बिरादरी की बहुलता है। पहले कायस्थ बिरादरी से मेयर और अब रमेश गुप्ता को महानगर भाजपा की कमान आगामी विधानसभा चुनाव के पहले बड़ा सियासी संदेश देने की भी कोशिश है।शहर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 4,68209 हैं। इसमें वैश्य बिरादरी करीब 20-22 फीसदी और कायस्थ 18 से 20 फीसदी मतदाता हैं। भाजपा ने इसके पहले भी वैश्य समाज से राजेश गुप्ता को महानगर अध्यक्ष बनाया था। उनका कार्यकाल

समाप्त होने के बाद कायस्थ बिरादरी से देवेश श्रीवास्तव को महानगर की कमान सौंपी गई लेकिन इसी बीच उनका निधन हो गया। इसके बाद पार्टी ने राजेश गुप्ता को संयोजक बनाकर महानगर अध्यक्ष का अतिरिक्त कार्यभार दे दिया। 2027 विधानसभा चुनाव से पहले काफी मंथन के बाद पार्टी ने फिर जातीय संतुलन को साधते हुए वैश्य बिरादरी पर ही दांव लगाया है। **ये चुनौतियां होंगीनवागत महानगर अध्यक्ष के सामने** आगामी विधानसभा में बेहतर प्रदर्शन करने की बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि सदर विधानसभा क्षेत्र हॉट शीट में शुमार है। यहां खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विधायक हैं।

वर्ष 2022 के चुनाव में उन्हें एक लाख से ज्यादा मतों के अंतर से जीत मिली थी। इस जीत का दायरा भी बढ़ाकर रमेश को खुद को साबित करना होगा। **संगठन और मंदिर से बेहतर तालमेल** जन सरोकारों के लिए भी रमेश गुप्ता संघर्ष करते रहे हैं। संगठन में पैठ तो है ही मंदिर से भी नजदीकियां हैं। रेलवे स्टेशन पर ओवरब्रिज की मांग को लेकर उन्होंने लंबा संघर्ष किया था, जिसके बाद वे चर्चा में आए थे। रमेश गुप्ता मुख्यमंत्री के शहर में अध्यक्ष बनाए जाने से उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर तालमेल बैठाकर बेहतर कमेटी बनाने की कोशिश रहेगी। महानगर अध्यक्ष की घोषणा होने के बाद वे शाम को गोरखनाथ मंदिर गए और गुरु गोरखनाथ का आशीर्वाद लिया। इसके बाद संघ कार्यालय माधव धाम गए और आरएसएस प्रचारकों से मुलाकात की। **दो बार खुद एक बार पत्नी रहीं पार्षद** झरना टोला निवासी रमेश गुप्ता 2006 और 2012 में खुद पार्षद रहे और 2017 में पत्नी संध्या गुप्ता पार्षद रहीं।

पिछली बार भाजपा के टिकट पर पार्षद का चुनाव हारने के बाद संगठन के कार्यों में लगे रहे। वार्ड अध्यक्ष से संगठन में विभिन्न पदों पर रहे रमेश गुप्ता महानगर भाजपा युवा मोर्चा में महामंत्री भी रहे हैं और वर्तमान में महानगर कमेटी में उपाध्यक्ष भी हैं।

गोरखपुर में एक्सट्रीमली सीवियर अलर्ट जारी, अगले 24 घंटे भारी बारिश और तेज आंधी की चेतावनी

80–100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चल सकती हैं हवाएं, ओलावृष्टि की भी आशंका

गोरखपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। मौसम विभाग ने जनपद में अगले 24 घंटों के लिए एक्सट्रीमली सीवियर अलर्ट जारी किया है। जारी चेतावनी के अनुसार जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ भारी से अति भारी बारिश, तेज आंधी और ओलावृष्टि होने की संभावना है। इस दौरान हवाओं की रफ्तार 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटा तक रह सकती है, जो कुछ स्थानों पर 100 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंचने की आशंका जताई गई है।

मौसम विभाग की इस चेतावनी के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों पर नजर रखने और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम और बिजली विभाग को भी विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है, ताकि तेज आंधी-तूफान के दौरान पेड़ गिरने या बिजली आपूर्ति बाधित होने जैसी समस्याओं से तुरंत निपटा जा सके। विशेषज्ञों का कहना है कि इतनी तेज हवाएं कच्चे मकानों, होर्डिंग्स और पेड़ों के लिए खतरा बन सकती हैं। किसानों के लिए भी यह मौसम नुकसानदेह हो सकता है, खासकर खड़ी फसलों को भारी क्षति पहुंचने की आशंका है।

प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। खुले स्थानों, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहें। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें और सुरक्षित स्थान पर ही रुकने की कोशिश करें।

आपदा प्रबंधन विभाग ने भी लोगों को सतर्क रहने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने की सलाह दी है।

नमाज,'सुन्नत-ए-इब्राहिमी' और मुबारकवाद के साथ मनाई गई बकरीद

बड़हलगंज,गोरखपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। इस्लाम धर्म का सबसे खास त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) नमाज,'सुन्नत-ए-इब्राहिमी' और मुबारकबाद के साथ गुरुवार को सम्पन्न हो गया। हालांकि परम्परानुसार अगले तीन दिनों तक कुबार्नी का दौर चलता रहेगा। गुरुवार को उपनगर बड़हलगंज के कर्बला मैदान और सभी मस्जिदों में नमाजे ईद अदा की गई, इस दौरान क्षेत्र की गंगा जमुनी तहजीब भी पूरी रवायत से साकार होती दिखी। तमाम हिन्दू मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे को गले लगा कर मुबारकबाद दिया।बड़हलगंज में कर्बला के मैदान में ईद की नमाज मौलाना बकसुल्ला खां कादरी ने पढ़ाई, उन्होंने नमाज के बाद अपनी तकरीर में शरीयत, देश और इंसानियत से मुहब्बत का संदेश दिया। उन्होंने बकरीद के त्यौहार की जानकारी देते हुए बताया कि यह त्योहार इस्लामी कैलेंडर (हिजरी) के आखिरी महीने 'जिल-हिज्जा' की 10 तारीख को मनाया जाता है। यह मुख्य रूप से त्याग, समर्पण और अल्लाह के प्रति अटूट विश्वास का पर्व है। इस्लामिक मान्यताओं के मुताबिक, ईद-उल-अजहा का सीधा संबंध हजरत इब्राहिम (अलैहिस्सलाम) और उनके बेटे हजरत इस्माइल (अलैहिस्सलाम) के एक महान इम्तिहान से है। मान्यता है कि अल्लाह ने हजरत इब्राहिम के ख्वाब में आकर उनकी सबसे प्यारी चीज कुर्बान करने का हुक्म दिया था।

प्रशासक बनने से खुश प्रधान विधायक से मिले,सीएम का जताया आभार

सहजनवा,गोरखपुर , 29 मई (तरुणमित्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा ग्राम प्रधानों को छः माह के लिए प्रशासक बनाए जाने से खुश पिपरौली ब्लॉक के दो दर्जन से अधिक प्रधानों और लगभग एक दर्जन क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा शुक्रवार को ग्रामीण विधायक विपिन सिंह से मिलकर सीएम के प्रति आभार व्यक्त किया गया।प्रधान संघ के अध्यक्ष और बेतऊवां ऊर्फ चनऊ के ग्राम प्रधान उमेश निषाद ने कहा कि सीएम द्वारा प्रधानों को दिए गए इस अभूतपूर्व सम्मान के लिए पूरा प्रधान संघ आभारी है। प्रधान को ही प्रशासक नियुक्त किये जाने से गांवों में चल रही विकास संबंधी योजनाएं और जनहित कार्य को गति मिलेगी साथ ही पारदर्शिता भी बनी रहेगी। आगे उमेश निषाद ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी गांव के विकास और गांव के सरकार के प्रति हमेशा संवेदनशील रहते है।

हिंदी पत्रकारिता दिवस पर गोजए करेगा विभिन्न कार्यक्रम

गोरखपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रेस क्लब गोरखपुर के सहयोग सेकल 30 मई 2026 को हिंदी पत्रकारिता दिवस के दो सौ वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा. इस दौरान प्रेस क्लब गोरखपुर का शपथ ग्रहण के साथ पत्रकारों और सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान होगा. साथ ही एक विषद गोष्ठी का भी आयोजन होगा. यह जानकारी देते हुए गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रत्नाकर सिंह ने बताया की शपथ ग्रहण के समारोह की अध्यक्षता इस संसार के प्रमुख पांच विद्वानों में अग्रणी प्रोफेसर अशोक जान्हवी प्रसाद करेंगे,मुख्य अतिथि के रूप में गोरखपुर विश्वविद्यालय के अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉक्टर धर्मवृत तिवारी होंगे. मुख्य वक्ता गोजए के प्रमुख संरक्षक डॉक्टर एसपी त्रिपाठी तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में संरक्षक श्री जगदीश लाल जी उपस्थित रहेंगे. पारंपरिक पत्रकारिता पर सोशल मीडिया का प्रभाव विषय पर गोष्ठी का विषय प्रवर्तन प्रदेश के जाने-माने पत्रकार डॉ कुमार हर्ष करेंगे. गोरखपुर क्लब सभागार में 30 मैं को प्रातः 10:30 बजे से शुरू होने वाले कार्यक्रम में लखनऊ के युवा पत्रकार राघवेंद्र सिंह रघु और अखंड प्रताप शाही भी उपस्थित रहेंगे.इस दौरान डॉ एसपी त्रिपाठी को बाबू हरिहर प्रसाद स्मृति लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया जाएगा। इनके साथ प्रसार भारती के डॉ. बृजेंद्र नारायण को स्व. अरविंद शुक्ला स्मृति सम्मान, श्री शैलेंद्र श्रीवास्तव को स्वङ्ग फुल नारायणधर द्विवेदी स्मृति सम्मान तथा श्री विजय उपाध्याय को स्व0 अशोक अज्ञात स्मृति विशिष्ट प्रतिभा सम्मान दिया जाएगा. आकाशवाणी के उद्घोषक और युवा साहित्यकार मृत्युंजय उपाध्याय नवल को स्व. अरुण गोरखपुरी स्मृति प्रतिभा सम्मान प्रदान किया जाएगा. कार्यक्रम में सामाजिक सरोकारों के लिए व्ययोवृद्ध किन्नर प्रेमा मौसी के साथ वरिष्ठ हाकर पारस नाथ गुप्त को भी सम्मानित किया जाएगा.।

एआईएमएस फैकल्टी सदस्यों ने आयोजित की प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला

गोरखपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। एम्स गोरखपुर के फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग के फैकल्टी सदस्यों ने सोफिया, बुल्गारिया में आयोजित प्रतिष्ठित इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज (IAFS) 2026 सम्मेलन में एक वैज्ञानिक कार्यशाला का सफल आयोजन कर संस्थान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। कार्यशाला की अध्यक्षता डॉ. निलेश तुमराम, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नंदुरबार, महाराष्ट्र द्वारा की गई। डॉ. मनोज बी. परचाके, अतिरिक्त प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग, एम्स गोरखपुर ने सह-अध्यक्ष एवं प्रस्तुतकर्ता के रूप में सहभागिता की। डॉ. नवनीत अटरिया, एसोसिएट प्रोफेसर, फॉरेंसिक मेडिसिन

एवं टॉक्सिकोलॉजी विभाग, एम्स गोरखपुर ने भी प्रस्तुतकर्ता के रूप में वैज्ञानिक सत्रों में सक्रिय योगदान दिया। इनके समन्वित व्याख्यान, व्यावहारिक प्रदर्शन एवं वैज्ञानिक चचाओं को प्रतिभागियों एवं विशेषज्ञों द्वारा अत्यंत सराहा गया कार्यशाला में 25 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों ने सहभागिता की तथा इंटरैक्टि

डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

संत कबीर नगर , 29 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में जिला स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, स्वास्थ्य संकेतकों की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति पर बिंदुवार समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा एजेंडा बिंदु सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की अद्यतन स्थिति एवं लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति से अगवत कराया गया। जिलाधिकारी ने स्वास्थ एवं चिकित्सा सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कदापि लापरवाही न बरती जाए ।

, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का रूटीन टीकाकरण, बच्चों में कुपोषण के स्थिति की जांच आदि की विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। बैठक में जिला स्वास्थ्य समिति(शासी निकाय) के पिछली बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गयी। बैठक में वर्तमान समय में हीट वेव/लू से बचाव के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा समस्त चिकित्साधिकारियों को आवश्यक संसाधनों, दवाओं आदि की उपलब्धता सुनिश्चित रखने हेतु

निर्देशित किया गया। जनपद में संस्थागत प्रसव का आंकड़ा घटने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया शत प्रतिशत प्राइवेट एवं घरेलू प्रसव की ट्रैकिंग करायें एवं संस्थागत प्रसव बढ़ाये जाने हेतु प्रभावी रणनीति बनायें। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थी भुगतान शत प्रतिशत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बाल मृत्यु की रिपोर्टिंग एमपीसी डीएसआर पोर्टल पर कम होने के कारण जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई तथा बघौली, बेलहरकला, नाथनगर, मेंहदावल, सांथा व पौली के बीसीपीएम को स्पष्टीकरण जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

समीक्षा के दौरान एचबीएनसी एवं एचबीवाईसी कार्यक्रम में मेंहदावल एवं सांथा ब्लॉक की उपलब्धि कम होने के कारण जिलाधिकारी ने संबंधित अधीक्षक को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के व्यवस्थित संचालन, ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकत्रियों जैसे-आशा एवं ए0एन0एम0 की कार्य प्रणाली, संस्थागत प्रसव, आभा आई0डी0, आशाओं का भुगतान आदि से सम्बंधित समस्त चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जितनी भी सेवाओं/योजनाओं का संबंध ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकत्रियों (आशा/एएनएम) से है उसकी समीक्षा अनिवार्य रूप से सम्बंधित चिकित्साधिकारीगण एक-एक आशा/एएनएम के सापेक्ष सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं/कार्यक्रमों के संचालन एवं आउटपुट की सतर्क मॉनीटरिंग भी की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी चिकित्साधिकारी अपने चिकित्सालयों में मरीजों के उचित देखभाल से संबंधित बेसिक सुविधाओं जैसे-बैठने की व्यवस्था, पानी, शौचालय, व्हीलचेयर सहित अन्य चिकित्सीय उपकरणों आदि के सुचारू संचालन सुनिश्चित रखें। जिलाधिकारी द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जिला क्षय रोग समिति, संचारी रोग, रेवीज टीकाकरण, स्नेक बाइट वैक्सीन की उपलब्धता, चिकित्सालयों में चिकित्सकों एवं दवाओं की उपलब्धता सहित मरीजों के हित में स्वास्थ्य संबंधित उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं/सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

किसानों के हित में गेहूं खरीद मूल्य बढ़ाने की मांग

पूर्व सांसद डॉ. चन्द्रशेखर त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

बांसी सिद्धार्थ नगर।संत कबीर नगर के पूर्व सांसद डॉ० चन्द्रशेखर त्रिपाठी ने उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर किसानों के हित में गेहूं के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार किसानों से गेहूं की खरीद 2585 प्रति क्विंटल की दर से कर रही है, जबकि मध्य प्रदेश सरकार अपने किसानों से ?2625 प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीद रही है।

ऐसे में उत्तर प्रदेश के किसानों को भी कम से कम समान दर पर भुगतान किया जाना चाहिए। डॉ० त्रिपाठी ने अपने पत्र में कहा कि किसानों को फसल उत्पादन के दौरान अनेक कठिनाइयों और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सिंचाई, खाद, बीज, डीजल और मजदूरी की बढ़ती लागत के साथ-साथ नीलगाय, बंदर, सूअर एवं छुट्टा पशुओं से फसलों को भारी नुकसान होता है। इसके अतिरिक्त सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि, आगजनी और भारी वर्षा जैसी प्राकृतिक आपदाएं किसानों की समस्याओं को और बढ़ा देती हैं।उन्होंने कहा कि देश का पेट भरने वाला किसान यदि स्वयं आर्थिक तंगी और परेशानियों से जूझे तथा आत्महत्या करने को विवश हो जाए, तो यह कृषि प्रधान देश के लिए अत्यंत दुखद और चिंताजनक स्थिति है।किसानों की मेहनत और योगदान का सम्मान करते हुए उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य मिलना आवश्यक है। पूर्व सांसद ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ाकर कम से कम ?2625 प्रति क्विंटल निर्धारित करे तथा किसानों के भुगतान की समुचित और समयबद्ध व्यवस्था सुनिश्चित करे।

डॉ० चन्द्रशेखर त्रिपाठी ने यह भी मांग की कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय करने वाली संस्था सी.ए.सी.पी. में किसानों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए, ताकि किसानों के हितों और समस्याओं को सही तरीके से समझकर निर्णय लिया जा सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री महोदय किसानों के हितैषी हैं और इस विषय पर विशेष ध्यान देते हुए सकारात्मक निर्णय अवश्य लेंगे।

संक्षिप्त समाचार

निजी विद्यालय के प्रबंधक की सड़क हादसे में मौत, परिवार में मचा कोहराम

छितौनी, कुशीनगर, 29 मई (तरुणमित्र)। हनुमानगंज थाना क्षेत्र के तीनबरदहा बांध पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक निजी विद्यालय के प्रबंधक गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज में उनकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।नगर पंचायत छितौनी स्थित समाज कल्याण प्राथमिक विद्यालय के प्रबंधक गिरजेश मिश्रा (45) पुत्र वीरेंद्र मिश्रा बुधवार को जटहा बाजार स्थित गैस एजेंसी पर केवाईसी कराने बाइक से गए थे। देर शाम वह छितौनी-कटाई भरपूरवा बांध मार्ग से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान तीनबरदहा गांव के समीप अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।हादसे में गंभीर रूप से घायल गिरजेश मिश्रा को राहगीरों ने डायल 108 एंबुलेंस की मदद से पीएचसी नेबुआ नौरंगिया पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई

544 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर फरार

देवरिया, 29 मई (तरुणमित्र)। जनपद में अपराध एवं शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना श्रीरामपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक स्कॉर्पियो वाहन से बिहार ले जायी जा रही 63 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। बरामद शराब की कुल मात्रा 544 लीटर बताई गई है, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 4 लाख 11 हजार रुपये है। श्रीरामपुर पुलिस द्वारा शुक्रवार सुबह संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक स्कॉर्पियो वाहन से अवैध शराब बिहार ले जायी जा रही है।सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के टोला अहिबरन राय के पास घेराबंदी कर वाहन संख्या बी आर 01पी के 3321 को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। तलाशी लेने पर वाहन से 63 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब ऑफिसर च्वाइस बरामद हुई।पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन को कब्जे में लेते हुए श्रीरामपुर थाने में आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। फरार अभियुक्त की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक आशीष राय एवं हेड कांस्टेबल पुनित यादव शामिल रहे। क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी अंशुमन श्रीवास्तव ने बताया कि शराब तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा अवैध कारोबार में शामिल लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

डीएम व एएसपी ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का किया निरीक्षण

संत कबीर नगर , 29 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी आलोक कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हास्पिटल, बैरक, मेस, जेल परिसर आदि की सघन चेकिंग की गई, तत्पश्चात कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं/सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए संबंधित जेल अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं, दवाई इत्यादि के बारे में जानकारी की गई। बैरकों की नियमित तलाशी के लिए निर्देशित किया गया। अधिकारीद्वय द्वारा सभी कारागार कर्मियों को सख्त हिदायत दी गई कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाये, समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन पूर्ण व सही तरीके से करें। जेल परिसर की साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध में कारागार कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।इस अवसर पर जेल अधीक्षक कुलदीप सिंह सहित संबंधित अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।इसी क्रम में भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (फ्एल्ळक) संत कबीर नगर द्वारा आज जिला कारागार खलीलाबाद में मशरूम कल्टीवेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिसमें जेलर राकेश कुमार वर्मा, उपकारापाल नयन कमल सिंह, हरकेश गौड़, वरिष्ठ अध्यापक सतीश यादव तथा डिप्टी जेलर स्वाती यादव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान फ्एल्ळक निदेशक विनोद कुमार राव ने सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बंदियों को स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।इस प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों को मशरूम कल्टीवेशन की आधुनिक तकनीक से प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही उन्हें बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल लेन-देन, डिजिटल फ्रॉड एवं डिजिटल अरेस्ट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जागरूक किया जाएगा, जिससे वे भविष्य में सुरक्षित एवं जागरूक सकें।

डीएम ने ईवीएम गोदाम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था परखी

गाजीपुर , 29 मई (तरुणमित्र)। मुख्य विकास अधिकारी एवं प्रभारी जिलाधिकारी आलोक कुमार ने आज जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम गोदाम का निरीक्षण कर वहां की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव, अभिलेखों के संधारण तथा सुरक्षा मानकों के अनुपालन की विस्तार से समीक्षा की।प्रभारी जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ईवीएम गोदाम की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखी जाए तथा निर्धारित निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने गोदाम

में स्थापित सीसीटीवी कैमरों, अग्निशमन उपकरणों तथा प्रवेश-निकास रजिस्टर की भी जांच की और सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) वेद सिंह चौहान एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी देवी प्रसाद सिंह उपस्थित रहे। अधिकारियों ने गोदाम की वर्तमान स्थिति एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्रभारी जिलाधिकारी को उपलब्ध कराई। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ईवीएम की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

जनता दर्शन में आवास निर्माण की बाधा दूर कराने को डीएम का निर्देश

देवरिया, 29 मई (तरुणमित्र)। शुक्रवार को आयोजित जनता दर्शन में नगर पंचायत भलुअनी के जरार वार्ड नंबर-5 निवासी कालिंदी देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास निर्माण में बाधा उत्पन्न किए जाने की शिकायत जिलाधिकारी से की। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों द्वारा निर्माण कार्य रुकवाया जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने नगर पंचायत भलुअनी के अधिशासी अधिकारी से बात कर मौके पर पहुंचकर त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान फरियादिनी के पुत्र अनिल यादव से जिलाधिकारी ने पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली। अनिल ने बताया कि हाईस्कूल के बाद आर्थिक एवं पारिवारिक परिस्थितियों के कारण उसकी पढ़ाई छूट गई।

महिला सुरक्षा के उद्देश्य से पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

संत कबीर नगर, 29 मई (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना के निर्देशन में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने व महिलाओं की सुरक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जनपद के सभी थानों द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा ग्राम चौपाल लगाकर समस्याओं के त्वरित एवं विधिपूर्ण निस्तारण हेतु ग्रामीणों से संवाद कर किया गया जागरुक । इस अभियान के अंतर्गत सभी थानों की एंटीरोमियो टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों पर जाकर बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण अभियान के तहत जानकारी दी गई, साथ ही महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम व उनके अधिकारों की रक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई ।

कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया ।

किसान हितों के वास्तविक पैरोकार थे चौधरी चरण सिंह : चंद्रभूषण

देवरिया, 29 मई (तरुणमित्र)। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के वास्तविक मसीहा ने पिछड़ों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने का ऐतिहासिक कार्य किया। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रवक्ता ने रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित चौधरी चरण सिंह के स्मृति दिवस कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए सदैव किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा। सपा नेता ने कहा कि चौधरी साहब ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए पटवारी राज समाप्त करने तथा किसानों का लगान माफ करने जैसे ऐतिहासिक निर्णय लिए। वहीं प्रधानमंत्री के रूप में भी उन्होंने किसानों की बेहतरी के लिए लगातार प्रयास किए। चंद्रभूषण ने चौधरी चरण सिंह के व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि वह सिद्धांतवादी राजनीति के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब जैसा नेता विरले ही देखने को मिलता है, जो चुनाव प्रचार के दौरान मंच से यह कह सके कि यदि उनका उम्मीदवार झूठ बोलकर टिकट लिया हो और वह चोर, बेईमान अथवा अपराधी हो तो जनता उसे वोट न दे और हरा दे।कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर सुरेश नारायण सिंह, लोरिक यादव, श्यामराज कन्नौजिया, उत्तिम यादव, रामप्यारे यादव, अयोध्या वर्मा, शंकर गोंड, लोरिक गोंड, मोतीलाल सिंह, जंगी गोंड, सतेंद्र यादव, अभिषेक गुड्डू गोंड, संतोष मद्धेशिया एवं गुलाब जायसवाल सहित कई सपाई उपस्थित रहे।

डीएम की सख्तीः पीएचसी भाटपाररानी में अनुपस्थित मिले स्वास्थ्यकर्मी

देवरिया, 29 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी ने शुक्रवार को बारिश के बीच भाटपाररानी तहसील क्षेत्र स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भाटपाररानी एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण, उपस्थिति तथा छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी सुबह लगभग 8:03 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने उपस्थिति पंजिका, दवा वितरण रजिस्टर, वार्ड, ओपीडी एवं अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने तथा मरीजों के समुचित उपचार के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकांश स्वास्थ्य एवं संविदा कर्मी अनुपस्थित पाए गए, जबकि आरबीएसके टीम भी मौके पर मौजूद नहीं मिली। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को चेतावनी दिया कि अगली बार निरीक्षण में स्पष्ट सुधार दिखाई देना चाहिए, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसी दौरान एक गर्भवती महिला प्रसव के लिए अस्पताल पहुंची थी। उसके साथ मौजूद आशा कार्यकर्ता द्वारा प्रस्तुत मदर-चाइल्ड प्रोटेक्शन (एमसीपी) कार्ड अधूरा पाया गया। जिलाधिकारी ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए कहा कि आशा कार्यकताओं को पर्याप्त प्रशिक्षण नहीं दिया जा रहा है । अथवा उनकी नियमित मॉनिटरिंग नहीं हो रही है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि अनुपस्थित कर्मियों से तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण लिया जाए तथा नोडल अधिकारियों एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रभावी अनुश्रवण कराया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर पठन-पाठन एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली तथा नामांकन के सापेक्ष छात्राओं की उपस्थिति बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में नियमित रूप से अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित की जाए, ताकि अभिभावकों को शिक्षा के महत्व एवं शासन की योजनाओं की जानकारी मिल सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं से सवाल पूछकर पठन-पाठन की गुणवत्ता भी परखी। विद्यालय के शौचालयों में लगी टाइल्स क्षतिग्रस्त एवं टूटी मिलीं, जिस पर जिलाधिकारी ने शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

महोबा घटना को लेकर कांग्रेस का सरकार पर हमला

देवरिया, 29 मई (तरुणमित्र)। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने महोबा की दलित छात्रा के साथ हुई अमानवीय घटना को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि महोबा में एक दलित छात्रा का अपहरण कर 16 दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया तथा उसके साथ दुष्कर्म एवं अमानवीय व्यवहार किया गया, लेकिन सरकार का कोई भी प्रतिनिधि पीड़िता का दुख साझा करने उसके घर तक नहीं पहुंचा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जब उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पीड़िता के परिवार से मिलने जा रहे थे, तब उन्हें रोकने का हरसंभव प्रयास किया गया। इसके बावजूद वे पीड़िता के

घर पहुंचे और परिवार का दुख साझा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कांग्रेस नेताओं की संवेदनशीलता से घबरा गई है और उसी के तहत प्रदेशभर में भाजपा कार्यकताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन कराए जा रहे हैं।प्रेस वार्ता के दौरान विजय शेखर ने कहा कि भाजपा सरकार भ्रष्टाचार एवं दमनकारी नीतियों के सहारे जनता का ध्यान वास्तविक मुद्दों से भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार जनता के सवाल उठा रही है, जिससे सरकार बौखलाई हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है तथा सड़कों, अस्पतालों, मनरेगा एवं विभिन्न योजनाओं में व्यापक अनियमितताएं हो रही हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना चाहती है तो अपने मंत्रियों एवं विधायकों की संपत्तियों की भी निष्पक्ष जांच कराए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता एवं शुचिता की पक्षधर है और किसी भी जांच से पीछे हटने वाली नहीं है। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता संजीव मिश्रा एवं भरत मणि त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

संतों–महंतो ने की पंचकोसी परिक्रमा

मिश्रित-सीतापुर , 29 मई (तरुणमित्र)। अधिक मास के पावन अवसर पर धर्म एवं आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है । भगवत आराधना आश्रम जानकी कुंड के महंत श्री श्री 108 गोविन्द दास जी महाराज के तत्वाधान में संचालित 84 कोसीय परिक्रमा यात्रा अपने दस पड़ाव पूर्ण करते हुए शुक्रवार को कस्बा मिश्रित पहुंच गई। यात्रा के नगर आगमन पर श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने संत-महंतों का भव्य स्वागत किया । महर्षि दधीचि की तपो भूमि माने जाने वाले मिश्रित क्षेत्र में पहुंचने के बाद सभी संत-महंतों द्वारा पंचकोसी परिक्रमा प्रारंभ की गई। धार्मिक जयघोष और भजन-कीर्तन के बीच श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने संतों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ।

जिला कारागार में आयोजित हुआ बंदी समस्या समाधान दिवस

संत कबीर नगर, 29 मई (तरुणमित्र)। जनपद न्यायाधीश रणधीर सिंह के निर्देशन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व न्यायिक अधिकारी सुनील कुमार सिंह के पहल पर शुक्रवार को जिला कारागार में बंदी समस्या समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव ने विभिन्न बंदियों के समस्याओं को सुनकर शीघ्र निराकरण हेतु आश्वासन दिया। इस दौरान चोरी के मुकदमे में निरुद्ध एक बंदी ने कहा कि वह जुर्म स्वीकार कर मामले को समाप्त कराना चाहता है। कोतवाली खलीलाबाद के मुखलिसपुर चौक निवासी मो.आसिफ ने कहा कि उसके खिलाफ चोरी के कई मुकदमें विचाराधीन है। वह जुर्म स्वीकार कर व मुकदमा समाप्त कर जेल से रिहा होना चाहता है। इसी थानाक्षेत्र के काशीराम आवास निवासी सूरज विश्वकर्मा ने कहा कि वह दुष्कर्म के मुकदमें में आरोपित है। उसके पास पैरवी करने वाला कोई नही है। उसने सरकारी अधिवक्ता से मामले की पैरवी कराए जाने की माँग की। इसी प्रकार महुली थानाक्षेत्र के निवासी सूर्यप्रकाश ने कहा कि वह भी आर्म्स एक्ट के मुकदमें में जुर्म स्वीकार करना चाहता है। बखिरा थानाक्षेत्र के बूंदीपार निवासी परमेश्वर ने कहा कि वह मारपीट करने के मामले में जिला कारागार में निरुद्ध है। उनके पास पैरवी करने के लिए कोई नही है। उन्होंने ने भी अपने मामले की पैरवी सरकारी अधिवक्ता से कराए जाने की बात कही। चोरी के एक अन्य मामले में निरुद्ध कोतवाली खलीलाबाद के बगहिया निवासी सुधीर चौरसिया ने कहा कि उसकी चोरी के मामले में जमानत हो चुकी है, ।

33 हजार केवी हाईटेंशन लाइन बड़ी अनहोनी को दे रही दावत

तमकुहीराज/कुशीनगर, 29 मई (तरुणमित्र)। अजय नगर बभनौली गांव में आज एक बड़ा बिजली हादसा होते-होते टल गया, जिसने एक बार फिर बिजली विभाग की लापरवाही और ग्रामीणों की जान पर मंडराते खतरे को उजागर कर दिया है। राजापाकड़ से सेवरही उपकेंद्र जाने वाली 33 हजार केवी हाईटेंशन लाइन का तार कई घरों के बेहद करीब से गुजर रहा है, जिसके कारण गांव में हमेशा एक बड़ा खतरा बना रहता है। आज शुक्रवार के दिन की घटना तब हुई जब एक व्यक्ति के घर के पास से गुजर रहे इस हाईटेंशन तार को पहले सूखे बांस के सहारे रेलिंग से दूर किया गया था। लेकिन बारिश के कारण बांस गीला हो गया और उसमें करंट उतर आया। यह करंट पूरे घर के बिजली कनेक्शन में फैल गया, जिससे घर में लगे लाइट, एलईडी, पंखे समेत कई बिजली उपकरण जल गए। गनीमत यह रही कि समय रहते लाइन ट्रिप कर गई, अन्यथा कोई बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता था।स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस गंभीर समस्या को दो दिन पहले ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार राय ने उठाया था, लेकिन जिम्मेदार बिजली विभाग ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जब तक गांव के सामने से गुजर रही 33 हजार केवी की इस लाइन को अंडरग्राउंड नहीं किया जाता, तब तक उनकी जान पर खतरा बना रहेगा।बारिश के बीच, वीरेंद्र पटेल, सुरेश, पप्पू कुमार और आजाद लाइनमैन ने मौके पर पहुंचकर गीले बांस को हटाकर स्थिति को संभाला।इस खतरनाक हाईटेंशन लाइन की जद में आने वाले घरों में प्रमोद यादव, लालमोहन यादव, निजामुद्दी अंसारी, रमेश गुप्ता, राजेश राय उर्फ चुना राय, नथुनी गुप्ता, उपेंद्र राय, गौरीशंकर राय, नरेन्द्र राय, प्रमोद उर्फ जितेंद्र राय, हरीशंकर उपाध्याय, सूरज गुप्ता, शंकर गुप्ता, चितरंज गुप्ता, पिंटू गुप्ता, रामजी गुप्ता, रमाकांत पटेल, महंथ ठाकुर, जगदीश यादव, पप्पू प्रसाद, बाबूलाल गुप्ता, विश्वनाथ प्रसाद, राधेश्याम प्रसाद, उगम गुप्ता, रामबिलास गोंड सहित कई अन्य लोगों के घर शामिल हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली विभाग से इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द स्थायी समाधान करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह

सीतापुर , 29 मई (तरुणमित्र)। किसान मसीहा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 39 वीं पुण्यतिथि पर विकास खंड पहला के सरैया राजा साहब (ग्राम पंचायत सिकंदराबाद) में चौधरी साहब की प्रतिमा पर रालोद कार्यकताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर चौधरी साहब को श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा के दौरान स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए रालोद प्रदेश महासचिव आर पी सिंह चौहान ने कहा कि चौधरी साहब का जीवन उनका कृतित्व और व्यक्तित्व हम सबके लिए प्रेरणा देता है। चौधरी साहब का ग्रामीण उत्थान अभियान सच्चे अर्थों में भारत की प्रगति यात्रा में नींव का पत्थर है। चौधरी चरण सिंह के कारण ही राजनीति में किसान कामगार का भी स्थान बना उनकी आवाज को भी सुना गया।

घर पर प्रसव होने पर सीधे जिम्मेदार होंगे एमओआईसी

स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर जिलाधिकारी सख्त

सिद्धार्थनगर, 29 मई (तरुणमित्र)। जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारीश्री बलराम सिंह की उपस्थिति में हुई इस बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जिले में कोई भी प्रसव घर पर नहीं होना चाहिए। यदि

भीषण आंधी-तूफान के बीच पूरी रात सड़कों पर रहे डीएम-एसपी

- राहत व बचाव कार्यों की कमान संभाली
- आपदा की घड़ी में प्रशासन बना सहारा, प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण
- दो मृतकों के परिजनों को तत्काल सहायता, घायलों के उपचार एवं क्षति आंकलन के निर्देश

उरई, 29 मई (तरुणमित्र)। जनपद में 28 मई की रात्रि आए भीषण आंधी-तूफान, तेज वर्षा एवं बिजली कड़कने की घटना के बाद जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह पूरी रात फील्ड में सक्रिय रहे।

दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने जनपद के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया तथा राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी की। बता दें कि प्रशासन ने आपदा की इस चुनौतीपूर्ण घड़ी में त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावित परिवारों तक सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया तत्काल शुरू कर दी। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने राजकीय मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण कर चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक सेवाएं निर्बाध रूप से संचालित रहें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त दवाएं, बेड, बिजली बैकअप एवं मानव संसाधन उपलब्ध रहें। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी दैनिक क्षति सूचना के अनुसार भीषण आंधी-तूफान की घटना में जनपद में दो लोगों की दुखद मृत्यु हुई है।

शासन की निर्धारित व्यवस्था के अंतर्गत मृतकों के आश्रितों को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके अतिरिक्त 23 पशुओं की क्षति, 7 व्यक्तियों के घायल होने तथा 45 मकानों के आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है। कुल 12.88 लाख से अधिक की राहत सहायता प्रभावित परिवारों को प्रदान किए जाने हेतु प्रस्तावित की गई है। जिलाधिकारी ने राजस्व, स्वास्थ्य, विद्युत, पुलिस एवं नगर निकाय विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा राहत कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप आपदा प्रभावित प्रत्येक नागरिक तक समयबद्ध सहायता पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने बताया कि आंधी-तूफान के कारण कई स्थानों पर विद्युत पोल एवं लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिनका सर्वे एवं मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर से प्राप्त मौसम चेतावनियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार, मुनादी एवं जनजागरूकता के कारण संभावित क्षति को काफी हद तक कम किया जा सका है। प्रशासन की सतत निगरानी, त्वरित कार्रवाई एवं पूरी रात फील्ड में मौजूद रहकर किए गए प्रयासों के चलते जनपद में स्थिति नियंत्रण में है तथा राहत एवं पुनर्वास कार्य निरंतर जारी हैं।

नगर समेत 35 गांवों की बिजली आपूर्ति प्रभावित

जालौन/उरई, 29 मई (तरुणमित्र)। गुरुवार की रात आई आंधी के कारण बिजली विभाग को नुकसान हुआ। आंधी आने के कारण नगर में 18 पोल टूट गये हैं और ग्रामीण क्षेत्र में लगभग एक सैकड़ा पोल और पेड़ों के गिरने से तार क्षतिग्रस्त हुए हैं। पोल व तार टूटने के कारण नगर समेत 35 गांवों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हैं। नगर की आपूर्ति 19 घंटे में बहाल हो गयी जबकि ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति को बहाल करने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

लगातार तापमान बढ़ने के कारण गर्मी से जनता कराह रही थी। गुरुवार की रात करीब 11 बजे अचानक तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश होने लगी। आंधी व पानी आने के बाद तापमान में गिरावट आने के कारण लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली। आंधी आने के नगर व ग्रामीण की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। बुधवार की रात करीब साढ़े 11 बजे से नगर व ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। आंधी आने के कारण जगह जगह पेड़ उखड़ गये तथा टूट गए जिससे बिजली के पोल व तार क्षतिग्रस्त हो गए। आंधी आने से सैकड़ों पेड़ों के गिरने से बिजली के तार भी क्षतिग्रस्त हो गए। आंधी आने व पेड़ गिरने के कारण नगर क्षेत्र में 18 पोल टूट गए। आंधी आने के कारण क्षतिग्रस्त हुए बिजली के पोल व तार के कारण नगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति गुरुवार की रात साढ़े 11 बजे से शुक्रवार की शाम छह बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रही। बिजली आपूर्ति ठप होने से जलापूर्ति भी ठप हो गई।

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

उरई, 29 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा-2026 की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा को नकलविहीन, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।

बता दें कि जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन 31 मई 2026 को दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली प्रातः 09:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक संचालित होगी। परीक्षा के लिए जनपद में कुल 07 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें गांधी महाविद्यालय उरई, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज उरई, दयानंद वैदिक महाविद्यालय उरई, सनातन धर्म इंटर कॉलेज उरई, सर्वोदय इंटर कॉलेज उरई, आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज उरई एवं राजकीय इंटर कॉलेज उरई शामिल हैं। इन केंद्रों पर कुल 3068 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं, जो केंद्र व्यवस्थापकों के साथ समन्वय स्थापित कर संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी निगरानी, सीलबंद पैकेटों की सुरक्षा एवं गोपनीय सामग्री के परिवहन की व्यवस्था को पूरी तरह सुरक्षित एवं मानक अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने रूप से निर्देशित किया कि परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी निरीक्षक, कर्मचारी अथवा सपोर्ट स्टाफ द्वारा मोबाइल फोन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) योगेन्द्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी सहित संबंधित अधिकारी, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं परीक्षा से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ बकरीद

उरई, कालपी सहित संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार भ्रमण, ड्रोन व पुलिस बल की निगरानी से बना सौहार्दपूर्ण माहौल

उरई, 29 मई (तरुणमित्र)। ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह पूरे दिन जनपद में सक्रिय रहे। दोनों अधिकारियों ने उरई, कालपी सहित विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बता दें कि जिलाधिकारी ने पर्व के दौरान सभी अधिकारी सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के वातावरण में सम्पन्न कराए जाएं। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील स्थलों पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भी सतत निगरानी रखी जा रही है और माहौल बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।जनपद में प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल, मजिस्ट्रेट तैनात रहे। ड्रोन कैमरों एवं सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की गई तथा लगातार गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। अधिकारियों ने मस्जिदों एवं ईदगाहों के आसपास साफ-सफाई, पेयजल, यातायात एवं विद्युत व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। जनपद में ईद-उल-अजहा का पर्व पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ, जो जनपद की गंगा-जमुनी तहजीब एवं सामाजिक एकता का प्रतीक है।

टीजीटी परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क, डीएम ने दिए कड़े निर्देश

- 3 व 4 जून को 07 परीक्षा केंद्रों पर होगी परीक्षा, चार पालियों में 9252 अभ्यर्थी होंगे शामिल

उरई, 29 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) लिखित परीक्षा-2026 की तैयारियों को लेकर सम्बंधित अधिकारियों को परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं सुरक्षा के साथ सम्पन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए।

बता दें कि जिलाधिकारी ने कहा कि टीजीटी लिखित परीक्षा का आयोजन 03 एवं 04 जून 2026 को दो-दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली प्रातः 09:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:30 बजे से 04:30 बजे तक आयोजित होगी। जनपद में परीक्षा हेतु कुल 07 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, दयानंद वैदिक महाविद्यालय, श्री गांधी इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज, सनातन धर्म इंटर कॉलेज एवं आर्य कन्या इंटर कॉलेज उरई शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 03 जून को प्रथम पाली में 2692 एवं द्वितीय पाली में 2127 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे, जबकि 04 जून को प्रथम पाली में 2263 एवं द्वितीय पाली में 2170 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। इस प्रकार कुल 9252 अभ्यर्थी चार पालियों में परीक्षा देंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा को नकलविहीन एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने के लिए 07 स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं 07 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। सभी अधिकारी लगातार परीक्षा केंद्रों की निगरानी करेंगे।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी निरीक्षक, कर्मचारी अथवा सपोर्ट स्टाफ द्वारा मोबाइल फोन का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप परीक्षा की पवित्रता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) योगेन्द्र कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

नीम के पेड़ में फिर लगी आग

कोंच/उरई, 29 मई (तरुणमित्र)। जनपद के कोंच तहसील परिसर में स्थित लेखपाल कक्ष के पीछे लगे एक नीम के पेड़ में गुरुवार देर रात आग लग गई थी। आग पूरी तरह शांत होने से पहले ही शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे उसी पेड़ में एक बार फिर अचानक आग भड़क उठी। इस घटना से तहसील परिसर में हड़कंप मच गया और कर्मचारियों व स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी फैल गई। गुरुवार देर रात पुराने नीम के पेड़ से अचानक धुआं और आग की लपटें उठने लगी थीं। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया था। उस समय यह माना गया था कि आग पूरी तरह बुझ चुकी है। हालांकि, शुक्रवार सुबह पेड़ के अंदरूनी हिस्से में सुलग रही आग ने फिर से विकराल रूप ले लिया। तहसील परिसर पहुंचे कर्मचारियों ने पेड़ से धुआं निकलता देखा तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना प्रशासन और दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने दोबारा पानी डालकर आग बुझाई। अधिकारियों ने बताया कि पेड़ अंदर से खोखला होने के कारण आग पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकी थी, जिसके चलते यह दोबारा धधक उठी। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे किसी प्रकार का बड़ा नुकसान नहीं हुआ। फिलहाल, आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल सका है और प्रशासन मामले की जांच में जुटा हुआ है।

ओटीपी प्राप्त न होने से उपभोक्ता परेशान

जालौन/उरई, 29 मई (तरुणमित्र)। गैस बुकिंग के लिए ओटीपी समय से प्राप्त न होने के चलते गैस उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ रहा है। कई दिन उन्हें सिलिंडर के लिए इंतजार करना पड़ता है। नगर की जालौन इंडेन गैस सर्विस और ग्रामीण क्षेत्र की चैहान इंडेन गैस एजेंसी के उपभोक्ता बुकिंग के बाद समय से ओटीपी प्राप्त न होने के चलते परेशान होते नजर आ रहे हैं। उपभोक्ता अशफाक राईन, जावेद, विनय, आशीष आदि ने बताया कि गैस लेने के लिए ओटीपी आवश्यक है। कंपनी के दिए गए नंबर पर कॉल करने के बाद मैसेज तो प्राप्त होता है लेकिन ओटीपी प्राप्त नहीं होती है। एजेंसी पहुंचने पर जानकारी दी जाती है कि जब तक ओटीपी नहीं होगी तब तक गैस नहीं मिलेगी। ऐसे में ओटीपी के लिए कई दिन इंतजार करना पड़ रहा है। इस दौरान सिलिंडर न होने पर दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। नगर के लोगों ने कंपनी के उच्चाधिकारियों से मांग करते हुए कहा कि 25 दिन के बाद जब बुकिंग की जाती है, तो सर्वर में ऐसी व्यवस्था की जाए ताकि लोगों को तुरंत ओटीपी प्राप्त हो सके और उन्हें गैस के लिए परेशान न होना पड़े।

आंधी और बारिश के चलते जगह-जगह पर हुआ नुकसान

जालौन/उरई, 29 मई (तरुणमित्र)। तेज आंधी से कोतवाली के ऊपर स्थित वायरलेस सिस्टम का टावर उखड़कर गिर गया। वहीं, एमएल कांवेंट स्कूल में दूसरी इमारत से टिन शैड का फ्रेम आकर गिरा। गुरूवार की रात आई आंधी और बारिश के चलते जगह जगह पर नुकसान हुआ। एक ओर जहां एमएल कांवेंट स्कूल के गेट पर दो गली छोड़कर स्थित एक बगल की इमारत से टिन शैड फ्रेम सहित आकर गिर गई। रात के समय यह हादसा होने के चलते कोई हताहत नहीं हुआ। यदि यह हादसा दिन में होता तो मुश्किल हो सकती थी। हादसे में एक बिजली का खंभा भी गिर गया। दूसरी ओर कोतवाली के ऊपर वायरलैस सिस्टम का टावर लगा हुआ था। आंधी में टावर उखड़कर गिर गया साथ ही सौर ऊर्जा प्लेटें भी उखड़ गईं।

तेज हवाओं ने शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक जनजीवन को पूरी तरह किया अस्त-व्यस्त

दो की मौत, 6 लोग घायल : पेड़-खंभे गिरे; 12 घंटे से बिजली-यातायात ठप

उरई, 29 मई (तरुणमित्र)। जनपद में गुरुवार की रात आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने पूरे जनपद में भारी तबाही मचा दी। जिसकी वजह से 2 लोगों की मौत हो गई और 6 लोग घायल हो गए। अचानक बदले मौसम और 80 से 90 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चली तेज हवाओं ने शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया।

बता दें कि जिले के कई इलाकों में पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर पड़े, बिजली के खंभे टूट गए और टीनशेड उड़कर दूर जा गिरे। तूफान के चलते लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। आंधी के दौरान कई स्थानों पर मकानों की दीवारें और टीनशेड गिरने से बच्चों समेत आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल उरई में

भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। तेज तूफान के कारण शहर के मुख्य मार्गों के साथ-साथ ग्रामीण संपर्क मार्गों पर भी यातायात प्रभावित रहा। कई जगह सड़क पर बड़े पेड़ गिर जाने से घंटों तक वाहन फंसे रहे और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसी बीच उरई-राठ मार्ग पर हाई टेंशन लाइन का एक विशाल खंभा अचानक भरभराकर सड़क पर गिर पड़ा। खंभे के साथ बिजली के तार भी सड़क पर फैल गए, जिससे मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज हवा के बीच जोरदार आवाज के साथ खंभा गिरा, जिससे आसपास मौजूद लोग घबरा गए। गनीमत यह रही कि कोई वाहन इसकी चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। सुरक्षा के मद्देनजर तत्काल बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई और पुलिस ने मार्ग पर आवाजाही रोक दी। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने जेसीबी और अन्य संसाधनों की मदद से गिरे हुए खंभे और पेड़ों को हटाने का कार्य शुरू किया। साथ ही क्षतिग्रस्त बिजली लाइनों को दुरुस्त करने का काम भी युद्धस्तर पर जारी रहा।

कार-बाइक की टक्कर में मां की मौत, बेटा घायल

जालौन/उरई, 29 मई (तरुणमित्र)। लगभग 25 दिन पूर्व मां को बाइक पर बैठाकर रिश्तेदारी में जा रहे युवक की बाइक में तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में मां बेटे घायल हो गए। इलाज के दौरान मां की मौत हो गई। पीड़ित बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। रामपुरा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मजीठ निवासी प्रशांत कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपनी मां मुन्नी के साथ अपने गांव से रिश्तेदारी में जा रहे थे। जब वह सहाव मोड़ के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे कार चालक ने तेजी व लापरवाही से कार चलाते हुए उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह दोनों घायल हो गए। पहले उन्हें सीएचसी ले जाया गया और फिर उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान मां की मौत हो गई।

नगर की विभिन्न मस्जिदों में शांति व भाइचारे के साथ अदा की बकरीद की नमाज

जालौन/उरई, 29 मई (तरुणमित्र)। नगर की मस्जिदों में शांति व भाइचारे के साथ ईद उल अजहा की नमाज पढ़कर मुल्क में अमन, शांति व भाइचारे की दुआएं मांगी गईं। नमाज के बाद राजनेताओं एवं समाजसेवियों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद उल अजहा की बधाई दी। वहीं, पुलिस प्रशासन भी मुस्तैदी के साथ मस्जिदों के आस-पास गश्त करता नजर आया।

ईद उल अजहा के मुबारक मौके पर नगर की विभिन्न मस्जिदों में शांति व भाइचारे के साथ बकरीद की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मुल्क में अमन व शांति, अल्लाह की राह में कुबार्नी को कुबूल करने, गुनाहों से माफी की दुआऐं मांगी गईं। दुआ के बाद सभी एक-दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी। बकरीद की नमाज सबसे पहले मुहल्ला तोपखाना स्थित ईदगाह में कारी उवैश ने अदा कराई। मौलाना सुल्तान अहमद जामई ने दुआ कराई। तकिया वाली मस्जिद में शहर काजी मौलाना साबिर, मदरसा वाली मस्जिद में कारी उजैर, हुसैनी मस्जिद में हाफिज सईद, सुब्हानी जामा मस्जिद में मौलाना शहाबुद्दीन, वाले वाली मस्जिद में कारी सम्से आलम ने ईद की नमाज अदा कराई। इसके अलावा बड़ी ईदगाह, मोती मस्जिद, इमाम चैक समेत एक दर्जन से अधिक मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान कहीं कोई अराजक तत्व नगर की शांति भंग करने की कोशिश न करे, इसके लिए सभी मस्जिदों के आसपास पुलिस फोर्स तैनात रहा। इतना ही नहीं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिंकू सिंह राही, सीओ शैलेंद्र कुमार वाजपेयी, कोतवाली प्रभारी हरिशंकर चंद, इंस्पेक्टर क्राइम विनय मौर्य, चैकी प्रभारी मनीष तिवारी भी पुलिस फोर्स के साथ नगर के विभिन्न मार्गों व मस्जिदों के आसपास गश्त करते नजर आए।

बुंदेली बिन्नू कार्यक्रम में गूंजी बेटियों की किलकारी, नवजात बच्चियों का हुआ सम्मान

जिला महिला चिकित्सालय में अनोखे जन्मोत्सव ने दिया 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का प्रेरक संदेश

उरई, 29 मई (तरुणमित्र)। जिला महिला चिकित्सालय उरई में जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्षा मंजुला पाण्डेय जी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित बुंदेली बिन्नू जन्मोत्सव कार्यक्रम भावनात्मक, प्रेरणादायी एवं सामाजिक चेतना से परिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान 13 नवजात बच्चियों को बेबी किट, खिलौने, वस्त्र एवं सम्मान पत्र प्रदान कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में उस समय भावुक एवं सुखद वातावरण बन गया जब मंजुला पाण्डेय ने नवजात बच्चियों के सादे कागज पर लाल स्याही से पदचिह्न लेकर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बेटियां परिवार, समाज और राष्ट्र की शक्ति हैं तथा उनके जन्म को उत्सव के रूप में मनाने से समाज में सकारात्मक सोच विकसित होती है। उन्होंने कहा कि जनपद में बेटियों के सम्मान एवं सुरक्षा के लिए इस प्रकार की पहल निश्चित रूप से सामाजिक बदलाव का मजबूत आधार बनेगी। उन्होंने उपस्थित परिवारजनों एवं महिलाओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को बेटियों को शिक्षित, आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्षा ने बुंदेली बिन्नू कार्यक्रम के संचालक रोहित विनायक की सराहना करते हुए कहा कि समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने का उनका यह अभियान अत्यंत प्रेरणादायी है। रोहित विनायक ने बताया कि वह विगत 6 वर्षों से प्रतिदिन बुंदेली बिन्नू कार्यक्रम के माध्यम से नवजात बच्चियों का सम्मान कर रहे हैं तथा परिवारों को बालिकाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 12 हजार से अधिक बच्चियों को बुंदेली बिन्नू सम्मानह्वसे नवाजा जा चुका है। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में बेटियों के सम्मान, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। उपस्थित लोगों ने इस अनूठी पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

ईद-उल-अजहा पर नमाज अदा कर मांगी अमन चैन की दुआ

कोंच/उरई, 29 मई (तरुणमित्र)। नगर में हर्षोल्लास से ईद-उल-अजहा बकरीद पर मनाया गया कोंच नगर की ईदगाह पर मुस्लिम समुदाय के लोग भारी संख्या में पहुंचे और सुबह 7:45 पर बकरा ईद की नमाज शुरू की गई मौलाना सगीर साहब ने नमाज अदा कराई ईदगाह कमेटी के सदर शमशाद खान के साथ कमेटी के लोगों ने सभी को ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी और ईदगाह की इंतजामियां कमेटी ने सभी व्यवस्थाएं चाक चैबंद कराई इसके बाद कुर्बानियों का सिलसिला शुरू हुआ जो कि सारे दिन चलता रहा तीन दिनों तक कुर्बानियों का दौर जारी रहेगा वही ईदगाह पर समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष अमित यादव, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, बसपा नगर अध्यक्ष फीरोज खान सहित गुलामांने मुस्तफा सोसाइटी के लोगों ने टेंट लगाकर शीतल पेयजल सभी को पिलाया और सभी राजनीतिक दलों के लोग मौजूद रहे बसपा के विधानसभा प्रभारी आशीष पांडे अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ मुस्लिम समाज के लोगों से गले मिलते नजर आए। ईदगाह कमेटी के सदर शमशाद खान, मोहम्मद अहमद, रंजन बेग, शईद अहमद, खन्ना ट्रेलर, तारुफ हुसैन, अहमद खा, कड्डू मामा, मुन्ना सादुआ, शईद अहमद, एडवोकेट चुन्ना नेता, नौशाद पठान सहित कमेटी के लोगों ने सभी व्यवस्थाएं चाक चैबंद कराई और शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद की नमाज संपन्न हुई वहीं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए एसडीम हेमंत पटेल, सीओ परमेश्वर प्रसाद, नायब तहसीलदार जितेंद्र पटेल, कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह, नगर पालिका के सुनील यादव मौजूद रहे वही चैधरी रामसेवक, भोलानाथ झा, अशफाक गौरी, सैफल्ला खा, बटी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

ओवरलोडिंग व जलभराव से समय से पहले करोड़ों की रोड हो रही ध्वस्त

राज्यमंत्री के प्रयास से दशकों के बाद चौड़ीकरण के कुछ समय पूर्व बनी थी रोड
क्षेत्रीय जनता को दोबारा से पुराने समय के बदहाल आवागमन का होने लगा एहसास

बांदा , 29 मई (तरुणमित्र)। केन्द्र में नरेन्द्र मोदी व प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार व सुगम यातायात व्यवस्था के लिए उपयोगी प्रयास जारी हैं। कुछ धरातल पर पूर्ण हो गए व कुछ अभी भी गतिशील है जिनको तय समय-सीमा व उच्च गुणवत्ता परक पूर्ण करने का काम जारी है।

लेकिन इस इस विकास में बालू गिट्टी से लदे ओवरलोडिंग ट्रकों की धमा-चौकड़ी व जलजीवन मिशन में हर घर नल से जल पहुंचाने में डाली गई पाइपलाइन लिकेज ने पलीता लगा दिया है। जिससे नवनिर्मित सड़क ध्वस्त हो गई है। जिसमें जनपद की तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जसपुरा ब्लाक में जसपुरा से सेमरा डेरा तक 19.890 किमी सड़क का निर्माण कार्य वर्ष 2023 से जनवरी 2024 में 25 करोड़ 54 लाख में बनकर तैयार हुई। परन्तु इस क्षैत्र में संचालित बालू खदानों से निकलने वाले

ओवरलोडिंग ट्रकों की धमा-चौकड़ी व जलजीवन मिशन में डाली गई पाइपलाइन में लिकेज से हुऐ जलभराव के कारण जगह जगह पर सड़क गढ्ढों व छोटे तालाबों में बदल गई है। जिसमें निर्बाध सुगम आवागमन मानों एक दिवास्वपन्न हो। बताते चलें कि इस सड़क से क्षेत्र के तीन दर्जन से अधिक गांवों के हजारों ग्रामीण जसपुरा ब्लाक होते हुए मण्डल मुख्यालय तक अपनी मूलभूत आवश्यकताओं स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार व कृषि के लिए आवागमन करते हैं। जिसके लिए ग्रामीण पिछले कई दशकों से क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और उच्चाधिकारियों से आरजू मिन्नतें करते रहे।

जिसमें इस बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने के लिए वर्तमान विधायक व प्रदेश सरकार के जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने पूरी शिद्दत से प्रयास किए। परिणामस्वरूप चमचमाती रोड़ को जनता के आवागमन के लिए सुरक्षित व सुगम बनाने में सफलता हासिल की। वर्तमान में करोंड़ों रूपए से बनीं सड़क ओवरलोडिंग ट्रकों की रफ्तार व जलभराव के कारण समाप्ति की कगार पर पहुंच गई। क्षेत्रीय तहसील प्रशासन को मानों कोई भी खबर ना इस प्रकार चुप्पी साध कर सब देख रहें हैं जिसका आरोप ग्रामीण लगा रहे हैं।

तीव्र आंधी से जगह-जगह टूट कर धराशाई हुए टीन टप्पड

पैलानी/बांदा, 29 मई (तरुणमित्र)। पैलानी तहसील के पैलानी जसपुरा बरेहटा, निवाइच , पपरेंदा तक जगह-जगह गिरे पेड़ गिरे पड़े थे एसडीएम पैलानी अंकित वर्मा के साथ टीम को लगाकर रास्ता साफ करवाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर देर रात आये आंधी तूफान से खप्टिहा कलां कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रीय गांव में लोगों के टीन टप्पड उड़ जाने तथा बड़े-बड़े दरख्खत पेड़ जमीन से उखड़ गए और लोगों के घरों में जा गिरे ऐसा ही एक मामला खप्टिहा कलां कस्बे के राम भरोसे वर्मा, कूबत बाबा के धार्मिक स्थल पर भारी भरकम पेड़ जमीन से उखड़ गए और घरों में जा गिरे इसी प्रकार पूरन, राजकरण, कालका के घरों में लगी टीने उड़कर दूर जा गिरने से घर के नीचे सोए हुए परिवार बाल बाल बचे। कस्बे के ग्रामीणो देसी वर्मा, संजय सोनी, नितिन कश्यप, राजेंद्र यादव, बाबूलाल गुप्ता, आदि लोगों ने बताया की देर रात आए तूफान से सारे कस्बे में उथल-पुथल मच गई । जो जहां थे वहीं ठिठक गए भारी भरकम नुकसान के साथ सुबह होते ही लोग अपने उजड़े हुए आसियानों को संवारने में जुट गए हैं विद्युत व्यवस्था भी जगह-जगह विधुत पोल, ट्रांसफार्मर नीचे टूटकर गिर गए है टूटे हुए तारों से धडाम हो गई ।

डीसीएम की टक्कर से चाचा की मौत,भतीजा घायल

बिंदकी, फतेहपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। अपने घर से दावत में जा रहे बाइक सवार चाचा-भतीजे को डीसीएम गाड़ी ने तेज टक्कर मार दिया जिसके चलते चाचा की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई वहीं भतीजा गंभीर घायल हो गया जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली बिंदकी कस्बे के खजुहा चौराहे के समीप सम्राट सिनेमा मोड में शुक्रवार की सुबह लगभग 6 बजे डीसीएम गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दुक्खी 57 वर्ष पुत्र कल्लू की मौके पर मौत हो गई जबकि उसका भतीजा इमरान 26 वर्ष पुत्र रमजान निवासी बलुआपुर धोबिन का पुरवा गंभीर घायल हो गया। दुर्घटना के बाद हड़कंप मच गया मौके पर भारी भीड़ लग गई। घायल इमरान को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार बाद रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन रो-रोकर बेहाल हो रहे थे। बताया जाता है कि मृतक चाचा दुक्खी अपने भतीजे इमरान के साथ बाइक द्वारा मलवा थाना क्षेत्र के अढेना गांव एक दावत कार्यक्रम में जा रहे थे तभी रास्ते में दुर्घटना हो गई।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरूकता गोष्ठी आयोजित

फतेहपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी 31 मई विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में अमर शहीद जोधा सिंह अटैया ठाकुर दरियाव सिंह मेडिकल कॉलेज में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों, युवाओं में बढ़ती लत और समाज पर इसके घातक प्रभावों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं डीन डॉ. राजेश कुमार मौर्या ने किया। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वर्ष 1987 में तम्बाकू सेवन से बढ़ती मौतों और बीमारियों को देखते हुए विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाने की शुरूआत की गई थी, जिसे वर्ष 1988 से प्रत्येक वर्ष 31 मई को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य युवाओं और बच्चों को तम्बाकू की लत से बचाना, धूम्रपान एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों के उपयोग को कम करना तथा सार्वजनिक स्थानों को तम्बाकू मुक्त बनाना है। उप प्रधानाचार्य डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि भारत में कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण तम्बाकू सेवन है। उन्होंने बताया कि सेकेंड हैंड स्मोक यानी दूसरे के धुएं से भी लोगों को गंभीर स्वास्थ्य नुकसान पहुंचता है। नोडल अधिकारी डॉ. राजेन्द्र कुमार ने कहा कि गुटखा, सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों की लत मुख्य रूप से निकोटीन के कारण होती है। यदि व्यक्ति दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ इसे छोड़ने का प्रयास करे तो मात्र दो से तीन सप्ताह में इस आदत को बदला जा सकता है। उन्होंने बताया कि तम्बाकू छोड़ने की प्रक्रिया शुरू होने के 72 घंटे के भीतर निकोटीन शरीर से बाहर निकलने लगता है। जिला अपर शोध अधिकारी महेन्द्र सिंह लोधी ने भी जागरूक किया। उत्तर प्रदेश वॉलेंट्री हेल्थ एसोसिएशन के रीजनल कोऑर्डिनेटर ने कहा कि तम्बाकू सेवन जानलेवा साबित हो सकता है। अंत में मेडिकल कॉलेज के 86 छात्र-छात्राओं एवं फैकल्टी सदस्यों ने तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ ली और समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

बीला दक्षिण गांव में भीषण अग्निकांड 4 परिवारों के आशियाने राख

महोबा, 29 मई (तरुणमित्र)। कबरई क्षेत्र के बीला दक्षिण गांव में बुधवार देर रात भीषण आग लगने से चार परिवारों के घर जलकर राख हो गए। आग की चपेट में आने से घरों में रखा अनाज, घरेलू सामान और बाइक समेत लाखों रुपये की संपत्ति स्वाहा हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और पीड़ित घनश्याम, सुरेश, अशोक और रवि के आशियानों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घरों में रखा सामान पूरी तरह जल चुका था। पीड़ित परिवारों का कहना है कि आग लगने से उनके सामने रहने और खाने तक का संकट खड़ा हो गया है। घटना में अनाज, कपड़े, जरूरी दस्तावेज और एक बाइक भी जलकर राख हो गई।

राजघाट रोड हरदीला में शराब दुकान का विरोध तेज

ललितपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। राजघाट रोड हरदीला क्षेत्र में संचालित शराब की दुकान को लेकर अब स्थानीय छात्र-छात्राओं का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। क्षेत्र के दर्जनों छात्र-छात्राओं ने जिलाधिकारी एवं जिला आबकारी अधिकारी को सामूहिक प्रार्थना पत्र सौंपकर शराब दुकान को आबादी से हटाकर अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की मांग की है। छात्रों का कहना है कि दुकान के कारण क्षेत्र का माहौल लगातार खराब हो रहा है और इसका सीधा असर उनकी पढ़ाई, मानसिक स्थिति और सुरक्षा पर पड़ रहा है। प्रार्थना पत्र में छात्र-छात्राओं ने भावुक अपील करते हुए लिखा कि वह सभी प्रतियोगी परीक्षाओं एवं शैक्षणिक तैयारी में जुटे हुए हैं, लेकिन शराब दुकान के आसपास असामाजिक तत्वों

के जमावड़े के कारण अब उनका कोचिंग जाना, लाइब्रेरी जाना और बाजार तक निकलना मुश्किल हो गया है। छात्रों ने प्रशासन से कहा कि हम पढ?ा चाहते हैं, हमारी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

टैक्सी स्टैंड के सामने शराब दुकान, छात्राओं में भय

छात्रों ने बताया कि जिस स्थान पर शराब की दुकान संचालित हो रही है, उसके ठीक सामने टैक्सी स्टैंड स्थित है, जहां से छात्र-छात्राएं कोचिंग और लाइब्रेरी आने-जाने के लिए वाहन लेते हैं। शाम के समय यहां शराबियों की भीड़ लगने से छात्राओं को भारी असुरक्षा महसूस होती है। कई बार अभद्र टिप्पणियों और असहज माहौल का सामना भी करना पड़ता है। छात्राओं ने कहा कि अंधेरा होने के बाद स्थिति और अधिक भयावह हो जाती है, जिसके चलते अभिभावकों ने बेटियों को अकेले बाहर भेजना लगभग बंद कर दिया है। अब कई छात्र-छात्राओं की कोचिंग और लाइब्रेरी जाना तक रुक गया है।

माता मंदिर के पास दुकान से धार्मिक भावनाएं भी आहत

स्थानीय लोगों ने बताया कि शराब दुकान से करीब 30 से 40 कदम की दूरी पर माता का प्रसिद्ध मंदिर स्थित है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं, छात्राएं एवं श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचते हैं, लेकिन शराब दुकान के कारण मंदिर परिसर के आसपास का वातावरण प्रभावित हो रहा है। महिलाओं ने भी इस पर नाराजगी जताई है।

बुंदेली समाज ने उठाई महोबा में डिजिटल आल्हा म्यूजियम बनाने की मांग

आल्हा ऊदल की जन्मस्थली दिसरापुर गांव को आदर्श गांव घोषित किया जाए

महोबा, 29 मई (तरुणमित्र)। बुंदेलों ने आज ज्येष्ठ दशहरा पर गुरू गोरखनाथ के शिष्य वीर आल्हा का जन्मोत्सव मनाया। आल्हा चौक पहुंचकर उनकी विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं उनकी वीर गाथाओं का बखान किया। इस मौके पर बांदा से आये कमलेश व सौरभ यादव ने भी वीर आल्हा को नमन किया। बुंदेलों ने प्रशासन से आल्हा की धरोहरों को बचाने की मांग की एवं महोबा में एक ऐसा डिजिटल आल्हा म्यूजियम बनाने का आग्रह किया जिसमें उनके जन्म से लेकर उनकी सभी लड़ाईयों का सचित्र विवरण हो। बुंदेली समाज के संयोजक तारा पाटकर बुंदेलखंडी ने कहा कि गुरू गोरखनाथ के कहने पर ही आल्हा ने 1182 में दिल्ली नरेश पृथ्वीराज चौहान को प्राणदान दिया और संन्यास ले लिया था लेकिन वीर भूमि महोबा की शान आल्हा की

सभी निशानियां अब धीरे-धीरे मिट रही हैं। जिनको बचाना बहुत जरूरी है ताकि भावी पीढी इन योद्धाओं की वीरता और पराक्रम के बारे में जान सके। उन्होंने कहा कि भारी उपेक्षा के चलते महोबा में आल्हा बैठक, आल्हा की गिल्लू, इंदल बैठक जैसे सभी ऐतिहासिक स्थल अब अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहे हैं। उनके इतिहास की महोबा में कहीं कोई जानकारी नहीं मिलती।

आल्हा ऊदल से संबंधित संपूर्ण इतिहास की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए महोबा में एक आल्हा म्यूजियम बनाने के मांग न जाने कितनी बार उठाई जा चुकी है लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ। चंदेल राजा परमाल के सेनापति दसराज व माता देवला की संतान आल्हा का जन्म महोबा शहर से 4 किलोमीटर दूर जिस दिसरापुर गांव में 12वीं शताब्दी में हुआ था, अब वहां आल्हा ऊदल की सारी निशानियां मिट गई हैं। दिसरापुर गांव को आदर्श गांव घोषित कर विकसित किया जाना चाहिए। बस आल्हा चौक की हालत थोड़ी ठीक है जिसका निर्माण 1984 में तत्कालीन ज्वांइट मजिस्ट्रेट संजीव अहलूवालिया ने करवाया था लेकिन कजली मेले में आल्हा ऊदल का विजय जुलूस यहां से नहीं निकलता। महामंत्री डा. अजय बरसैंया ने कहा कि ज्येष्ठ दशहरा को ही गंगा दशहरा कहते हैं। आज ही गंगा नदी का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। हिन्दुओं में आज के दिन का विशेष महत्व है।

अघोषित बिजली कटौती से भड़के शहरवासी

ललितपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। शहर में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ लोगों का गुस्सा आखिरकार सड़क पर फूट पड़ा। भीषण गर्मी और रातभर हो रही बिजली कटौती से परेशान शहर के एक सैकड़ा से अधिक लोग आधी रात अपने बच्चों और बुजुर्गों को साथ लेकर जिलाधिकारी आवास पहुंच गए और वहां धरना देकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। देर रात हुए इस प्रदर्शन का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि पिछले कई दिनों से शहर में बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली काटी जा रही है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। भीषण गर्मी के चलते छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों की हालत खराब हो रही है।

ईद-उल-जुहा की नमाज सकुशल सम्पन्न पुलिस-प्रशासन रहा पूरी तरह मुस्तैद

महोबा, 29 मई (तरुणमित्र)। जनपद महोबा में ईद-उल-जुहा (बकरीद) की नमाज शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोबा गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह द्वारा प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की टीम के साथ थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत स्थित ईदगाह पहुँचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया तथा नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा धर्मगुरुओं एवं आमजन से भेंट कर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी गई तथा आपसी भाईचारे एवं सद्भाव के साथ पर्व

मनाने का संदेश दिया गया। जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में ईदगाहों, मस्जिदों एवं अन्य संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल, पीएसी एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों की तैनाती सुनिश्चित की गई।

सभी क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतत भ्रमणशील रहकर सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखते हुए नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराते रहे। नमाज उपरांत मुस्लिम धर्मगुरुओं, गणमान्य नागरिकों, बुजुर्गों, एवं विशेष रूप से बच्चों को बकरीद की शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान सभी नागरिकों से शांति, सौहार्द एवं आपसी सद्भाव बनाए रखने की अपील की गई तथा जनपद में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। महोबा पुलिस जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रखने तथा प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

भाकियू महात्मा टिकैत ने मनाई चौ. चरण सिंह की पुण्यतिथि

फतेहपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के पदाधिकारियों ने चौ0 चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुण्यतिथि मनाते हुए गोष्ठी में उन्हें याद किया तत्पश्चात मासिक बैठक में मुरादाबाद के किसानों को बिना शर्त जेल से रिहा किए जाने की मांग उठाई।कार्यक्रम का आयोजन नहर कालोनी परिसर में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव रामदत्त मिश्र ने शिरकत की। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मधुसूदन तिवारी ने की। उपस्थित पदाधिकारियों व किसानो ने सर्वप्रथम चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुण्यतिथि मनाई। मासिक बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव श्री मिश्र ने कहा कि सात जून को मुरादाबाद के चौबीस किसानों को जेल से बिना शर्त रिहा किए जाने की समय सीमा समाप्त होगी। राष्ट्रीय नेतृत्व का जो भी आदेश होगा उसका अनुपालन किया जाएगा। हरिद्वार में 19, 20 व 21 जून को आयोजित होने वाले चिंतन शिविर में संगम एक्सप्रेस से सभी किसान 18 जून को रवाना होंगे। बैठक में मांग किया कि किसानों के यहां लगे स्मार्ट मीटर बदलकर पुराने मीटर लगाए जाएं।

आंधी-तूफान से खराब हुई विद्युत लाइनों को दुरूस्त किया जाए। बैठक के दौरान मो0 नसरद, काशी प्रसाद, हरीलाल, पप्पू सिंह, शैलेन्द्र सिंह चौहान, राजू सिंह, कल्लू सिंह, जितेन्द्र त्रिपाठी, राम आसरे, साधना मिश्रा, अखिलेश सिंह, विजय सिंह, सत्यजीत सिंह, बबलू सिंह चौहान, कुंदन सिंह, प्रशांत सिंह, मुशीर अहमद आदि मौजूद रहे।

भीषण गर्मी व लू से बचाव को जिला प्रशासन अलर्ट

हमीरपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी द्वारा नगर निकाय और राजस्व विभाग को भीषण गर्मी तपन से बचने के लिए 14 लाख की धनराशि आवंटित की है। जिलाधिकारी ने सभी जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे इलाकों में पेयजल की समुचित व्यवस्था कराने, गर्मी से बचाने तथा उसके उपचार की व्यवस्था करें।

निर्देश दिए हैं लेकिन ऐसा कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। बजट से कागजों तक सीमित होकर केधन का बंदर बांट होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है । युवा अधिवक्ता राम सिंह का कहना है कि जनपद न्यायालय चौराहे पर खाली घड़े बंद कूलर व अन्य व्यवस्था देखी जा सकती है। जिलाधिकारी से जनता ने अनुरोध किया है कि इन व्यवस्थाओं को एक बार अचानक निरीक्षण भी किया जाए ताकि लोगों को व्यवस्थाओं का लाभ मिल सके।

जिलाधिकारी हमीरपुर अभिषेक गोयल के निर्देशन में जनपद में लगातार बढ़ते तापमान एवं उष्ण लहर (लू) के प्रभाव को देखते हुए जनसुरक्षा एवं राहत हेतु व्यापक स्तर पर तैयारियाँ सुनिश्चित की गई हैं। वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण विशेष रूप से मजदूरों, किसानों एवं धूप में कार्य करने वाले लोगों में निर्जलीकरण एवं लू लगने की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ कार्य कर रहा है। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार लू एवं भीषण गर्मी से बचाव हेतु जनपद की समस्त तहसीलों एवं नगरीय निकायों में राहत व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है।

शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई ई-दुल-अजहा की नमाज

हमीरपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। हमीरपुर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में मौदहा नगर सहित आज ईदुल अजहा बकरीद की नमाज शांतिपूर्वक रूप से संपन्न हुई है।बकरीद की नमाज के दौरान देश में अमन चैन भाईचारा देश तरक्की के लिय नमाजियों ने दुआ करी है।नगर के मीरा तालाब स्थित बड़ी ईदगाह में शहर पेस इमाम कारी करामात उल्ला ने बकरीद की नमाज अदा कराई है।नमाज के बाद देश में खुशहाली अमन चैन और देश तरक्की की दुआ मांगी गई है।साथ ही शहर पेस इमाम ने खुतबे के दौरान बकरीद पर्व के बारे में नमाजियों को जानकारी देते हुए आपसी एकता सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील करते हुए बंद जगहों पर जानवरों की कुबार्नी करने की अपील की है। बकरीद की नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईदुल अजहा बकरीद की मुबारक बाद पेस की है।नमाज के बाद नगर के कई मदरसों में सामूहिक कुर्बानियों के सिलसिले के साथ ही लोगों के घरों पर जानवरों की कुर्बानियों का सिलसिला शुरू हो गया है।

जिलाधिकारी ने दिलाई तम्बाकू निषेध की शपथ

कन्नौज, 29 मई (तरुणमित्र)। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस (31 मई) के अवसर पर जनपद कन्नौज में तम्बाकू नियंत्रण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु आज कलेक्ट्रेट परिसर में विशेष अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में स्थापित जागरूकता बोर्ड पर हस्ताक्षर कर अभियान की औपचारिक शुरूआत की तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तम्बाकू निषेध की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि तम्बाकू सेवन मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक है तथा यह कैंसर, हृदय रोग एवं श्वसन संबंधी गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण बनता है। उन्होंने बताया कि जनपद में आज से 03 जून 2026 तक व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों एवं विभिन्न संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम, रैलियां एवं प्रचार-प्रसार गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को तम्बाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों एवं सामाजिक-आर्थिक नुकसान के प्रति जागरूक करना है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं तम्बाकू एवं तम्बाकू उत्पादों के सेवन से दूर रहें तथा अपने परिवार और समाज को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता एवं सामूहिक प्रयासों के माध्यम से ही 'तम्बाकू मुक्त कन्नौज'के लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना के तहत आज से होगा संचालन

चित्रकूट, 29 मई (तरुणमित्र)। सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक चित्रकूट डिपो राकेश कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक चित्रकूट डिपो राकेश कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना-2026' के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर एवं सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु चित्रकूट जनपद में 04 बसों का शुभारम्भ दिनांक 30.05.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे उत्तर प्रदेश राज्य सडक परिवहन निगम के बस स्टेशन (बेडीपुलिया) चित्रकूट, चित्रकूट डिपो से किया जाएगा।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी के प्रतिनिधि, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में चित्रकूट जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, चित्रकूट मुख्य विकास अधिकारी महोदय, पी०टी०ओ० तथा क्षेत्रीय प्रबन्धक , चित्रकूटधाम क्षेत्र बाँदा की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना-2026 का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के यात्रियों को सुरक्षित, सुलभ एवं नियमित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है, जिससे आमजन को आवागमन में सुविधा प्राप्त हो सके।

जनगणना-2027 : प्रथम चरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 13 प्रगणकों का हुआ सम्मान

लगातार फील्ड मॉनिटरिंग से जनगणना कार्य में आई तेजी, अधिशासी अधिकारी ने बढ़ाया टीम का उत्साह

ललितपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराए जाने हेतु नगर पालिका परिषद, ललितपुर के चार्ज अधिकारी/अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा लगातार फील्ड भ्रमण कर जनगणना कार्यों की समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में नगर क्षेत्र के 13 प्रगणकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में जनगणना कार्य पूर्ण किए जाने पर शुक्रवार को सुपर मार्केट स्थित आईसीसीसी जनगणना कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर चार्ज

अधिकारी/अधिशासी अधिकारी विश्वकर्मा ने कार्य पूर्ण करने वाले प्रगणकों एवं उनकी निगरानी कर रहे सुपर वाइजरों को फूलमाला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने सभी प्रगणकों एवं सुपर वाइजरों की मेहनत, लगन एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के बीच घर-घर जाकर जनगणना कार्य को गति देना अत्यंत सराहनीय कार्य है। सम्मानित होने वाले प्रगणकों में ब्लॉक नंबर-186 के चन्द्रमोहन चौबे, ब्लॉक नंबर-246 के प्रवीण सोनी, ब्लॉक नंबर-01 के भगवान सिंह, ब्लॉक नंबर-02 के वीरेन्द्र, ब्लॉक नंबर-81 के चन्द्रविनोद मिश्रा, ब्लॉक नंबर-302 के आदेश, ब्लॉक नंबर-134 की प्रियंका सक्सैना, ब्लॉक नंबर-235 के दिनेश कुमार विश्वकर्मा, ब्लॉक नंबर-129 के मनोहरलाल नामदेव, ब्लॉक नंबर-126 की साधना पटैरिया, ब्लॉक नंबर-127 की मीना जैन, ब्लॉक नंबर-289 की स्मृति सिंह एवं ब्लॉक नंबर-145 के दीपेन्द्र कुमार शामिल रहे इसके साथ ही सुपर वाइजर अनिल पटैरिया, शक्ति सिंह अहिरवार एवं मनोज कुमार को भी सम्मानित किया गया। चार्ज अधिकारी/अधिशासी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण में भवन गणना का कार्य किया जा रहा है।

नगर क्षेत्र को कुल 311 ब्लॉकों में विभाजित किया गया है, जहां प्रत्येक ब्लॉक में एक-एक प्रगणक एवं उनकी निगरानी हेतु सुपर वाइजर तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 13 ब्लॉकों का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा शेष 298 ब्लॉकों का कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराने हेतु लगातार मॉनिटरिंग एवं फील्ड निरीक्षण किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान जनगणना लिपिक हबीब खान, लिपिक अमित पाराशर, फील्ड ट्रेनर शक्ति सिंह अहिरवार, अंकित तिवारी, आशीष मालवीय, अभिषेक सिंह, देवकी कुशवाहा सहित नगर पालिका परिषद के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

युवक ने ग्राइंडर मशीन से गला काटकर की आत्महत्या

प्रयागराज, 29 मई (तरुणमित्र)। जनपद के फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा चौकी अंतर्गत कोहना मोहल्ले में गुरुवार देर रात एक युवक ने ग्राइंडर मशीन से अपना गला काटकर आत्महत्या कर ली। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक की पहचान शाहरुख उर्फ अतीक (30) पुत्र मोहम्मद हबीब निवासी कोहना मोहल्ला के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शाहरुख का पत्नी गुलफसा से लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था और मामला न्यायालय में विचाराधीन था। शाहरुख घर से ही वेल्डिंग का काम करता था और उसी से परिवार का पालन-पोषण करता था।

गुरुवार रात शाहरुख अपने बीमार बेटे अजहान को देखने अस्पताल गया था। बेटे के इलाज के लिए उसने करीब 18 हजार रुपये भी जमा किए थे। देर रात घर लौटने के बाद वह अपने विकलांग पिता हबीब के साथ कमरे में सो रहा था। इसी दौरान रात करीब दो बजे वह उठकर बरामदे में गया और ग्राइंडर मशीन से अपना गला रेत लिया।

करीब तीन बजे पिता की नींद खुली तो उन्होंने बेटे को आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। गेट अंदर से बंद होने के कारण पड़ोसियों ने छत के रास्ते घर में प्रवेश किया, जहां शाहरुख खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा मिला।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर थाने लाई। पंचनामा भरने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

कोतवाली प्रभारी शेषनाथ पाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक कलह में आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

टीजीटी : 8.68 लाख अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

प्रयागराज, 29 मई (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज ने प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) भर्ती परीक्षा-2022 के लिए बनाए गए कुल 36 जिलों की सूचना एवं परीक्षा की समयसारिणी वेबसाइट पर जारी कर दी है। प्रत्येक मंडल मुख्यालय सहित मंडल के एक-एक अन्य जिलों में केंद्र बनाए गए हैं। कुल 36 जिलों के 614 केंद्रों पर परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए 8,68,531 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। तीन और चार जून को आयोजित होने वाली परीक्षा के आयोजन की तैयारियां आयोग ने पूरी कर ली हैं। प्रवेश पत्र 30 मई को वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग के उप सचिव संजय कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा दोनों दिन दो पालियों में कराई जाएगी। पहली पाली का समय सुबह 9:30 से 11:30 तक तथा दूसरी पाली का समय दोपहर बाद 2:30 से 4:30 बजे तक निर्धारित है। पहले दिन पहली पाली में विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, उर्दू तथा दूसरी पाली में गणित, हिंदी, संगीत गायन एवं कृषि विषय की परीक्षा का आयोजन होगा। दूसरे दिन पहली पाली में जीवविज्ञान, अंग्रेजी, गृहविज्ञान, संगीत वादन तथा दूसरी पाली में कला, संस्कृत एवं वाणिज्य विषय की परीक्षा कराई जाएगी। उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग के उप सचिव ने बताया कि परीक्षा के लिए आगरा, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, अयोध्या, सुल्तानपुर, आजमगढ़, मऊ, बदायूं, बरेली, बस्ती, संतकबीरनगर, बांदा, चित्रकूट, बहराइच, गोंडा, देवरिया, गोरखपुर, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, लखनऊ, रायबरेली, गाजियाबाद, मेरठ, भदोही (संत रविदास नगर), मीरजापुर, मुरादाबाद, रामपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, जौनपुर एवं वाराणसी जिले में केंद्र बनाए गए हैं।

विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के तहत पर्यावरण सेना ने ग्रामीणों के साथ किया पौधारोपण

प्रतापगढ़, 29 मई (तरुणमित्र)। आज पर्यावरण सेना द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत जनमानस को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक करते हुए मदरा गांव में लोगों को जलवायु कार्यवाही के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी द्वारा ग्रामीणों के साथ अमरूद के पौधों का रोपण एवं वितरण करके किया गया। लोगों ने पौधारोपण के साथ ही जल संरक्षण, प्लास्टिक का त्याग, ऊर्जा की बचत और वन्यजीवों की सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूनेस्को द्वारा वर्ल्ड वाटर अवार्ड विजेता एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि जलवायु संरक्षण के लिए कार्बन उत्सर्जन को रोकना होगा। इसके साथ ही पौधारोपण कर उन्हें पेड़ बनाने के साथ ही जंगलों को कटने से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक आज हमारे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए खतरा बन चुका है। प्लास्टिक के बढ़ते प्रयोग से जहां एक ओर जल एवं मृदा प्रदूषण बढ़ रहा है वहीं इसे जलाने से कार्बन उत्सर्जन के चलते जलवायु संकट बढ़ रहा है। पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने सभी जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए पर्यावरण के अनुकूल व्यवहार परिवर्तन हेतु प्रेरित किया। पर्यावरण सेना प्रमुख ने इसके पूर्व वितरित पौधों का हाल चाल लिया और पौधों को बचाने के लिए महिलाओं को प्रेरित करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

2 कुंतल 21 किलो 640 ग्राम अवैध गांजा के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़, 29 मई (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार व क्षेत्राधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के कुशल पर्यवेक्षण/नेतृत्व में थाना प्रभारी फतनपुर मनीष कुमार त्रिपाठी मय हमराह एवं स्वाट टीम प्रभारी मय हमराह द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्रान्तर्गत पकड़ी बॉर्डर बैरियर के पास ट्रक को रोककर चेक किया गया। तलाशी के दौरान ट्रक में छिपाकर रखी गई कुल 07 बोरियों से कुल 02 कुंतल 21 किलो 640 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। मौके से ट्रक चालक सहित कुल 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना फतनपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। मो. अरबाज पुत्र मो0 असलम निवासी ग्राम जाफरपुर थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 25 वर्ष, शोएब मलिक पुत्र स्व. इस्तेखार अली निवासी ग्राम कठार मधुपुर थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 22 वर्ष एवं मो0 वासिर पुत्र मो0 शरीफ निवासी ग्राम मंदाह थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 27 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे उड़ीसा से अवैध गांजा लाकर ट्रांसपोर्ट के माध्यम से अन्य सामानों के बीच छिपाकर विभिन्न स्थानों पर सप्लाई करते थे तथा अवैध कारोबार से आर्थिक लाभ अर्जित करते थे।

प्रदेश सरकार में भ्रष्टाचार व अपराध का बोलबाला: डॉ. नीरज

प्रतापगढ़, 29 मई (तरुणमित्र)। शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ते अपराध और सरकार की संवेदनहीन कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए।

उन्होंने कहा कि महोबा की दलित छात्रा के साथ हुई अमानवीय घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। छात्रा का अपहरण कर 16 दिनों तक बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म एवं नरसंहार जैसा व्यवहार किया गया, लेकिन सरकार का कोई भी नुमाइंदा पीड़िता के घर नहीं पहुंचा। जब अजय राय पीड़िता का दुख साझा करने उनके घर जा रहे थे, तब भाजपा सरकार द्वारा उन्हें रोकने का हर संभव प्रयास किया गया।

डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह संवेदनहीन हो चुकी है। जो सरकार पीड़िता के आंसू पोंछने तक नहीं पहुंची, वही सरकार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के मानवीय कार्य से घबराकर विरोध प्रदर्शन करा रही है। भाजपा नेताओं द्वारा अजय राय की संपत्ति की जांच की मांग करना हास्यास्पद है, जबकि प्रदेश में भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार 'काम लो, चंदा दो' की नीति पर चल रही है। आगरा नगर निगम द्वारा निजी बिजली कंपनी टोरेंट का 430 करोड़ रुपये माफ करना तथा विभिन्न पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाना भ्रष्टाचार का बड़ा उदाहरण है। कांग्रेस पार्टी लगातार ईडी, आयकर और सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग का मुद्दा उठाती रही है।

सरकार को वाकई में अगर भ्रष्टाचार को बेनकाब करना है और उनमें अगर साहस है तो अपने मंत्रियों एवं विधायकों की संपत्ति की जांच कर ले यह पता चल जाएगा पिछले 9 साल में कितनी लूट हुई है मिड डे मील से लेकर सड़कों तक, अस्पताल की दवाइयां से लेकर मनरेगा तक चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला जारी है यहां तक की इन लोगों ने प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या जी को भी नहीं छोड़ा है,न सिर्फ मंदिर के चंदा पर लूट हुई है बल्कि जितना अयोध्या में विकास नाम पर धनउगाही हुई है वह सब सबके सामने है। हम राहुल गांधी के सिपाही हैं हम सार्वजनिक जीवन में पूरी तरीके से सुचिता बरतते हैं जिस एजेंसी से चाहिए हमारी जांच कर लीजिये, मगर शर्त यह है कि उन्हीं एजेंसियों से भाजपा के मंत्रियों एवं विधायकों की भी जांच होनी चाहिए। जिला अध्यक्ष ने प्रतापगढ़ जिले की कानून व्यवस्था पर भी गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि जिले में लगातार हो रही बड़ी चोरी और लूट की घटनाएं यह साबित करती हैं कि अपराधियों में पुलिस और प्रशासन का कोई भय नहीं रह गया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि अंतू थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत गड़वारा के डंगरी वार्ड में 18 मई 2026 की रात सात घरों में चोरी हुई, जिसमें भाजपा नेता नवीन सिंह के आवास पर उनके बड़े भाई एवं परिजनों को पिस्टल के बल पर बंधक बनाकर लगभग 15 से 16 लाख रुपये की लूट की गई।

इसी प्रकार 24 अप्रैल 2026 की रात अंतू थाना क्षेत्र के पूरे माधव सिंह ग्रामसभा में शीतला सिंह के आवास पर लगभग 50 लाख रुपये की लूट हुई तथा उसी रात गड़ई चकदईया निवासी पवन पांडेय उर्फ रिंकू के घर लगभग 16 लाख रुपये की लूट हुई।

नगर कोतवाली क्षेत्र के गोड़े ग्रामसभा में 15 फरवरी 2026 की रात लाल प्रताप सिंह के घर 40 से 45 लाख रुपये, पूर्व प्रधान ध्रुव प्रताप सिंह के घर 15 लाख रुपये तथा शेर बहादुर सिंह के घर लगभग 5 लाख रुपये की लूट हुई।

फतनपुर थाना क्षेत्र के गारापुर-बीरापुर ग्रामसभा में 16 मई 2026 की रात देवी प्रसाद पांडेय के आवास पर 30 से 35 लाख रुपये की चोरी हुई, वहीं कमला देवी के घर एक लाख रुपये और कुछ दूरी पर सुभाष पांडेय के घर 10 से 15 लाख रुपये की चोरी हुई।

डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि लगातार हो रही इन घटनाओं से आम जनता भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर है। अपराधी बेखौफ होकर बड़ी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जबकि सरकार केवल प्रचार और विपक्ष को दबाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज उठाती रहेगी और प्रदेश और जनपद में बिगड़ती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार एवं अपराध के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रहेगा।

जीएसटी कटौती, फैमिली आईडी और पीएम सूर्यघर योजना पर सचिवों को मिला प्रशिक्षण

जिले में विकास भवन स्थित सरस हॉल में शुक्रवार को जिले के समस्त ग्राम पंचायत सचिवों, विकास खण्ड स्तर पर तैनात सहायक लेखाकार/लेखाकार, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) एवं खण्ड विकास अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों एवं क्षेत्र पंचायतों के वित्तीय कार्यों, योजनाओं की प्रगति तथा प्रशासनिक दायित्वों को लेकर विस्तार से दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त वाणिज्य कर एवं अन्य प्रशिक्षक दल द्वारा ग्राम पंचायतों और क्षेत्र पंचायतों द्वारा विभिन्न मदों में किए जाने वाले भुगतानों पर जीएसटी एवं टीडीएस की दो प्रतिशत कटौती प्रत्येक स्थिति में अनिवार्य रूप से किए जाने के संबंध में पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अधिकारियों ने वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

परियोजना निदेशक मनोज वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पूर्व में चयनित लाभार्थियों की पात्रता जांच के लिए एक जून से 10 जून तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाओं की बैठक आयोजित कर पात्र लाभार्थियों की अंतिम सूची तैयार की जाए, जिससे योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच सके। उपायुक्त एनआरएलएम ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा से जुड़े पात्र श्रमिक परिवार, जो अभी तक स्वयं सहायता समूहों से नहीं जुड़े हैं, उन्हें अनिवार्य रूप से समूहों से जोड़ा जाए। साथ ही प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रति सप्ताह कम से कम एक स्वयं सहायता समूह का गठन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अधिकारियों को अवगत कराया गया कि जनपद में वर्तमान समय में 9197 फैमिली आईडी बनना अभी शेष है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी ने विकास खण्ड स्तर पर नियमित समीक्षा करते हुए लंबित फैमिली आईडी शीघ्र बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रैंकिंग में जनपद की स्थिति बेहतर बनी रहेगी।

अजय कुमार ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हासिल की डी.फिल. की उपाधि

● ग्राम सभा और ग्राम पंचायत की चुनौतियों पर किया महत्वपूर्ण शोध कार्य

प्रयागराज, 29 मई (तरुणमित्र)। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग से पीसीएस अधिकारी अजय कुमार ने 'उत्तर प्रदेश में स्वायत्त शासन की इकाई के रूप में ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायत के समक्ष चुनौतियों का अध्ययन' विषय पर डी.फिल. (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त कर महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की है।

इस उपलब्धि को उन्होंने अपने जीवन का गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय क्षण बताया। अजय कुमार ने अपनी सफलता के लिए सर्वप्रथम ईश्वर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी कृपा और आशीर्वाद से ही शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो सका। उन्होंने अपने शोध निर्देशक स्वर्गीय प्रोफेसर एच.के. शर्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका विद्वत्तापूर्ण मार्गदर्शन, शोध के प्रति समर्पण और प्रेरणादायी व्यक्तित्व हमेशा प्रेरणास्रोत बना रहेगा। उन्होंने पूर्व सदस्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं वरिष्ठ शिक्षाविद प्रोफेसर पंकज कुमार के प्रति विशेष आभार जताया। शोधार्थी ने कहा कि प्रोफेसर पंकज कुमार के मार्गदर्शन, सहयोग और सतत प्रेरणा ने शोध कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा उन्होंने प्रोफेसर अनुराधा अग्रवाल और प्रोफेसर मोहम्मद शाहिद के प्रति भी आभार व्यक्त किया।

एसपी ने आमजन की समस्याओं का गंभीरता से समाधान करने के दिए निर्देश

प्रतापगढ़, 29 मई (तरुणमित्र)। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय, क्षेत्राधिकारी लाइन शिव नारायण वैस व क्षेत्राधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी की उपस्थिति में पुलिस कार्यालय प्रतापगढ़ में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा आमजन की समस्याओं, शिकायतों एवं प्रार्थना पत्रों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। प्रत्येक शिकायत पर उपलब्ध तथ्यों का अवलोकन करते हुए संबंधित राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रकरण का पारदर्शी, निष्पक्ष एवं परिणामोन्मुख निस्तारण किया जाए।

सखी वन स्टाप सेंटर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

कौशाम्बी, 29 मई (तरुणमित्र)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय कौशाम्बी के तत्वावधान में सखी वन स्टाप सेंटर, मंझनपुर में एसिड अटैक पीड़ितों, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) 2012 तथा सुसाइड अवेयरनेस विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने महिलाओं, बच्चों और पीड़ितों के अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. नितेश सिंह ने वन स्टाप सेंटर में रह रही महिलाओं एवं रहवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आत्महत्या किसी समस्या का

समाधान नहीं है। यदि कोई व्यक्ति मानसिक या शारीरिक शोषण का शिकार हो रहा है तो उसे अपने परिवार, शिक्षक अथवा संबंधित अधिकारियों से संवाद कर कानूनी सहायता लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समय पर मदद मिलने से समस्याओं का समाधान संभव है और जीवन के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है। चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल अमित मिश्रा ने महिला सशक्तिकरण एवं लैंगिक समानता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई प्रभावी कानून बनाए गए हैं। उन्होंने घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013, दहेज निषेध अधिनियम 1961, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976, प्रसूति सुविधा संशोधन अधिनियम 2017, अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम 1956, महिलाओं का अशिष्ट चित्रण निषेध अधिनियम 1986 तथा हिंदू विवाह अधिनियम 1955 सहित विभिन्न कानूनों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद-15 जाति, धर्म, नस्ल और लिंग के आधार पर भेदभाव को प्रतिबंधित करता है तथा सभी को समान अधिकार प्रदान करता है। लैंगिक समानता का अर्थ महिलाओं, पुरुषों और थर्ड जेंडर को समान अवसर, समान वेतन और समान अधिकार उपलब्ध कराना है।

डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल अख्तर अहमद खान ने कहा कि लैंगिक समानता केवल महिलाओं का मुद्दा नहीं बल्कि समूचे समाज के विकास का आधार है। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 23 एवं 24 के तहत शोषण के विरुद्ध अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि बाल श्रम निषेध अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम तथा पॉक्सो अधिनियम जैसे कानून बच्चों और महिलाओं को शोषण से सुरक्षा प्रदान करते हैं। पराविधिक स्वयं सेवक अमरदीप दिवाकर ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दी जाने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, महिलाएं, बच्चे, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लोग, दिव्यांग, आपदा पीड़ित, औद्योगिक श्रमिक एवं जेल में बंद व्यक्ति भी निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं टोल फ्री नंबर 18004190234 की जानकारी भी दी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रिया सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और कानूनी रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

अन्तर्जनपदीय हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त उस्मान 6 जिन्दा बम के साथ गिरफ्तार

प्रतापगढ़, 29 मई (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कन्धई प्रभारी निरीक्षक आदित्य कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 विवेक कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना कन्धई क्षेत्रान्तर्गत उतरास मोड बैरियर चौराहा के पास से 01 अन्तर्जनपदीय अभियुक्त उस्मान पुत्र जहीर उर्फ जहीरुद्धीन निवासी ग्राम पूरे वजानी थाना कंधई जनपद प्रतापगढ उम्र 43 वर्ष को 06 अदद जिन्दा अवैध देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया।

एआई और डेटा साइंस आज जटिल समस्याओं के समाधान का प्रमुख आधार: प्रो. सुतावने

प्रयागराज, 29 मई (तरुणमित्र)। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद ऑनलाइन मोड में एग्जीक्यूटिव एम.टेक इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा साइंस कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इसके संचालन हेतु संस्थान ने टीमलीज एडटेक लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता संस्थान की ओर से डॉ. मंदर सुभाष कार्यकर्ते, कुलसचिव द्वारा हस्ताक्षरित किया गया।संस्थान के निदेशक प्रो. मुकुल शरद सुतावने ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस आज उद्योगों में नवाचार और जटिल समस्याओं के समाधान का प्रमुख आधार बन चुके हैं। इस समझौते के माध्यम से संस्थान भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप पेशेवरों को उन्नत क्षमताओं से लैस करने के लिए एक सशक्त और प्रासंगिक शैक्षणिक मंच उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम के समन्वयक, प्रो मनीष कुमार, विभागाध्यक्ष, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने बताया कि यह कार्यक्रम इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी अथवा संबंधित विषयों में स्नातक डिग्री रखने वाले पेशेवरों एवं विद्यार्थियों के लिए तैयार किया गया है। जिन अभ्यर्थियों को प्रोग्रामिंग एवं गणित का आधारभूत ज्ञान तथा कार्यानुभव होगा, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित एग्जीक्यूटिव एम.टेक कार्यक्रम दो वर्षीय ऑनलाइन पाठ्यक्रम होगा, जिसका उद्देश्य शिक्षार्थियों को ए आई, एमएल और डेटा साइंस के क्षेत्र में मजबूत सैद्धांतिक आधार के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल प्रदान करना है।

भाजपा सरकार के मंत्रियों-विधायकों की संपत्ति की हो जांच: गौरव

कौशाम्बी, 29 मई (तरुणमित्र)। कांग्रेस पार्टी कार्यालय कौशाम्बी में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आवाहन पर भाजपा सरकार के सभी पूर्व एवं वर्तमान मंत्रियों और विधायकों की संपत्ति की जांच कराने की मांग उठाई। उन्होंने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार, संवेदनहीनता और सत्ता के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए गौरव पाण्डेय ने कहा कि महोबा की एक दलित छात्रा का अपहरण कर उसे 16 दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया तथा उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के बाद भाजपा सरकार का कोई प्रतिनिधि पीड़िता के घर नहीं पहुंचा। वहीं जब उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पीड़िता का दुख साझा करने जा रहे थे, तब उन्हें

रोकने का हर संभव प्रयास किया गया, लेकिन वह पीड़िता के घर पहुंचे और परिवार का हाल जाना।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के इस मानवीय प्रयास से भाजपा सरकार और उसके समर्थक बौखला गए। सरकार के संरक्षण में भाजपा कार्यकताओं द्वारा प्रदेशभर में अजय राय के विरोध में प्रदर्शन किए गए। यहां तक कि सरकार के मंत्री और विधायक भी विरोध में उतर आए तथा अजय राय की संपत्ति की जांच कराने की मांग करने लगे। गौरव पाण्डेय ने कहा कि यह अत्यंत हास्यास्पद है कि भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी भाजपा सरकार कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की संपत्ति की जांच की मांग कर रही है, जबकि अजय राय का सार्वजनिक जीवन पूरी तरह पारदर्शी रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आगरा नगर निगम द्वारा निजी बिजली कंपनी टोरेंट का 430 करोड़ रुपये का बकाया माफ किया गया। इसके अलावा बड़े पूंजीपतियों के हजारों करोड़ रुपये माफ कर भाजपा ने उनसे राजनीतिक लाभ लेने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पहले भी यह मुद्दा उठा चुकी है कि भाजपा सरकार 'काम लो-चंदा दो' की नीति पर कार्य कर रही है। ईडी और आयकर छापों के जरिए दबाव बनाकर वसूली करना भाजपा की कार्यशैली बन चुकी है, जो भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा उदाहरण है।कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि यदि सरकार वास्तव में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना चाहती है तो उसे अपने मंत्रियों और विधायकों की संपत्ति की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए। इससे पिछले नौ वर्षों में हुए भ्रष्टाचार का खुलासा हो जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि मिड-डे मील, सड़क निर्माण, अस्पतालों की दवाइयों और मनरेगा जैसी योजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। यहां तक कि अयोध्या में विकास कार्यों और मंदिर चंदे के नाम पर भी धन उगाही की गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी के सिपाही हैं और सार्वजनिक जीवन में पूरी पारदर्शिता और शुचिता के साथ कार्य करते हैं। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि किसी भी एजेंसी से कांग्रेस नेताओं की जांच करा ली जाए, लेकिन उसी एजेंसी से भाजपा सरकार के मंत्रियों और विधायकों की भी जांच होनी चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश सचिव राम बहादुर त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू, जिला महासचिव श्याम सिंह भदौरिया, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, जिला सचिव हेमंत रावत, वार्ड सचिव नौशे आलम, आलोक त्रिपाठी, प्रियांशु त्रिपाठी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गैर जनपद स्थानांतरण पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह को दी गई भावभीनी विदाई

कौशाम्बी, 29 मई (तरुणमित्र)। जिले में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के गैर जनपद स्थानांतरण होने पर पुलिस विभाग द्वारा एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण ने उन्हें स्मृति चिन्ह एवं प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी।

समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने राजेश कुमार सिंह के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं ईमानदारी के साथ किया। अधिकारियों ने कहा कि उनके नेतृत्व में जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने, अपराध नियंत्रण तथा प्रशासनिक कार्यों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

वक्ताओं ने कहा कि राजेश कुमार सिंह की जनोन्मुखी कार्यशैली एवं पुलिस-प्रशासन के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने की क्षमता के कारण जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण सहयोग मिला। उनके कार्यकाल को पुलिस विभाग के लिए प्रेरणादायी बताया गया। इस अवसर पर नवागंतुक अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी अमिता सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवं अन्य अधिकारियों ने भी उन्हें पुष्पगुच्छ एवं स्मृति उपहार भेंट कर शुभकामनाएं दीं। अंत में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह को उनके भावी दायित्वों के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की

वृक्षारोपण के लिए सभी विभागों के अधिकारी करें स्थलों का चयनः डीएम

गोण्डा, 29 मई (तरुणमित्र)। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित, विभागीय योजनाओं में शत-प्रतिशत प्रगति लाने के निर्देश

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर संचालित विकास कार्यों एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद स्तर पर संचालित योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, बाल विकास परियोजना एवं

पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित सैम एवं मैम बच्चों से संबंधित योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इसके अतिरिक्त सेतुओं के निर्माण कार्य, लेखपाल प्रशिक्षण केंद्र तथा सिंचाई विभाग द्वारा संचालित परियोजनाओं की प्रगति का भी परीक्षण किया गया।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करते हुए जनपद की रैंकिंग में सुधार लाने के लिए विशेष प्रयास सुनिश्चित किए जाएं।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

इसके उपरांत जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को शीघ्र स्थल चयन कर विस्तृत कार्ययोजना एवं एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने नर्सरी चिन्हित करते हुए पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृक्षारोपण एवं अन्य विकास कार्यों के प्रारंभ से पूर्व तथा कार्य पूर्ण होने के उपरांत की फोटोग्राफ पीपीटी के माध्यम से आगामी बैठकों में प्रस्तुत की जाएं, जिससे कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का प्रभावी मूल्यांकन किया जा सके।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जनपद के सभी अस्पतालों से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट का निस्तारण शासन की गाइडलाइन एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण एवं जनस्वास्थ्य सुरक्षा बनी रहे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दयानंद प्रसाद, प्रभागीय वनाधिकारी अनुराग प्रियदर्शी, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, डीसी एनआरएलएम जेएन राव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी एनके सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे आदि थे।

डॉ. की बड़ी सफलता: 16 किलो का ट्यूमर ऑपरेशन से निकाला

गोंडा, 29 मई (तरुणमित्र)। मुख्यालय पर ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम पाली क्लीनिक हॉस्पिटल में डॉ अमित पांडेय सर्जन की अगुवाई में गत गुरुवार को जनक दुलारी उम्र 45 साल का सफल आपरेशन हुआ। डॉ अमित पांडेय ने बताया कि मरीज जनक दुलारी पत्नी बालक राम ग्राम बजरिया ब्लाक गेडसा गोंडा की निवासी हैं,जो किसी के बताए अनुसार मेरे श्री श्याम पाली क्लीनिक हॉस्पिटल पहुंची। मरीज को देख कर बहुत ही टिपिकल केस था।

मरीज के पेट से कड़ी मेहनत के बाद सफल आपरेशन किया गया जिसमें 16 किलो का पेट में कैंसर ट्यूमर था। ऑपरेशन के बाद मैरिज बिल्कुल स्वस्थ है। सफल आपरेशन में डॉ अमित पांडेय के अलावा डॉ नमन अग्रवाल, डॉ रूमान खान, स्टाफ नर्स नीलम सोनी, रेखा शर्मा, ज्योति,कल्पना पाठक, शालिनी, पूनम का विशेष सहयोग रहा। मरीज के पति ने बताया कि हम मरीज को कई जगह पर ले गये मगर हर जगह से वापस कर दिया गया और कहा कि घर पर ले जाइये और सेवा पानी करें मरीज में अब कुछ बचा नहीं है। मगर कहावत है जाको राखे साइयां मार सके न

कोय, किसी ने बताया कि श्री श्याम हॉस्पिटल दिखा दीजिए। तो मैंने दिखाया और बहुत ही सफल इलाज हो गया और मरीज बिल्कुल स्वस्थ है। मरीज के पति ने डॉ अमित पांडेय और सभी स्टाफ को धन्यवाद दिया।

महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का श्रम मंत्री अनिल राजभर ने किया निरीक्षण

बहराइच, 29 मई (तरुणमित्र)। मंत्री श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय विभाग अनिल राजभर ने मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, डीडीओ राज कुमार, उपायुक्त सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, सेवा योजना अधिकारी संजय कुमार, पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों के साथ चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेल देव जी के नवनिर्मित स्मारक स्थल पर पहुँच कर महाराजा सुहेलदेव जी की अश्वरोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात प्रभारी मंत्री श्री राजभर ने स्मारक स्थल एवं चित्तौरा झील की प्रसन्सा

करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प से यहां पर महाराजा सुहेलदेव जी के नाम पर एक भव्य स्मारक का निर्माण हुआ है।

श्री राजभर ने कहा कि यहा आकर बहुत ही खुशी मिल रही है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों ने मिलकर बहुत ही तन्मयता से इस स्मारक को बनाने का काम किया है। स्मारक स्थल का निरीक्षण करते हुए श्री राजभर ने झील के चारों ओर पाथ-वे के साथ-साथ झील की साफ-सफाई, बोटिंग सुविधा व अन्य सौन्द्रर्यीकरण कराये जाने का भी आश्वासन दिया।

जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं जन समस्याएं

श्रावस्ती, 29 मई (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान आमजन की शिकायतों व समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस दौरान जमीनी विवाद, मारपीट, साइबर फ्रॉड, रुपए के लेनदेन एवं अन्य प्रकार के प्रकरणों, से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। प्रत्येक प्रकरण पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। जनता दर्शन के माध्यम से पुलिस प्रशासन और आमजन के मध्य संवाद स्थापित कर त्वरित न्याय की भावना को सशक्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

ग्राम चौपाल में लगा 'आयुष आपके द्वार' का निःशुल्क चिकित्सा शिविर

फखरपुर बहराइच, 29 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद बहराइच के विकासखंड कैसरगंज अंतर्गत ग्राम कसेहरी बुजुर्ग स्थित पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना 'आयुष आपके द्वार' के अंतर्गत निशुल्क चिकित्सा शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की तथा निशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नवागत खंड विकास अधिकारी कैसरगंज सुरेश कुमार गौतम द्वारा की गई। शिविर का संचालन डॉ. राजेश

कुमार, प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कुंडासर, बहराइच द्वारा किया गया। यह आयोजन डॉ. सरोज शंकर राम, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी बहराइच के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ।

चिकित्सा शिविर में उपस्थित चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें मौसमी बीमारियों, विशेषकर गर्मी में होने वाली डिहाइड्रेशन, बुखार, उल्टी-दस्त, त्वचा संबंधी समस्याओं एवं लू से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। लोगों को स्वच्छ पेयजल के उपयोग, संतुलित आहार, साफ-सफाई तथा नियमित दिनचर्या अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही आयुर्वेदिक उपचार पद्धति एवं घरेलू उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। शिविर में आए मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श के साथ निशुल्क औषधियों का वितरण भी किया गया। ग्रामीणों ने सरकार की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि गांव स्तर पर इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर लगने से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को काफी राहत मिलती है।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी कैसरगंज, ग्राम प्रधान, पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, आशा बहुएं तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित किए जाने की मांग की।

कांग्रेस ने सरकार की लाचार कानून व्यवस्था के खिलाफ छेड़ी जंग

श्रावस्ती, 29 मई, (तरुणमित्र)। जिला कांग्रेस कार्यालय भिनगा श्रावस्ती पर एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता में प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, दलित उत्पीड़न, महिलाओं की सुरक्षा एवं बढ़ते भ्रष्टाचार के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष विद्यामणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। पीड़ितों को न्याय दिलाने के बजाय विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब, किसान, मजदूर, नौजवान एवं पीड़ित वर्ग की लड़ाई लड़ती रहेगी। जिला उपाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव जनता की आवाज उठाती रहेगी और अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़ी रहेगी। जिला उपाध्यक्ष चंद्र पाल सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश में भय और अन्याय का माहौल है। सरकार जनता के मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने का कार्य कर रही है, जबकि कांग्रेस पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है।

जिला महासचिव एहसान चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी। जिला सचिव दिनेश मिश्रा ने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और कांग्रेस पार्टी ही प्रदेश को सही दिशा देने का कार्य करेगी। आरटीआई विभाग के जिला अध्यक्ष निरज पांडेय ने कहा कि प्रदेश में पारदर्शिता समाप्त होती जा रही है और भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

विकास, विश्वास व जन कल्याण को समर्पित रहे मोदी सरकार के 12 वर्षः राजीव

श्रावस्ती, 29 मई, (तरुणमित्र)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा केन्द्र की मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर के उपलक्ष्य को पार्टी द्वारा 05 जून से 21 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाने जा रही है। जिसके कुशल क्रियांवयन व सुव्यवस्थित तरीके से करने हेतु जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष डॉ0 मिश्रीलाल वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न जिला कार्यशाला में मुख्यातिथि के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा, विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय तथा एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी उपस्थित रही।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यलय भिनगा पर मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जिले में शुरू

होने वाले अभियान के दृष्टिगत आयोजित जिला कार्यशाला में मुख्यातिथि राजीव मिश्रा ने कहाकि 7 जून को केंद्र में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। ये 12 वर्ष ऐतिहासिक वर्ष रहे हैं और इस दौरान भारत लगातार विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यह 12 वर्ष विश्वास, विकास और जनकल्याण के रहे हैं। उन्होंने कहाकि मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य विशेष कार्यक्रमों के क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस, मीडिया संवाद, जनकल्याण शिविर, विकसित भारत संकल्प यात्रा, विकास कार्यों की प्रदर्शनी, प्राकृतिक खेती कार्यशाला, विशेष जनसंपर्क अभियान तथा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम शामिल हैं। जिलाध्यक्ष डॉ मिश्रीलाल वर्मा ने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा और बेरोजगारों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चलाई गई हैं। आज मोदी देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लोकप्रिय हैं और भारत निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

जिला कार्यशाला का समापन विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय द्वारा किया गया और संचालन जिला मंत्री नेकराम पाण्डेय द्वारा किया गया। जिला कार्यशाला में पूर्व जिलाध्यक्ष जगदम्बिका प्रसाद वर्मा, शंकर दयाल पाण्डेय, उदय प्रकाश त्रिपाठी, जिला महामंत्री सत्यव्रत सिंह सहित जिले के पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, मोर्चों के अध्यक्ष एवं अभियान टोली सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार पिकअप गेट से टकराई चार घायल, दो की हालत गंभीर

नवाबगंज (गोंडा), 29 मई (तरुणमित्र)। कोल्हमपुर चौकी क्षेत्र के कोल्हमपुर-कटरा मार्ग पर शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे अयोध्या से लौट रही सवारियों से भरी तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने गेट से टकरा गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही कोल्हमपुर चौकी इंचार्ज उमेश सिंह मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया।

मिली जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन में कुल 15 लोग सवार थे, जो बलरामपुर जनपद के मथुरा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। सभी लोग अयोध्या दर्शन कर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान कोल्हमपुर-कटरा मार्ग पर वाहन का स्टेयरिंग फेल हो गया, जिससे पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने गेट से जा टकराई।

हादसे में दुर्गा (65 वर्ष) व सभावन (60 वर्ष) को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि काटन (62 वर्ष) व पूजा (25 वर्ष) भी घायल हो गए। पिकअप में सवार 10 वर्षीय बच्ची अनुराधा ने बताया कि सभी लोग अयोध्या दर्शन कर लौट रहे थे, तभी अचानक वाहन अनियंत्रित हो गया और हादसा हो गया।

कोल्हमपुर चौकी इंचार्ज उमेश सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। प्रथम दृष्टया हादसे का कारण वाहन का स्टेयरिंग फेल होना बताया जा रहा है।

सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ किसान दिवस

बहराइच, 29 मई (तरुणमित्र)। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता की अध्यक्षता किसान दिवस आयोजित किया गया। किसान दिवस में कृषि एवं एलाइड विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों को किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने किसानों से अधिक आय प्राप्त करने हेतु प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह दी।

उन्होंने किसानों से अपेक्षा किया कि कोई भी किसान कभी भी उनके यहां आकर अपनी कोई भी शिकायत कर सकता है, जिसका निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाएगा स बैठक में उपस्थित प्रगतिशील कृषक हरि शरण सिंह एवं लालता प्रसाद गुप्ता ने जनपद में रबी में मक्का की

अधिक पैदावार के दृष्टिगत मक्का क्रय केंद्र खोले जाने की मांग की।

बैठक में अनिल कुमार मिश्रा कृषक नवाबगंज ने बताया कि उनके द्वारा गेहूं की बिक्री की गई है एक माह व्यतीत होने के उपरांत भी गेहूं बिक्री मूल्य प्राप्त नहीं हुआ। बैठक में उपस्थित कृषक लालता प्रसाद गुप्ता ने वन विभाग के प्रतिनिधि से पेड़ों की कटान से संबंधित जानकारी प्राप्त की गई। वन विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि आम सहित 26 पौधों को प्रतिबंधित श्रेणी में रखा गया है बिना अनुमति के इन वृक्षों को नहीं काटा जा सकता हैस यदि किसी व्यक्ति अथवा किसान भाई को कोई भी पेड़ों की काटन किया जाना आवश्यक है तो वह वन विभाग से अन्य प्राप्त कर सकते है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉक्टर सी.पी.एन. गौतम ने वर्तमान खरीफ सीजन में फसल उत्पादकता प्राप्त करने हेतु बीजों का चुनाव सही ढंग से करने की सलाह दी।

बैठक में उपस्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ0 नंदन सिंह ने किसानों को डीएपी एवं यूरिया का उपयोग काम करने की सलाह दी उन्होंने कहा कि अधिक डीएपी और यूरिया के प्रयोग से भूमि की उर्वरक शक्ति कम हो रही है।

उप कृषि निदेशक बहराइच विनय कुमार वर्मा ने बताया कि शीघ्र ही जिले में मिलेट्स प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कराई जा रही है जिससे जनपद में मिलेट्स का उत्पादन करने वाले किसानों को फायदा होगा उनकी उपज अब यही जनपद में आसानी से प्रोसेस हो सकेगी। उप कृषि निदेशक बहराइच ने जिले के सभी किसानों से फार्मर रजिस्ट्री बनवाने का अनुरोध किया उन्होंने कहा कि शासन द्वारा फार्मर रजिस्ट्री बनाने हेतु विशेष प्राथमिकता दी जा रही है अतः जल्द से जल्द अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवा लें तथा अपने आसपास के किसानों को भी फार्मर रजिस्ट्री बनवाने हेतु सूचित कर दे।

डीएम ने ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया

श्रावस्ती, 29 मई, (तरुणमित्र)। भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेट/ जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने जनपद मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में स्थित ई0वी0एम0/वी0वी0पैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने वेयर हाउस में रखे बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट तथा वी0वी0पैट की सतत निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखने तथा सीसीटीवी कवरेज के डी0वी0आर0 के सतत संचालन व रिकार्डिंग के भी निर्देश दिये है। इस अवसर पर अपर जिला मजिस्ट्रेट ललित कुमार, उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र चन्द्र चौधरी, भाजपा से जिला उपाध्यक्ष अरूण पाण्डेय, सपा से जिलाध्यक्ष सर्वजीत यादव, कांग्रेस के यशोदानन्दन शर्मा, सहित निर्वाचन कार्यालय के सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चरण आर्य, कनिष्ठ सहायक मकसूद अहमद व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति के तहत जनजागरूकता अभियान चलाया

श्रावस्ती, 29 मई, (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रकेश सिंह एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण के प्रभावी पर्यवेक्षण में जनपद श्रावस्ती में मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शक्ति मोबाइल टीम व समस्त थानो की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों तथा सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। चौपाल, संवाद एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा उपायों, कानूनी अधिकारों एवं सहायता सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा उन्हें 'शक्ति दीदी' के रूप में निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

'ऑपरेशन दहन' के तहत करोड़ों का अवैध मादक पदार्थ किया नष्ट

गोण्डा, 29 मई (तरुणमित्र)। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे 'ऑपरेशन दहन' अभियान के तहत जनपद गोण्डा में नशा मुक्त अभियान को प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों में पंजीकृत एन0डी0पी0एस0 एक्ट के मुकदमों से सम्बन्धित बरामद मादक पदार्थों के निस्तारण/विनिष्टीकरण की कार्यवाही निरंतर करायी जा रही है। आज शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के पर्यवेक्षण में गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में मैजापुर चीनी मिल स्थित इन्सीनेटर में जनपद के विभिन्न थानों में पंजीकृत एन0डी0पी0एस0 एक्ट के कुल 898 मुकदमों से संबंधित लंबित मालों का विनिष्टीकरण कराया गया। यह कार्यवाही पूर्ण पारदर्शिता, सुरक्षा मानकों

एवं विधिक प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए संपन्न कराई गई। विनिष्टीकरण के दौरान गांजा 1285.7 किलोग्राम, चरस 52.57 किलोग्राम, अफीम .878 किलोग्राम, हीरोइन .1136 किलोग्राम, स्मैक 6.1186 किलोग्राम, कोकिन .045 किलोग्राम, डोडा 95.71 किलो ग्राम, अन्य 70.628 किलोग्राम सहित कुल 1511.763 किलोग्राम मादक पदार्थों को नियमानुसार जलाकर नष्ट किया गया।

नष्ट किए गए मादक पदार्थों की अनुमानित अंतरराष्ट्रीय बाजार कीमत लगभग 41 करोड़ 60 लाख आंकी गई है। सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराते हुए सभी अभिलेखों का विधिवत संधारण भी सुनिश्चित किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि गोण्डा पुलिस द्वारा नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु सतत अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में विगत अवधि में बड़ी मात्रा में मादक पदार्थों की बरामदगी करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था। जब्त मादक पदार्थों के आज विधिवत विनिष्टीकरण की कार्यवाही पूर्ण की गई। इस प्रकार की कार्यवाही से न केवल अवैध मादक पदार्थों के पुनः दुरुपयोग की संभावना समाप्त होती है, बल्कि समाज में नशे के विरुद्ध एक सशक्त संदेश भी जाता है। गोण्डा पुलिस भविष्य में भी इसी प्रकार सघन अभियान चलाकर नशे के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्यवाही करती रहेगी। उक्त अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी अजीत कुमार रजक, क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय, जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी के सदस्यगण, प्रभारी डीसीआरबी, जनपद के समस्त थानों के हेड मुहर्रिर एवं मैजापुर चीनी मिल के अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

जिम संचालक युवक ने आत्महत्या कर दी जान

गोंडा, 29 मई (तरुणमित्र)। कोतवाली नगर के विष्णुपुरी कॉलोनी में एक किराए के मकान में रहने वाले जिम संचालक ने घर के भीतर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान शिवम पटेल पुत्र दिनेश कुमार पटेल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शिवम के पिता चीनी मिल (शुगर मिल) में काम करते हैं। घटना के वक्त घर में शिवम के अलावा कोई और मौजूद नहीं था, जिसका फायदा उठाते हुए उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई है और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी है कि आखिर जिम संचालक ने किन परिस्थितियों में सुसाइड किया।

डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं शिकायतें अधिकारियों को निस्तारण के दिये निर्देश

श्रावस्ती, 29 मई, (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिलाधिकारी को 12 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को तत्काल निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर अब अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी। इसलिए समस्त जिला

स्तरीय अधिकारीगण अपने कार्यालय में समस्त कार्य दिवसों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें।

अस्पतालों में मरीज व तीमारदारों के साथ रखें अच्छा व्यवहार : डीएम

पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को सौंपी जिम्मेदारी

बरेली, 29 मई (तरुणमित्र)। शुक्रवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में आगामी 28 जून से शुरू होने वाले पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों को लेकर समीक्षा की गई । जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अभियान के पहले दिन विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेष पोलियो बूथ स्थापित कर बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि 28 जून को सभी विद्यालय प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक खुले रहें तथा बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। जिन विद्यालयों में पोलियो बूथ संचालित होंगे, वहां मिड-डे मील की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आशा

❑ 28 जून से चलेगा पल्स पोलियो अभियान

कार्यकर्ता अभियान से पूर्व घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें तथा पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो बूथ तक लाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

इसके अलावा बुलावा टोलियों के माध्यम से भी लाभार्थियों को बूथ तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत पांच वर्ष तक के बच्चों को केंद्रों पर स्थापित बूथों के माध्यम से पोलियो की खुराक पिलाई जाए। साथ ही उस दिन आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम प्रधानों तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड सदस्यों द्वारा पोलियो बूथों का उद्घाटन कराए जाने के निर्देश दिए। साथ ही मंदिरों, मस्जिदों एवं अन्य

सार्वजनिक स्थलों पर लगे उद्घोषणा तंत्र के माध्यम से अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए लगातार संदेश प्रसारित करने को कहा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने से इंकार करने वाले परिवारों को स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों एवं समुदाय के सहयोग से प्रेरित कर बच्चों को दवा पिलाना सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य में आपूर्ति विभाग के कोटेदारों तथा राजस्व विभाग के लेखपालों को भी सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ प्रशांत रंजन नें अवगत कराया कि अभियान में 2823 बूथ के माध्यम से तथा 1732 टीमें घर-घर जाकर पोलियो से बचाव की दवा पिलाएंगी। बैठक में नोडल शहरी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. अजमेर सिंह, समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी व विश्व स्वास्थ्य संगठन, एडरा, जेएसआई, यूएनडीपी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कुम्हारी कला कारोबारियों का शोषण व उत्पीड़न नहीं रुका तो सड़कों पर होगा आंदोलन : रामनिवास

फिरोजाबाद, 29 मई (तरुणमित्र)। कॉंग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कॉंग्रेसियो ने डी.एम. से भेटकर शिकायती पत्र दिया और कहा कि कुम्हारी कला कारोबारियों का शोषण और उत्पीड़न नहीं रुका तो सड़कों पर होगा आंदोलन जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को समस्या समाधान को सौपी जिम्मेदारी कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा कि कुम्हारीकला (मिट्टी के बर्तन बनाने वाले) के कारोबारी लोगो का पुलिस प्रशासन द्वारा शोषण और उत्पीड़न किया जा रहा है, मिट्टी मुहैया कराने वाले ट्रैक्टरों को वसूली के लिये बंद किया जा रहा है ,और मोटी रकम लेकर छोड़ा जाता है। जब कि मिट्टी का अवैध खनन करने वाले कारोबारियों द्वारा खुलेआम अवैध खनन किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा उसे बन्द नहीं कराया जा रहा। उन्होंने कहा कि मिट्टी न मिलने से सैकड़ो कारोबारियों के सामने रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गईं है। कैसे वे कर्जा देंगे और कैसे बच्चों का भविष्य सवारेंगे।

बाइक सवार युवक की ट्रैक्टर के कुचलकर मौत

फिरोजाबाद, 29 मई (तरुणमित्र)। थाना फरिहा क्षेत्र मे गुरुवार की रात ट्रैक्टर के रौंदने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में कराया है जनपद एटा के थाना अवागढ़ निवासी 25 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र प्रमोद कुमार गुरुवार को अपने पिता की दवा लेने के लिए फिरोजाबाद आया था, दवा लेने के पश्चात वह बाइक द्वारा अपने घर लौट रहा था ,तभी रास्ते में फरिहा के समीप सामने से आ रहे ईटो से भरे टैक्टर ने असंतुलित होकर उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिसके दौरान वह गंभीर रूपसे घायल हो गया। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर आ गये और उनमें कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए लेकर जिला अस्पताल आयी।

डीएम ने पेश की मानवता व समाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल

भीषण गर्मी के दृष्टिगत जिलाधिकारी आवास के बाहर लगवाया वाटर कूलर

बरेली, 29 मई (तरुणमित्र)। भीषण गर्मी और हीट वेव के दृष्टिगत जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आवास के बाहर वाटर कूलर लगवाया है। जिलाधिकारी द्वारा शुक्रवार को फीता काटकर और नारियल फोड़कर वाटर कूलर का उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य राहगीरों, श्रमिकों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से विभिन्न कार्यों हेतु आने वाले नागरिकों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है, जिससे भीषण गर्मी के दौरान उन्हें राहत मिल सके तथा गर्मी से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की संभावना को कम किया जा सके।

वर्तमान समय में तापमान में निरंतर वृद्धि हो रही है, ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि मानवता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए जरूरतमंद लोगों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने में अपना योगदान दें। जनपदवासियों से भी अपील की कि वे अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर यथासंभव पेयजल की व्यवस्था करें तथा पक्षियों एवं पशुओं के लिए भी पानी उपलब्ध कराएं। यह व्यवस्था जनहित एवं लोककल्याण की भावना से की गई है, जिससे आमजन को भीषण गर्मी के दौरान राहत मिल सके और समाज में सेवा एवं सहयोग की भावना को बढ़ावा मिले। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमारी वर्मा व अन्य कलेक्ट्रेट कर्मी उपस्थित रहे।

खंड शिक्षा अधिकारी संगठन का सम्मान समारोह आयोजित

बरेली, 29 मई (तरुणमित्र)। खंड शिक्षा अधिकारी संगठन पदाधिकारियों ने शुक्रवार को दिनेश चंद्र जोशी के खंड शिक्षाधिकारी पद से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पद पर पदोन्नति होने के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा उन्हें माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया । उनके उज्ज्वल कार्यकाल एवं सफल दायित्व निर्वहन की सराहना की गई। इस मौके पर

उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि श्री जोशी ने अपने कार्यकाल में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, विद्यालयी व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण तथा विभागीय कार्यों के सफल संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके अनुभव एवं नेतृत्व से विभाग को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अवनीश प्रताप, कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष भानु शंकर गंगवार, शीशपाल, सत्यदेव, विजय कुमार, शशांक शुक्ला, पूरण सिंह, सतीश वर्मा, तौसीफ अहमद सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश भारतीय, विजय कुमार सिंह, पूरन लाल सिंह ने किया। सभी ने श्री जोशी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

समर कैंप क्लोजिंग सेरेमनी में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित

बरेली, 29 मई (तरुणमित्र)। दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित समर कैंप क्लोजिंग सेरेमनी बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ एंकरों द्वारा स्वागत भाषण से किया गया। दीप प्रज्वलन के बाद प्रधानाचार्या द्वारा मुख्य अतिथि डॉक्टर शुभांशु, डॉक्टर नीतू के शाह तथा रिद्धिमा के वायलन वादक सूर्यकांत चौधरी का सम्मान पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की संगीत टीम द्वारा मधुर गायन प्रस्तुति तथा वाद्य यंत्र टीम द्वारा मनमोहक वाद्य प्रस्तुति दी गई। प्री-प्राइमरी के नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इसके पश्चात रोबोटिक्स टीम ने आधुनिक तकनीक पर आधारित रोचक प्रस्तुति दी ।विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

हजरत भोले शाह मियां के उर्स व मेले में मची धूम

आंवला - बरेली, 29 मई (तरुणमित्र)। हजरत भोले शाह मियां उर्फ दादा मियां के ग्राम-कल्लिया में आयोजित ०२ दिवसीय उर्स व मेले में खूब धूम मची ' ब्लॉक प्रमुख आलमपुर जाफराबाद वेदप्रकाश यादव ने प्रथम दिवस फीता काटकर उर्स, मेले और कव्वाली के प्रोग्राम का उद्घाटन किया और कहा कि उर्स व मेले धार्मिक और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं ' श्री यादव ने कहा कि हम पिछले ०५ वर्षों से कल्लिया में हजरत भोले शाह मियां के उर्स व मेले में आते रहे है, यहाँ सुकून और शान्ति मिलती है ' प्रथम दिवस कव्वाल नईम साबरी (सैदपुर) और कव्वाला कहकशां वारसी (दिल्ली) तथा दूसरे दिवस कव्वाल आसिफ सुल्तानी (अखतरा) और कव्वाला मीना नाज (बिजनौर) के बीच जोरदार मुकाबला हुआ ।

एलन किड्स के समर कैंप 'ग्रैंड फिनाले' में बच्चों ने बिखेरा प्रतिभा का रंग

बरेली, 29 मई (तरुणमित्र)। एलन किड्स, वीर सावरकर नगर द्वारा आयोजित समर कैंप ग्रैंड फिनाले का आयोजन बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात समाजसेवी एवं आईडब्ल्यूसी ग्लोरी प्लस की चार्टर प्रेसिडेंट डॉ. मधु गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. पुनीत लुनियाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन एलन किड्स की निदेशिका सीमा सक्सेना के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। अतिथियों एवं अभिभावकों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनके समर्पण, दूरदर्शी सोच एवं उत्कृष्ट प्रबंधन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सीमा सक्सेना के नेतृत्व में संस्थान बच्चों के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक विकास के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है। समारोह में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य, संगीत, अभिनय एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों की आत्मविश्वास से भरपूर प्रस्तुतियों की खूब सराहना की।

अपने संबोधन में डॉ. मधु गुप्ता ने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन एवं सामाजिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।एक प्रतिष्ठित समाजसेवी के रूप में उनके योगदान की भी सभी ने प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मधु गुप्ता ने बच्चों को चॉकलेट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ उनका स्वागत किया और उनके स्नेहपूर्ण व्यवहार से अत्यंत प्रसन्न दिखाई दिए। उनके इस आत्मीय प्रयास ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ दिया। डॉ. पुनीत लुनियाल ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं रचनात्मकता का विकास करते हैं।

हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव रखकर हाई-वे किया जाम

पीलीभीत, 29 मई (तरुणमित्र)। कल शाम कपड़ा व्यापारी राकेश गुप्ता पप्पू की निर्मम हत्या के बाद आक्रोशित परिजन और व्यापारियों ने शुक्रवार सुबह हाईवे पर जाम लगा दिया। जिससे अफरातफरी मच गई। आक्रोशित लोगों ने कहा जब तक हत्यारे पकडे नहीं जाएंगे वो लोग शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। मौके पर पहुंचे एसडीएम, सीओ ने परिजनों को आश्वस्त किया कि जल्द आरोपी पकड़े जाएंगे। शाम तीन बजे तक आरोपियों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर परिजनों ने जाम खोल दिया। वहीं देर रात डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और एसपी भी मौके पर परिजनों के बीच पहुंचे। और निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया। नगर में गुरुवार शाम को कपड़ा व्यापारी राकेश गुप्ता पप्पू की बीच बचाव में निर्मम हत्या कर दी गई थी. जिसको लेकर आक्रोशित परिजन और व्यापारियों ने आज शुक्रवार सुबह हाईवे पर जाम लगा दिया। जिससे अफरातफरी मच गई। आक्रोशित लोगों व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अरविंद अवस्थी ने कहा जब तक हत्यारे पकड़े नहीं जाएंगे वो लोग शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे।

ईदगाह पर पूर्व मंत्री ने गले मिलकर दी बकरीद की मुबारकबाद

बदायूं, 29 मई (तरुणमित्र)। गुरुवार को ईदगाह पर पूर्व मंत्री आबिद रजा की ओर से एक कैंप लगाया गया। कैम्प में पूर्व मंत्री आबिद रजा के साथ सांसद आदित्य यादव के निजी सचिव अनिल गोस्वामी, आजमगढ़ के सांसद धर्मेंद्र यादव के निजी सचिव अवधेश यादव, विपिन यादव ने लोगो से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और भाईचारे की मिसाल पेश की। पूर्व मंत्री आबिद रजा के साथ उनके बेटे दयान रजा, अदान रजा भी मौजूद रहे। नमाज अदा करने के बाद सभी नमाजियों ने पूवमंत्री आबिद रजा के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। युवाओ में पूर्वमंत्री आबिद रजा के साथ सेल्फी लेने की होड़ लगी रही। पूर्व मंत्री आबिद रजा ईदगाह से जिला काजी हजरत अतीफ मिंया कादरी से मिलने उनके आवास पहुंचे। इस अवसर पर ओमवीर सिंह यादव, हर्षित यादव, सभासद अनवर खां, सभासद छोटा, सभासद मुशाहिद, सभासद भूरे पीरजी, फरहत सिद्दीकी, अनीस सिद्दीकी, कौसर अली, युनुस अल्वी, सी एल गौतम एडवोकेट,अमन यादव, फहीम, बब्लू रिजवान सहित नगर पालिका स्टाफ आदि लोग मौजूद रहे।

कल पांच केद्रों पर होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

बदायूं, 29 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी अवनीश राय ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2026 की तैयारियों के संबंध में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए परीक्षा को सुचिता पूर्ण, शांतिपूर्ण व सकुशल रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए। बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए जनपद में पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें कुल 2160 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे ।कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रवेश परीक्षा के संबंध में प्राप्त सभी दिशा निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए तथा सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती भी की गई है। उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन के लिए पार्किंग व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, फ्रिस्किंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था आदि विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार ने बताया कि 31 मई को उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 2160 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रत्येक दो केन्द्रों पर एक केन्द्र प्रतिनिधि भी नियुक्ति किया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा दो पालियों में होगी।

परचम कुशाई की रस्म से हुआ उर्से गौहरी का आगाज

बरेली, 29 मई (तरुणमित्र)। शाहजहांपुर रोड परसौना स्थित वक्फ दरगाह हजरत सय्यद गौहर अली अलमारूफ भीटा शाह बाबा रहमातुल्लाह अलैह पर सालाना उर्स में दरगाह प्रमुख पीरे तरीकत हजरत शाह मोहम्मद वसीम मियां चिश्ती साबरी की सरपरस्ती में शुक्रवार को परचम कुशाई की रस्म से उर्से गौहरी का आगाज हुआ। इससे पहले सुबह दरगाह शरीफ पर कुरानख्वानी हुई। नदीम साबरी की निगरानी में ठिरिया निजाबत खां, पदारथपुर से जुलूसे चादर परंपरागत रास्तों से होता हुआ दरगाह शरीफ पर पहुंचा जहां दरगाह सचिव मोहम्मद रिजवान साबरी ने सभी का दस्तारबन्दी कर इस्तकबाल किया। दरगाह प्रमुख पीरे तरीकत हजरत शाह मोहम्मद वसीम मियां चिश्ती साबरी के दस्ते मुबारक से परचम कुशाई की रस्म अदा की गई और सभी के लिए दुआ की गई । बाद नमाजे अस्र हजरत शाह मन्सूर एजाज कुद्दूसी साबरी रहमातुल्लाह अलैह के कुल शरीफ की रस्म अदा की गई और रात में महफिले कव्वाली हुई जिसमें हिन्दुस्तान के मशहूर कव्वाल जनाब गुलाम हबीब पेन्टर कव्वाल ने सूफियाना कलाम पेश किए। उर्स प्रभारी मोहम्मद रिजवान साबरी ने बताया कि 29 मई बरोज हफ्ते को शाम 4 बजे हजरत मस्तान शाह बाबा का कुल शरीफ होगा और दरगाह शरीफ पर गुस्ल की रस्म अदा की जाएगी । रात में महफिले कव्वाली होंगी जिसमें हिन्दुस्तान के मशहूर कव्वाल अरशद कामली कलाम पेश करेंगे । इस मौके पर अजीम साबरी, मोहम्मद जाफर, तारिस साबरी, जाहिद बेग, इरशाद बेग, आकि ब साबरी, जीशान खां साबरी, अय्यूब साबरी, फहीम साबरी, आसिफ खां साबरी आदि लोग मौजूद रहे।

मुआवजे की मांग को लेकर अग्रवाल सम्मेलन का प्रतिनिधिमंडल मंडलायुक्त से मिला

फिरोजाबाद , 29 मई (तरुणमित्र)। नगर की प्रमुख संस्था अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन समाज ने गांधी नगर निवासी भाई पंकज अग्रवाल के 16 वर्षीय युवा पुत्र कुणाल की आगरा चौपाटी में जिप लाइन से गिरकर आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर उनकी हर संभव मदद करने का वीणा उठाया है। इस कार्य को आगे बढ़ाते हुए अग्रवाल सम्मेलन का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय मंत्री विनय अग्रवाल एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष मुकेश बंसल के नेतृत्व में मंडलायुक्त पुलिस कमिश्नर व जिलाधिकारी से आगरा जाकर मिला और उन्हें ज्ञापन दिया। सम्मेलन के जिला कोषाध्यक्ष कुलदीप मित्तल एडवोकेट ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कुणाल के माता पिता पंकज अग्रवाल और रिंकी अग्रवाल अपने

पुत्र की दुर्घटना से सदमे में आ गये थे, ऐसे में उनकी मदद करने को कोई आगे नहीं आ रहा था तो अग्रवाल सम्मेलन फिरोजाबाद इकाई ने उनकी मदद करने का निर्णय लिया और आज उन दोनों को साथ लेकर प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश बंसल, जिलाध्यक्ष आनंद मित्तल, जिला महामंत्री दिनेश अग्रवाल आगरा पहुंचे और आगरा निवासी राष्ट्रीय मंत्री विनय अग्रवाल, प्रांतीय चेयरमैन विनोद अग्रवाल को साथ लेकर मंडलायुक्त नागेंद्र प्रताप , पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार व जिलाधिकारी मनीष बंसल को ज्ञापन देकर मांग की, कि घटना की उच्चस्तरीय जांच करके दोषियों को कड़े से कड़ा दंड दिया जाये और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने हेतु सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जाएं। अन्यथा जोखिम वाले ऐसे कार्यों को अविलंब बंद कर दिया जाये। उल्लेखनीय है, कि जिपलाइन आपरेटर ने सुरक्षा व्यवस्था के कोई इंतजाम नहीं किये थे, न तो नीचे कोई गद्दा बिछा था, न जाल लगाया था, न किसी को हेलमेट पहनाया जा रहा था। अगर इन सभी बातों का ध्यान रखा गया होता तो शायद कुणाल की जान जाने से रोका जा सकता था।

प्रतिनिधि मण्डल ने कहा कि परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए 50 लाख रुपए आर्थिक मुआवजा देने और एक आवास दिलाया जाये ।तीनों ही अधिकारियों ने गंभीरतापूर्वक सारी बातें सुनी और ठोस आश्वासन देते हुए शीघ्र मुआवजा देने और जांच करके दोषियों को दंडित करने का आश्वासन दिया प्रतिनिधिमंडल में अग्रवाल सम्मेलन आगरा के सचिन अग्रवाल, शैलू अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, उमेश अग्रवाल सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी भी साथ रहे।

गरीब की पुश्तैनी जमीन पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीः जिलाधिकारी

फिरोजाबाद, 29 मई (तरुणमित्र)। बुजुर्गों द्वारा खून पसीने से सींची गयी जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा कर लेने के बाद उसे वापिस पाने के लिये हर चौखट पर जाकर गुहार लगाने वाले युवक की आँखे भी पथरा चुकी थी और उसे लगा कि अब कोई सुनने वाला नही है तब हिम्मत जुटाने के बाद उस युवक ने जिलाधिकारी के कार्यालय का रुख किया उम्मीद एक ऐसा शब्द है, जो मनुष्य की हिम्मत को टूटने नही देता है, लेकिन जब वही व्यक्ति सालों साल सरकारी ऑफिसों के चक्कर काटते-काटते थकने लगे। तो वह अंदर ही अंदर बिखरने लगता है।

ऐसा मामला जनपद के सिरसागंज तहसील के अन्तर्गत आने वाले ग्राम मुरलीधर के रहने वाले एक ग्रामीण युवक का है।

उसकी पीढ़ियों पुरानी पुश्तेनी जमीन जिसे उसके बुजुर्गों द्वारा खून पसीने से सींचा गया था।

उस जमीन पर कुछ भू माफियाओं ने अवैध तरीके से कब्जा कर लिया था। जिसको वापिस कराने को लेकर वह युवक कई सालों से अधिकारियों की चौखटों पर जाकर गुहार लगा रहा था। लेकिन जूठे आश्वासन एवं तारीखों के अलावा उसके हाथ कुछ नही लगा। जिसके बाद न्याय को लेकर उसकी आँखें भी पथरा चुकी थी। और उसे ऐसा लगने लगा कि अब गरीबो की पुकार को कोई सुनने वाला नही है।

तभी उसे जनपद के जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा के बारे में जानकारी मिली कि वह हिम्मत जुटा कर उनके कार्यालय में पहुँच गया। जहाँ उसने देखा कि सन्तोष कुमार शर्मा वहां मौजूद फरियादियों की बातों को बड़ी गम्भीरता से सुन रहे थे। जब उस युवक की बारी आयी तो उसने हिम्मत जुटाते हुए अपनी बरसो पुरानी भूमि पर माफियाओं द्वारा किये गये कब्जे के बारे में जिलाधिकारी को बताया। मामले को गम्भीरता से सुनने के बाद उन्होंने फाइलों को देखा, और बिना एक पल गवाएं मेज पर रखे फोन को उठाया। और सम्बन्धित उप जिलाधिकारी को फोन लगाया, और निर्देश देते हुए कहा कि गरीबो की पुश्तेनी जमीन पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नही किया जायेगा। उन्होंने कहा इस मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर मौके पर जाये। और कानून व्यवस्था बनाते हुए उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराये। और भू माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्यवाही कराये। जिससे वह लोग दुबारा किस गरीब की जमीन की तरफ आँख उठाने की हिम्मत न कर सके।

जिलाधिकारी सन्तोष शर्मा ने केवल इसके लिये निर्देश ही नही दिये बल्कि फरियादी के कागजो पर अपनी कलम से (मार्क डाउन) भी कर दिया। ताकि काम मे कोई ढिलाई न हो सके। और मुस्करा कर उस युवक से कहा जाइये आप एसडीएम साहब से मिल लीजिये। आपका काम हो जाएगा ।जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और कई वर्षों से कब्जाई भूमि को कब्जा मुक्त करा दिया गया।

भाजपा के मंत्रियों एवं विधायकों की सम्पत्ति की जांच करायी जाए : जिलाध्यक्ष कांग्रेस

फिरोजाबाद, 29 मई (तरुणमित्र)। कॉंग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष ने मोढ़ा स्थित कॉंग्रेस कार्यालय पर शुक्रवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया। वार्ता के दौरान कॉंग्रेस के जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्रियों एवं विधायकों की संपत्ति की जाँच कराई जाय , जिससे जनता के सामने सच्चाई उजागर हो सकें। उन्होंने कहा कि आज भ्ष्टाचार चरम पर है ,जिसके चलते आम आदमी बुरी तरह परेशान हैं। सरकारी कार्यालयों में उसकी कोई सुनने वाला नहीं है। इसका मुख्य कारण मंत्रियों और विधायकों का भ्ष्टाचार में लिप्त होना है। वे अधिकारियो पर शासन का दबाव बनाकर गलत कार्य कराते हैं। इसी का फायदा उठाकर अधिकारी आम लोगो से वसूली करते हैं ।उन्होंने

कहा कि मंत्रियों, विधायकों ने तमाम संपत्तियों पर अवैध रूप से जबरदस्ती कब्जा कर लिया है।

सस्ते में खरीदकर वहां पर सरकारी धन से नियम कानून से हटकर तमाम विकास कार्य कराकर जमीनों को महंगी कीमतों में बेचकर कई गुना मुनाफा कमाते हैं ।और जहाँ काम की आवश्यकता है , वहां पर काम नहीं हो पाते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि एक विधायक तो सत्ता के दमपर दर्जनों कारखानो में भागीदार बनकर पुलिस के डंडे के बलपर 10 -10 घंटे काम चलवाकर मजदूरों का खून चूस रहा है। उसके द्वारा सरकारी संपत्तियों में हेर-फेर करके हजारों करोड़ की अवैध संपत्ति एकत्रित कर ली गईं है। जिसकी जाँच होना आवश्यक है ,कॉंग्रेस पार्टी इसके लिये शीघ्र ही आंदोलन शुरू करेंगी। वार्ता के समय जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी एवं जगदीश कुमार वाल्मीकि , डॉ सर्वेश कुमार , संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

भाजपा मंत्रियों-विधायकों की संपत्तियों की हो निष्पक्ष जांच

भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं पर जवाब दे सरकार: कांग्रेस

हरदोई, 29 मई (तरुणमित्र)। प्रदेश में बढ़ते भ्रष्टाचार, अपराध और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस ने अब सीधे सत्तापक्ष के माननीयों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला व शहर कांग्रेस कमेटी हरदोई द्वारा आयोजित एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेतृत्व ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया।

कांग्रेस नेताओं ने दोटूक मांग की है कि यदि सरकार वास्तव में पारदर्शिता का दम भरती है, तो सबसे पहले अपने मंत्रियों और विधायकों की संपत्तियों की निष्पक्ष जांच कराए।पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम पांडे एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने संयुक्त रूप से कहा कि आज सूबे की आम जनता त्रस्त है और भाजपा के रसूखदार लगातार भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोपों से घिरे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी कमियों को छिपाने और निष्पक्ष जांच से भागने के लिए विपक्ष की आवाज को दबाने का कुत्सित प्रयास कर रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ बुलंद की जा रही आवाज से पूरी भाजपा सरकार बौखला गई है।

कांग्रेस नेताओं ने सरकार को घेरते हुए कहा कि दूसरों पर उंगली उठाने वाली भाजपा को पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। मंत्रियों और विधायकों के कार्यकाल में उनकी आय में हुई बेतहाशा वृद्धि की जांच होनी चाहिए, ताकि प्रदेश की जनता को पता चल सके कि उनके टैक्स के पैसे का उपयोग कहाँ और किस प्रकार हुआ है।प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस ने हरदोई जनपद की स्थानीय समस्याओं को लेकर स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को भी कटघरे में खड़ा किया।

नेताओं ने कहा कि पूरा जिला टूटी सड़कों, जलभराव, पेयजल संकट और आवारा पशुओं की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। किसानों को समय पर खाद और सिंचाई की सुविधा नहीं मिल रही है, तो वहीं युवाओं के पास रोजगार का कोई साधन नहीं है। नगर क्षेत्र में भी सफाई व्यवस्था, बदहाल जल निकासी और अघोषित बिजली कटौती ने नागरिकों का जीना मुहाल कर दिया है, जिस पर प्रशासन पूरी तरह मूकदर्शक बना हुआ है।अंत में जिला अध्यक्ष विक्रम पांडे और शहर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र और जनहित के मुद्दों पर सदैव जनता के साथ खड़ी रही है। भ्रष्टाचार, कमरतोड़ महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस की यह लड़ाई थमने वाली नहीं है, बल्कि इसे सड़क से लेकर सदन तक और मजबूती से लड़ा जाएगा।

पिहानी में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर आयोजित, मरीजों को मिलीं मुफ्त दवाएं

हरदोई,पिहानी, 29 मई (तरुणमित्र)। समाज को पुरातन और प्रभावशाली आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ब्लॉक कार्यालय पिहानी के निकट, विपुल मिश्रा जनसेवा केंद्र के पास एक दिवसीय विशाल आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी बीमारियों का मुफ्त इलाज और परामर्श प्राप्त किया।शिविर में पहुंचे मुख्य आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. नीरज द्विवेदी ने गंभीर व मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों का गहन परीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को एलोपैथी के दुष्प्रभावों से बचकर आयुर्वेद अपनाने की सलाह दी, साथ ही कुछ असाध्य बीमारियों के स्थाई निदान हेतु नियमित व्यायाम और योग करने के प्रति भी जागरूक किया। शिविर के दौरान आए हुए सभी मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी सलाह देने के साथ-साथ डॉक्टरों की देखरेख में उच्च गुणवत्तायुक्त आयुर्वेदिक दवाओं का निःशुल्क वितरण भी किया गया। सफलतापूर्वक संपन्न हुए इस शिविर में कुल 42 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं दी गईं, जिसमें मुख्य रूप से 18 महिलाएं और 24 पुरुष शामिल रहे। ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के शिविर के आयोजन से स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा गया।इस सेवाभावी कार्यक्रम में मुख्य रूप से फार्मासिस्ट ओमप्रकाश, प्रख्यात समाजसेवी मनोज मिश्रा, सभासद सुमन मिश्रा, सचित, दिनेश अर्कवंशी, सोबरन लाल, भईया लाल तथा ओम प्रकाश समेत तमाम गणमान्य नागरिक और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

अज्ञात कारणों के चलते पंखे से लटका मिला मजदूर का शव

पसगवां-खीरी, 29 मई (तरुणमित्र)। उचौलिया थाना क्षेत्र के ग्राम मोहिउददीनपुर में बीती बृहस्पतिवार की रात एक मजदूर ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर के कमरे में लगे पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान प्रेमचंद लगभग 55 वर्ष पुत्र छोटेलाल के रूप में हुई है।

परिजनों ने बताया कि रोज की तरह सभी लोग खाना खाकर सो गए थे। सुबह उठने पर प्रेमचंद्र का शव कमरे के पंखे से लटका हुआ पाया। जिसे देख घर के लोगो में चीख पुकार मच गई और पास पड़ोस के लोग जमा हो गए।मृतक के बड़े बेटे ने पुलिस को बताया कि उसके पिता शराब का अधिक सेवन करते थे। मृतक प्रेमचंद्र अपने पीछे पत्नी रामलली, चार बेटे अवनीश,कमलेश,चमन,अचल और तीन बेटियाँ जिनकी शादी पहले ही हो चुकी है छोड़ गए है।बताया जा रहा है कि परिवार का बड़ा बेटा मजदूरी के लिए बाहर गया हुआ था।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। इस दुखद घटना से पूरे गांव में सन्नाटा परसा हुआ है,परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। उचौलिया थाना प्रभारी गोपाल नारायण सिंह ने बताया शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है जांच चल रही है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएंगी।

बेटी के अपहरण केस में सुलह से इनकार पर पिता को बांके से काटा, हालत नाजुक

हरदोई, 29 मई (तरुणमित्र)। कानून और अदालत को ठेंगा दिखाकर हरदोई जिले में दबंगई का एक खौफनाक मामला सामने आया है। हरियावां थाना क्षेत्र के भदेउरा गांव में नाबालिग बेटी को अगवा करने के पुराने मुकदमे में कोर्ट के बाहर समझौता न करना एक बेबस पिता को भारी पड़ गया। दबंगों ने 50 वर्षीय पीड़ित पिता पर खेत में घेरकर बांके और लोहे की पाइप से ताबड़तोड़ जानलेवा हमला कर दिया। लहूलुहान हालत में पीड़ित को मरा हुआ समझकर हमलावर मौके से फरार हो गए। आनन-फानन में घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।यह पूरा विवाद करीब सात साल पुराना है। घायल संजय (50) के भतीजे अनिल कुमार के अनुसार, गांव के ही छोटे खान ने संजय की नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया था। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने तब मुकदमा दर्ज कर किशोरी को बरामद किया था, और यह मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि आरोपी पक्ष लगातार केस में सुलह-समझौते के लिए संजय पर दबाव बना रहा था, लेकिन संजय अपनी बेटी को इंसाफ दिलाने की जिद पर अड़े थे और झुकने को तैयार नहीं थे। इसी रंजिश को लेकर आरोपियों ने खूनी साजिश रच डाली।गुरुवार को जब संजय खेत पर अकेले काम कर रहे थे, तभी घात लगाए बैठे छोटे खान, जावेद और जुनैद ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। इससे पहले कि संजय कुछ समझ पाते, आरोपियों ने बांके (धारदार हथियार) और लोहे की पाइप से उनके सिर, हाथ और पैरों पर बेरहमी से वार करना शुरू कर दिया। चीख-पुकार सुनकर जब तक आस-पास के लोग दौड़े, आरोपी उन्हें लहूलुहान कर चुके थे। पीड़ित परिवार ने सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा है कि हमलावरों को गांव के वर्तमान प्रधान का पूरा संरक्षण हासिल है, जिसके दम पर वे लगातार पीड़ित परिवार को धमका रहे थे और अंततः उन्होंने इस खूनी वारदात को अंजाम दे दिया।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से संजय को स्थानीय हरियावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां वे जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायत दे दी गई है। गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस मुस्तैद है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून हाथ में लेने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

व्यापारियों ने दिया इस्तीफा

फर्रुखाबाद, 29 मई (तरुणमित्र)। फर्रुखाबाद उद्योग व्यापार मंडल फतेहगढ़ के नगरअध्यक्ष रविकांत गुप्ताके नेतृत्व में फतेहगढ़ फर्रुखाबाद नीव करोरी सहित जनपद के .क्षेत्रीय नगर कार्यकारिणीके पदाधिकारी का सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष के द्वाराजनपद के व्यापार मंडल के पदाधिकारी को महत्व न देने एव कार्य प्रणाली से क्षुब होकर अपना अपना इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष मध्य प्रदेश अध्यक्ष कोभेज दिया है ।

50 साल पुराने भूमि विवादों का अंत, एक ही दिन में 245 मामले सुलझेः डीएम

मैनपुरी, 29 मई (तरुणमित्र)। मिशन समाधान एक अभियान नहीं बल्कि लंबे समय से लंबित भूमि विवादों को दोनों पक्षों की मौजूदगी में आपसी सहमति से निस्तारित किए जाने का सबसे आसान तरीका है, विगत आयोजित समाधान दिवसों में आपसी सहमति से सैकड़ो विवादों का निस्तारण कराया जा चुका है, ग्रामसभा की हजारों बीघा भूमि अतिक्रमण-मुक्त कराई जा चुकी है, बरसों पूर्व आवंटित पट्टों पर जो पट्टेदार काबिज नहीं थे, उन्हें मिशन समाधान के दौरान काबिज कराया गया है, जिलाधिकारी की इस अनूठी पहल से लंबे समय से पीड़ित व्यक्तियों को राहत मिल रही है। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देशन में प्रत्येक गुरुवार को आयोजित होने वाला मिशन समाधान गुरुवार को अवकाश होने के फलस्वरुप आज आयोजित किया गया, प्रत्येक तहसील में 04-04 टीमों द्वारा चिन्हित 245 प्रकरणों को आपसी समझौते के आधार पर निस्तारित कराया गया, आज मिशन समाधान में अधिकांश प्रकरण दोनों पक्षों की मौजूदगी में दोनों की सहमति के आधार पर निस्तारित किये गये।

जिलाधिकारी ने मिशन समाधान के तहत तहसील घिरोर के ग्राम गोधना, अकबरपुर औंछा में राजस्व, पुलिस की टीम द्वारा किये जा रहे अबैध कब्जों की शिकायतों के निस्तारण का मौके पर जाकर जायजा लेते हुए कहा कि ग्रामसभा की भूमि को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित किया जाए, सरकारी भूमि किसी भी स्थिति में अवैध कब्जे, विवाद का विषय नहीं बननी चाहिए, पहले सरकारी भूमि का सीमांकन, संरक्षण सुनिश्चित किया जाए उसके बाद निजी पक्षों के बीच स्वामित्व, बंटवारे से संबंधित मामलों का नियमानुसार निस्तारण कराया जाए, जिन मामलों में धारा 30(2) अथवा अन्य राजस्व कार्यवाही आवश्यक हो, उन्हें पृथक रूप से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित विवादों का मूल कारण सरकारी, निजी भूमि का स्पष्ट सीमांकन न होना है, पिछले डेढ़ माह से केवल अभिलेखों का परीक्षण किया जा रहा है जबकि समाधान की दिशा में अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है, सरकारी भूमि, विद्यालय, सड़क, विद्युत उपकेंद्र, ग्रामसभा की अन्य परिसंपत्तियों का स्पष्ट, पृथक लेखा-जोखा तैयार कर 01 सप्ताह के भीतर प्रस्तुत किया जाए, राजस्व अभिलेखों में यदि किसी भूमि पर विद्यालय, सड़क या विद्युत उपकेंद्र स्थापित है, तो उसका सही अभिलेखीकरण कराया जाए यदि विद्युत उपकेंद्र अथवा सड़क का क्षेत्रफल अभी तक अलग से दर्ज नहीं है तो नियमानुसार उसका पुनर्गठन कर संबंधित विभागों के नाम दर्ज कराया जाए। अकबरपुर औंछा में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विभिन्न गाटा संख्याओं में पूर्व में बिक्री, निर्माण कार्य किए गए हैं, जबकि कुछ भू-भागों पर कब्जे, सीमांकन को लेकर विवाद बना हुआ है, जिस पर उन्होने मौके पर मौजूद राजस्व टीम को निर्देशित किया कि सभी संबंधित पक्षों की उपस्थिति में वास्तविक स्थिति के अनुसार सीमांकन कर मेड़बंदी कराई जाए, विवादित भूमि का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिन पक्षकारों की उपस्थिति आवश्यक है, उन्हें दूरभाष के माध्यम से सूचना देकर अभिलेखों में उसका उल्लेख किया जाए, जिससे भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो।

मौसम ने गर्मी से राहत दी, आंधी ने खूब मचाई तबाही

गौसना में आंधी में उड़ कर आए टीन शेड से घायल हुए व्यक्ति की मौत

मथुरा, 29 मई (तरुणमित्र)। मौसम के मिजाज में बदलाव आया है। बदले मौसम ने गर्मी से राहत दी है लेकिन आंधी ने खूब तबाही मचाई है। मथुरा के थाना जमुनापार क्षेत्र के गांव गोसना में गुरुवार देर रात तेज आंधी-तूफान के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई। 55 वर्षीय ओमप्रकाश अपने घर की छत पर सो रहे थे, तभी उड़कर आई लोहे की टीन उन्हें जा लगी।

थाना प्रभारी विदेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर भेजी गई थी। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लेखपाल भी मौके पर पहुंचे हैं और दैवीय आपदा के तहत कार्रवाई की जा रही है। सोनई के तेहरा गांव में तेज आंधी के दौरान निमार्धीन मकान की दीवाल पड़ोसी सतीश के मकान पर आ पड़ी सीमेंट की चादर के ऊपर गिरने से नीचे सो रहे परिवार के शिवा, चंचल, अंकित दबकर घायल हो गये तेज आंधी के मध्य चीखपुकार मचने से आस पड़ोसी घटनास्थल की तरफ दौड़े और घायलों को बमुश्किल निकालकर अस्पताल में उपचार के लिए एडमिट कराया। तेज आंधी के दौरान ब्रज चौरासी कोस की परिक्रमा कर रहे परिक्रमार्थी सुरक्षित स्थान की तरफ दौड़ पड़े। वही कई स्थानों पर परिक्रमाथीयों के लिये लगाए पांडाल तेज आंधी से उखड़कर गिर गये। आंधी के दौरान 33 केवी लाइन पर पेड़ गिरने से ब्रेकडाउन हो गया इस दौरान सैकड़ों गांव की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गयी। विधुत विभाग के एसडीओ देवेंद्र तिवारी जेई सतेंद्र यादव व कर्मचारियों ने पेट्रोलिंग कर लाइन सुधारकर प्रातः तीन बजे विद्युत आपूर्ति सुचारू करवाई। मांट क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया। विद्युत विभाग के अनुसार, मांट-नौहझील रोड पर निषाद मार्केट से ठाकुर भगवान सिंह मार्केट तक 11000 लाइन के लगभग 10 विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए। श्रीराम मार्केट स्थित जूनियर हाई स्कूल परिसर में एक विशाल सफेदा का पेड़ टूटकर बिजली लाइनों और पोलों पर गिर गया। इसके अतिरिक्त, वृंदावन रोड पर 33000 लाइन के पांच खंभे भी तूफान की चपेट में आकर टूट गए। तूफान के कारण कई स्थानों पर बिजली के तार सड़क पर बिखर गए, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया।

संगठन विरोधीगतिविधियों के चलते रविकांत गुप्ता नगर अध्यक्ष पद से बर्खास्त

फर्रुखाबाद, 29 मई (तरुणमित्र)। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल फर्रुर्खाबाद में पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते, एवं दूसरे व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष एवं उनके पदाधिकारीयो का अपने प्रतिष्ठान पर स्वागत करने, एवं ग्रुपों में अलग-अलग संगठन विरोधी बातें लिखना, जातिवाद का बढ़ावा देना, नगर अध्यक्ष रविकांत गुप्ता अपने प्रतिष्ठान पर बैठकर अफवाहें फैलाना, संगठन के विरोध में धमकी देना, दूसरे व्यापार मंडल की फोटो खींचकर एवं मीटिंग करके ग्रुपों में डालना, आदि यह सब संगठन के विरोध में सारी चीजें जाती हैं

प्रदेश अध्यक्ष अरुण अग्रवाल की सहमति लेते हुए एवं पूरी फोटो भेजते हुए जानकारी भी दी गई माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग जी को सारी फोटो वगैरा भेज दी गई थी। प्रदेश अध्यक्ष अरुण अग्रवाल जी ने साफ साफ शब्दों में कहा संगठन जिले का आपको चलाना है यदि कोई संगठन विरोधी कार्य कर रहा है उस पर कार्रवाई करने का अधिकार जिला अध्यक्ष /जिला महामंत्री के आपसी विचार विमर्श के उपरांत अधिकार होता है कि किसको रखना है और किसको हटाना है जिला अध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री एवं जिला महामंत्री अनुपम अग्रवाल की आपसी सहमति से तत्काल प्रभाव से फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष रविकांत गुप्ता को संगठन विरोधी गतिविधियों के चलते बर्खास्त किया जाता है और उनकी जगह पर जल्द ही किसी नए नगर अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी । बाकी सारी कमेटिया अपने-अपने पदों पर यथावत रहते हुए काम करती रहेगी।

सीएम योगी से जिला पंचायत अध्यक्ष ने की शिष्टाचार भेंट

हरदोई, 29 मई (तरुणमित्र)। जनपद हरदोई के समग्र विकास और इसकी पौराणिक व सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक पटल पर लाने के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास 5 कालिदास मार्ग, लखनऊ में जिला पंचायत अध्यक्ष हरदोई प्रेमावती, भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य व क्षेत्रीय महामंत्री (अनु. मोर्चा, अवध क्षेत्र) पीके वर्मा तथा डॉ. नीरज ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने हरदोई की जनहित समस्याओं और विकास कार्यों की एक लंबी फेहरिस्त मुख्यमंत्री के सामने रखी, जिस पर सीएम योगी ने बेहद सकारात्मक आश्वासन दिया है।भेंट के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने जिला पंचायत हरदोई द्वारा प्रकाशित विशेष स्मारिका ह्लसंकल्प पथह्व मुख्यमंत्री को भेंट की। इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने हरदोई को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए मुख्यमंत्री के समक्ष कई ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे।जनपद की धार्मिक एवं ऐतिहासिक पहचान को सुदृढ़ करने के लिए हरदोई की पौराणिक भूमि पर भगवान नरसिंह एवं भक्त प्रह्लाद की भव्य प्रतिमा स्थापित करने की मांग प्रमुखता से की गई, जिससे जिले की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान मिल सके। इसके साथ ही शिक्षा व खेल जगत के विस्तार के लिए जनपद में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना और विकास खंड सुरसा में एक उच्च स्तरीय स्पोर्ट्स स्टेडियम के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा गया।

यातायात व्यवस्था और आधुनिक सुविधाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय से सभी विकास खंडों तक इलेक्ट्रिक बस सेवा संचालित करने तथा शहर में आधुनिक ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली विकसित करने की मांग उठाई गई। वहीं, पत्रकार व अधिवक्ता हित को ध्यान में रखते हुए हरदोई के मीडिया जगत के लिए एक आधुनिक प्रेस क्लब भवन की स्थापना और कचहरी परिसर व अधिवक्ता चैंबरों के जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण पर विस्तृत चर्चा हुई।क्षेत्र में पर्यटन व संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सुप्रसिद्ध सांडी पक्षी विहार एवं धोबिया आश्रम का सर्वांगीण विकास करने, चौरासी कोसीय परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण व सुदृढीकरण करने और आगंतुकों के ठहरने के लिए सर्किट हाउस निर्माण की मांग की गई। इसके साथ ही लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान की तर्ज पर हरदोई में एक आधुनिक प्रेक्षागृह यानी ऑडिटोरियम बनाने का प्रस्ताव भी सौंपे गए ज्ञापनों में शामिल रहा।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से जनपद के समग्र विकास और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए शीघ्र कार्रवाई का अनुरोध किया, जिस पर मुख्यमंत्री ने सभी बिंदुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार कर जल्द उचित कदम उठाने का भरोसा दिलाया है।

43 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार, 31 का चयन

फर्रुखाबाद, 29 मई (तरुणमित्र)। शहर के ठंडी सड़क स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शिशिक्षु /अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजननोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह के नेतृत्व में किया गया। मेला में तीन कंपनियों नेप्रतिभा किया ' व रिक्तियां 120 के सापेक्ष में मेला में 43 अभ्यर्थी उपस्थित हुए मेला में कंपनियों के प्रतिनिधि योद्वारा 43 अभ्यर्थियों कासाक्षात्कार कर कुल31 अभ्यर्थियोंका चयन टाटा मोटर्स पंतनगर उत्तराखंड 16 अप्रेंटिसशिप वैक में टइंडिया लिमिटेड छाता मथुरा11 जॉब ट्रैनी एव रिवेन्ट प्रसीजन इंजीनियरिंग लिमिटेड गुरुगांव चार जॉब ट्रेनीके लिए चयन किया गया है। मेला की व्यवस्था मेंप्रमुख रूप सेनोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंहबृजेश कुमार कार्यदेशक सुनील कुमार प्लेसमेंट प्रभारी रंजीत कुमार सुमन अप्रेंटिस प्रभारीविजेंद्र सिंहभास्कर एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

ऑटो निकालने से रोकने पर हुआ विवाद, वीडियो वायरल

मथुरा, 29 मई (तरुणमित्र)। ऑटो निकालने की मना करने पर गुजरात के श्रद्धालुओं ने यातायात कर्मियों के साथ मारपीट कर दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया। हालांकि चौकी पर श्रद्धालुओं के माफी मांगने पर पुलिस ने उनको छोड़ दिया है। कोतवाली क्षेत्र के विकास बाजार पर मंगलवार को एसआइ बलबीर सिंह और दीवान विदित कौशल ड्यूटी पर थे। भीड़ को देख उन्होंने एक ऑटो को उन्होंने रोक दिया और दूसरी साइड से जाने की कह दी। ऑटो में गुजरात के श्रद्धालु सवार थे। उनकी यातायात कर्मियों से टेंपो निकलने को लेकर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ी कि ऑटो में सवार महिलाओं और पुरुषों ने यातायात कर्मियों की जमकर धुनाई कर दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई।

भीषण गर्मी के चलते आंगनवाड़ी प्री-स्कूल 20 जून तक बंद

आंगनवाड़ी केंद्र खुले रहेंगे, जारी रहेंगे विभागीय कार्य

लखीमपुर-खीरी, 29 मई (तरुणमित्र)। जनपद में आसमान से बरस रही आग और भीषण लू के प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन ने नौनिहालों की सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में तीन से छह वर्ष तक के बच्चों के लिए आगामी 20 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। हालांकि, इस अवधि में आंगनबाड़ी केंद्र बंद नहीं होंगे और विभागीय कार्य पूर्व की भांति संचालित रहेंगे।

नौनिहालों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन गंभीर- डीएम द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप के अनुसार, वर्तमान में भीषण गर्मी और लू के चलते प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूल पहले से ही बंद चल रहे हैं। चूंकि अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन भी प्राथमिक विद्यालयों के परिसर में ही किया जा रहा है और वहां आने वाले बच्चों की उम्र काफी कम (3 से 6 वर्ष) होती है, इसलिए उनके बीमार होने का खतरा अधिक था। इन केंद्रों पर भीषण गर्मी से बचाव का कोई ठोस साधन उपलब्ध न होने के कारण प्रशासन ने बच्चों को राहत देने का निर्णय लिया है।

खुले रहेंगे केंद्र, कार्यकत्रियां निपटाएंगी ये पांच जरूरी काम- आदेश में स्पष्ट किया गया है कि बच्चों के लिए अवकाश होने के बावजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं केंद्र पर उपस्थित रहेंगी। इस दौरान उन्हें अनुपूरक पुष्टाहार की प्राप्ति एवं टेक होम राशन का वितरण,बच्चों का ग्रोथ मेजरमेंट एवं पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, वीएचएसएनडी सत्र का आयोजन,आरबीएसके टीम के भ्रमण के समय बच्चों को बुलाकर स्वास्थ्य परीक्षण,समुदाय आधारित गतिविधियों का आयोजन जैसे मुख्य शासकीय दायित्वों का निर्वहन अनिवार्य रूप से करना होगा। डीएम ने जिले के समस्त सीडीपीओ और प्रभारियों को इस आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने के कड़े निर्देश दिए। लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

महोली फायरिंग कांड में अब तक 9 आरोपी गिरफ्तार

मथुरा, 29 मई (तरुणमित्र)। थाना हाईवे क्षेत्र के ग्राम महोली में गुरूवार को दो गुटों के बीच हुई फायरिंग की सनसनीखेज घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार और कारतूस भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 28 मई को महोली गांव में आपसी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच जमकर फायरिंग हुई थी। इस मामले में थाना हाईवे पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद 29 मई की रात करीब 12:35 बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में राजवीर सिंह, महेश (विरजू), मनोज, पवन, केदार, लिल्लो, मोहन, महेश (रूप सिंह) और राजू शामिल हैं। सभी आरोपी ग्राम महोली के निवासी हैं।

बालामऊ के मंच पर थिएटर की पाठशाला

पसीने के साथ बह रही अभिनय की नई धार

बालामऊ, हरदोई, 29 मई (तरुणमित्र)। कहते हैं कि कला किसी बड़े शहर की बपौती नहीं होती, बस उसे तराशने के लिए एक पारखी नजर और सही मंच की जरूरत होती है। कुछ ऐसा ही नजारा इन दिनों बालामऊ के पटेल शिक्षण संस्थान बालिका इंटर कॉलेज में देखने को मिल रहा है।

भीषण गर्मी के पारे को मात देते हुए यहाँ की बेटियाँ और युवा इन दिनों रंगमंच की बारिकियाँ सीख रहे हैं। अवसर है–उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी संस्कृति विभाग और चित्रण कला मंच समिति, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 16 दिवसीय ग्रीष्मकालीन नाटक कार्यशाला का, जो बीती 22 मई से शुरू होकर आगामी 6 जून तक चलेगी।कार्यशाला में केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि रंगमंच की असली दुनिया से रूबरू कराया जा रहा है। विख्यात रंगकर्मी और प्रशिक्षक विपिन कुमार की देखरेख में चल रहे इस कैंप में विद्यार्थी सुबह की शुरूआत कड़े शारीरिक व्यायाम और वॉयस मॉड्युलेशन से करते हैं। प्रशिक्षक विपिन कुमार विद्यार्थियों के भीतर छुपे संकोच को तोड़कर उन्हें अभिनय, भाव संप्रेषण, रंग-रोगन और वेशभूषा के मूल मंत्र सिखा रहे हैं। बिना बोले भी आँखों और चेहरे से अपनी बात दर्शकों तक कैसे पहुँचाई जाए और मंच पर खड़े होने से लेकर चलने-फिरने का क्या सलीका होना चाहिए, इसका कड़ा अभ्यास कराया जा रहा है।आमतौर पर कॉपियों और किताबों में उलझे रहने वाले ये विद्यार्थी अब खुद रंगमंच के किरदारों को जी रहे हैं। कार्यशाला के दौरान सिर्फ थ्योरी नहीं पढ़ाई जा रही, बल्कि विद्यार्थियों से छोटे-छोटे लघु नाटकों का जीवंत मंचन भी कराया जा रहा है। बच्चे खुद संवाद लिख रहे हैं, चरित्र को समझ रहे हैं और मंच पर उतरकर अपनी झिझक को मटियामेट कर रहे हैं।अक्सर ऐसी हाई-प्रोफाइल कार्यशालाएं लखनऊ या बड़े महानगरों तक सीमित रह जाती हैं, लेकिन हरदोई के बालामऊ जैसे क्षेत्र में संगीत नाटक अकादमी का यह कदम सराहनीय है। यह इस बात का सबूत है कि अगर सही अवसर मिले, तो ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं भी किसी से पीछे नहीं हैं। आगामी 6 जून को इस कार्यशाला का समापन होगा, जहाँ ये नवोदित कलाकार अपने अभिनय का अंतिम और भव्य प्रदर्शन करेंगे। अब देखना यह है कि 16 दिनों की इस भट्टी में तपकर निकलने वाले ये नए चेहरे रंगमंच की दुनिया में कितनी लंबी उड़ान भरते हैं।

हर्षोल्लास से मनाया ईद-उल-अजहा का पर्व, ईदगाह व मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से अदा हुई नमाज

इबादत के बाद शुरू हुआ कुबार्नी का सिलसिला, प्रशासन रहा अलर्ट

सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां व संजय गुप्ता ने शहर पेश इमाम हुजूर अहमद मंजरी से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी

शाहजहांपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। ईद उल अजहा का त्योहार बृहस्पतिवार को जिले भर में अकीदत के साथ मनाया गया। सुबह ईदगाहों, जामा मस्जिदों समेत अन्य मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। ईद उल अजहा पर बृहस्पतिवार को ईदगाह, जामा मस्जिद व मस्जिदों में हजारों लोगों ने दो रकात नमाज अदा कर मुल्क की तरक्की के लिए दुआ की।

इसके बाद लोगों ने एक- दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। नमाज के बाद जानवरों की कुबार्नी का सिलसिला शुरू हो गया। बृहस्पतिवार की सुबह छह बजे से मुस्लिम समाज के लोगों का बड़ी ईदगाह में पहुंचना शुरू हो गया था।

शहर पेश इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी ने ईद-उल-अजहा पर कुबार्नी के महत्व पर रोशनी डाली। ईदगाह कमेटी के सचिव सैयद कासिम रजा ने ईदगाह के आय-व्यय का ब्यौरा बताया और प्रशासन व नगर निगम की व्यवस्था पर तहे दिल से शुक्रिया अदा किया। उसके बाद 7.30 बजे शहर पेश इमाम मौलाना हुजूर अहमद मंजरी ने नमाज अदा करवाई। उन्होंने मुल्क की तरक्की के लिए दुआ की। इस दौरान ईदगाह पर मेला भी लगाया गया, जहां मेले में जमकर खरीदारी की गई। मोहल्ला खलील गर्बी में बड़ी मस्जिद में ईद उल अजहा की नमाज 8:00 बजे हाफिज मोहम्मद जाहेद ने अदा करवाई साथ ही मुल्क की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआ की। मोहल्ला अलीजई में छोटी मस्जिद में हाफिज फैजान ने अदा करवाई। ईदगाह में सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा। ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। ईदगाह गदियाना में इमाम हाफिज अनीस ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद जानवरों की कुबार्नी का सिलसिला शुरू हो गया।

ईदगाह में एडीएम प्रशासन, एसपी सिटी व सिटी मजिस्ट्रेट आदि ने लोगों से गले मिलकर मुबारकबाद दी। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां व संजय गुप्ता पाइप वाले ने शहर पेश इमाम हुजूर अहमद मंजरी से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

नाथ बाबा मंदिर में विशाल भंडारा श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

कन्या भोज से शुरू हुआ भव्य भंडारा,पूर्व अध्यक्ष अनुपम शुक्ला ने कन्याओं को भेंट कीं मुद्राएं

खुटार/शाहजहांपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। नगर के प्रसिद्ध नाथ बाबा मंदिर परिसर में जनसहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण बाबा के जयकारों से भक्तिमय बना रहा। सनातन परंपरा के अनुसार भंडारे का शुभारंभ कन्या पूजन और कन्या भोज के साथ किया गया। इस दौरान खुटार नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अनुपम शुक्ला ने प्रसाद ग्रहण करने पहुंची कन्याओं को रुपये की मुद्राएं भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी, सब्जी और खीर का प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद पाने के लिए लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं। मंदिर परिसर में पूरे दिन श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा और भक्तों ने श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया।

आयोजन में विशेष रूप से पूर्व सभासद आशीष मिश्रा, सहकारी गन्ना समिति गोला के अध्यक्ष आशीष सिंह, साधन सहकारी समिति नारायणपुर विक्रमपुर के डायरेक्टर राम प्रकाश, बनस्थली शिक्षण संस्थान सिकलापुर के प्रबंधक शिवकुमार मिश्र, किसान सहकारी गन्ना समिति के पूर्व अध्यक्ष अनिल गुप्ता सहित तमाम लोगों का सहयोग रहा।

फायरिंग व सरकारी कार्य में बाधा डालने वाला आरोपी तमंचे सहित गिरफ्तार

तिलहर/शाहजहांपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। तिलहर पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस कर्मियों से अभद्रता करने तथा फायरिंग करने के आरोप में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार को थाना तिलहर में तैनात उपनिरीक्षक गौरव कुमार की ओर से तहरीर दी गई थी। तहरीर में आरोप लगाया गया कि कुछ लोगों ने पुलिस टीम के साथ गाली-गलौज करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली। आरोपियों ने सरकारी दस्तावेजों से संबंधित डायरी छीनकर कागजात फाड़ दिए और जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करने का भी आरोप लगाया गया। मामले में थाना तिलहर में संबंधित धाराओं एवं आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार तड़के हाईवे किनारे कटरा की ओर स्थित पुल के आगे घेराबंदी कर आरोपी नकुल उर्फ जदुवीर पुत्र जगवीर निवासी ग्राम बंधीचक थाना तिलहर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा, अपराध निरीक्षक सुनील कुमार यादव, कांस्टेबल रजत मलिक तथा कांस्टेबल दीपक राघव शामिल रहे।

मरीज को नेत्र चिकित्सा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता : डॉ. मनीषा

शाहजहांपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। नगर में स्थित एक होटल में प्रेस वार्ता में बताया गया कि डॉ. श्रॉफ्स चैरिटी आई हॉस्पिटल, जो भारत में नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में सबसे विश्वसनीय संस्थानों में से एक है, जिसमें मोहम्मदी सेंटर में डॉ. मनीषा आचार्य को मेडिकल डायरेक्टर नियुक्त किए जाने की घोषणा की है। यह नियुक्ति सेंटर की उस निरंतर यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिसके माध्यम से उत्तर भारत के वंचित एवं ग्रामीण समुदायों को विश्वस्तरीय एवं किफायती नेत्र सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। डॉ. आचार्य की क्लिनिकल विशेषज्ञता एवं नेतृत्व क्षमता मोहम्मदी सेंटर के उद्देश्य के साथ पूर्ण रूप से मेल खाती है, जिसके तहत प्रत्येक मरीज को संवेदनशील एवं उच्च गुणवत्ता वाली नेत्र चिकित्सा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। हमें विश्वास है कि उनके नेतृत्व में सेंटर नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगा और समाज में अपना प्रभाव और अधिक मजबूत करेगा। डॉ. मनीषा आचार्य एक प्रतिष्ठित नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं, जिन्हें क्लिनिकल प्रैक्टिस, सर्जिकल उत्कृष्टता एवं स्वास्थ्य प्रबंधन में व्यापक अनुभव प्राप्त है।

मोहम्मदी सेंटर में मेडिकल डायरेक्टर के रूप में उनकी नियुक्ति की उस प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जिसके तहत उत्कृष्ट नेतृत्व को संस्थान की जिम्मेदारी सौंपी जाती है। डॉ. श्रॉफ्स चैरिटी आई हॉस्पिटल एक तृतीयक स्तर का नेत्र चिकित्सा संस्थान है, जो सुलभ, किफायती एवं व्यापक नेत्र चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने के लिए समर्पित है। अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञों, प्रशिक्षित स्टाफ एवं आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ मोहम्मदी सेंटर एक ही स्थान पर सम्पूर्ण जाँच, उपचार एवं निवारक नेत्र सेवाएँ उपलब्ध कराता है। वर्ष 2010-11 में अपनी शुरूआत से लेकर आज तक मोहम्मदी सेंटर ने उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रारंभिक वर्ष में जहाँ सेंटर ने 6,552 ओपीडी मरीजों को सेवाएँ दीं और 348 सर्जरी कीं, वहीं आज यह सेंटर क्षेत्र का एक प्रमुख नेत्र चिकित्सा केंद्र बन चुका है। डॉ. मनीषा आचार्य (मेडिकल डायरेक्टर-मोहम्मदी सेंटर) एवं दीपक त्रिपाठी (एडमिनिस्ट्रेटर-मोहम्मदी सेंटर) के नेतृत्व में मोहम्मदी सेंटर अपनी सर्जिकल क्षमता को और अधिक बढ़ाने, निवारक नेत्र चिकित्सा कार्यक्रमों को सशक्त बनाने तथा स्थानीय समुदायों एवं सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के साथ साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में कार्य करेगा।

सेंटर डॉ. श्रॉफ्स चैरिटी आई हॉस्पिटल की उस मूल भावना के प्रति समर्पित है, जिसके अनुसार गुणवत्तापूर्ण नेत्र चिकित्सा प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है, विशेषाधिकार नहीं। साथ में एडमिनिस्ट्रेटर दीपक त्रिपाठी मौजूद थे।

भीषण गर्मी में ड्यूटी कर रहे जवानों को एसएसपी ने बांटे छाते और पानी की बोतलें

यातायात व्यवस्था संभाल रहे 88 पीआरडी व होमगार्ड जवानों का किया उत्साहवर्धन, गर्मी से बचाव के दिए निर्देश

उन्नाव, 29 मई (तरुणमित्र)। जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने सराहनीय पहल की। पुलिस कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था में तैनात 88 पीआरडी एवं होमगार्ड जवानों को पानी की बोतल एवं छाते वितरित किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान और तेज धूप के बीच यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना चुनौतीपूर्ण कार्य है। ऐसे में ड्यूटी पर तैनात जवानों का स्वस्थ एवं सुरक्षित रहना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से उन्हें आवश्यक उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे गर्मी एवं लू से बचाव करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन प्रभावी ढंग से कर सकें। एसएसपी ने जवानों को समय-समय पर पानी पीते रहने, धूप में छाते का नियमित उपयोग करने तथा गर्मी से बचाव संबंधी आवश्यक सावधानियां अपनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है और आमजन की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए उनका योगदान सराहनीय है।

कार्यक्रम के दौरान अखिलेश सिंह अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी, शैलेन्द्र लाल अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, संचित शर्मा सहायक पुलिस अधीक्षक उन्नाव, विनी सिंह क्षेत्राधिकारी लाइन, पुलिस उपाधीक्षक प्रदीप मौर्य, सचिन राय प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव एवं प्रभारी निरीक्षक यातायात सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

एसएसपी ने ली साप्ताहिक परेड की सलामी, किया निरीक्षण

उन्नाव, 29 मई (तरुणमित्र)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह द्वारा शुक्रवार को आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस लाइन का बल, विभिन्न कार्यालयों एवं थानों में नियुक्त पुलिसकर्मी परेड में शामिल हुए। परेड निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने पुलिसकर्मियों की अनुशासन व्यवस्था, वर्दी एवं परेड की गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित पुलिस बल को कर्तव्यों के प्रति सजग एवं अनुशासित रहने के निर्देश दिए।

अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

उन्नाव, 29 मई (तरुणमित्र)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बेहटा मुजावर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक अभियुक्त को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 29 मई 2026 को थाना बेहटा मुजावर पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान संचान कोट के पास खाली पड़े होटल के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अदद तमंचा 12 बोर एवं एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सोने लाल पुत्र छंगा निवासी गौरिया कला थाना बेहटा मुजावर जनपद उन्नाव, उम्र करीब 36 वर्ष के रूप में हुई है। बरामदगी के आधार पर थाना बेहटा मुजावर में मु0अ0सं0 97/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

बरामदगी: एक अदद तमंचा 12 बोर, एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर, **गिरफ्तार करने वाली टीम:** उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल वीरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल राजन कुमार

शांतिपूर्ण माहौल में अदा हुई ईद-उल-अजहा की नमाज

तिलहर/शाहजहांपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। नगर के मौजमपुर स्थित बड़ी ईदगाह में गुरुवार को ईद-उल-अजहा की नमाज शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में अदा की गई। नमाज के दौरान हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग ईदगाह पहुंचे और देश में अमन-चैन, भाईचारे तथा खुशहाली की दुआ मांगी। शहर के इमाम साहब ने ईद की नमाज अदा कराई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। पूरे नगर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। ईदगाह परिसर एवं आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मौके पर उपजिलाधिकारी जीत सिंह राय, पुलिस क्षेत्राधिकारी इशिका सिंह तथा कोतवाली प्रभारी प्रिंस शर्मा पुलिस बल के साथ मौजूद रहे और व्यवस्थाओं का लगातार जायजा लेते रहे। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता 'रवि' ने भी ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं तथा गले मिलकर सौहार्द और एकता का संदेश दिया।

प्रशासन की मुस्तैदी और लोगों के सहयोग से ईद-उल-अजहा का पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनगणना-2027 के संबंध में बैठक सम्पन्न

शाहजहांपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य दिनांक 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक पूर्ण किया जाना है। यह कार्य समयबद्ध होने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाना भी अनिवार्य है, जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार की उपस्थिति में जनगणना कार्यों की समीक्षा हेतु आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठकें तहसील जलालाबाद, कलान, पुवायां, तिलहर एवं सदर क्षेत्र के उप जिलाधिकारियों, समस्त चार्ज अधिकारियों तथा संबंधित समस्त नामित नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की गईं। बिस्मिल सभागार, कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में नगर निगम एवं संबंधित अधिकारियों के साथ जनगणना कार्यों की प्रगति एवं तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण कराने, आंकड़ों की शुद्धता बनाए रखने तथा फील्ड स्तर पर बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी 3 जून को पुनः बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें 50 प्रतिशत से कम प्रगति वाले संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे।

वहीं, 8 जून को उन निकायों एवं विभागों की बैठक आयोजित की जाएगी, जिनका कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण हो जाएगा। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि आगामी समीक्षा बैठक का प्रारूप इस प्रकार होगा, जिसमें प्रगणक कौन हैं, कुल कितने घरों का सर्वे किया जाना है, अब तक कितने घरों का सर्वे पूर्ण किया जा चुका है तथा कार्य की प्रतिशत प्रगति क्या है, जैसे बिंदुओं से संबंधित आंकड़ों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म व ब्लैकमेल करने के आरोप में युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

तिलहर/शाहजहांपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। तिलहर पुलिस ने दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और धमकी देने के मामले में वांछित एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसे नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा उसका वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी। आरोप है कि इसी आधार पर आरोपी लंबे समय तक महिला को ब्लैकमेल करता रहा और उससे धनराशि भी ऐंठता रहा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया। इस मामले में थाना तिलहर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार दोपहर पौने एक बजे सुल्तानपुर नहर पुलिया के पास से आरोपी अंकुर सिंह उर्फ धर्मवीर सिंह निवासी गुरगवां कालोनी, थाना तिलहर को गिरफ्तार कर लिया।

कार्यालय : नगर पंचायत सैदपुर, जनपद-गाजीपुर

संख्या - 90 / न०पं० सै० - निविदा / 2026-27 दिनांक 29/05/2026

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग / निकाय निधि योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य के लिए दिनांक 05/06/2026 को समय 3.00 बजे मुहरबन्द लिफाफा में निविदा आमंत्रित करती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के द्वारा खोला जायेगा। निविदा साफ-सुथरी कटिंग रहित होनी चाहिए। गन्दे ओवर राइटिंग के निविदा अमान्य समझे जायेंगे। निविदा उन्ही ठेकेदारों के मान्य होंगे जो नगर पंचायत सैदपुर के अनुमोदित सूची के पंजीकृत ठेकेदार होंगे। एक या समस्त निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित होगा । समयावधि के उपरान्त कोई भी निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा । निविदा बिक्री का दिनांक 05/06/2026 समय 1.00 बजे तक रहेगा। विशेष विवरण न०पं० कार्यालय सैदपुर में देखा जा सकता है।

कार्य का विवरण निम्नवत् है-

S. No.	Name of work	Total estimated cost (in Lakhs)	Bid Security (EMD) to be submitted in account as mentioned below (in Rs.)	Cost of Bid documents in rupees to be deposited in account as mentioned (in Rs.)	period of completion including rainy scason
1	2	3	4	5	6
1	वार्ड नं0-11 में अस्पताल के पास शौचालय में सेप्टी टैंक सोक पिट व मरम्मत तथा रंगाई पोताई का कार्य ।	1.47+GST	14700.00	500.00	15 दिन
2	वार्ड नं0-6 में शौचालय में रंगाई पोताई व इंटरलाकिंग का कार्य।	0.87+GST	8788.00	500.00	15 दिन
3	वार्ड नं0-13 में काली जी मन्दिर गेट के पास स्थित शौचालय का मरम्मत का कार्य ।	2.79+GST	27900.00	500.00	15 दिन
4	वार्ड नं0 - 7 में कोल्हुआघाट के पास शौचालय का मरम्मत का कार्य ।	1.93+GST	19300.00	500.00	15 दिन
5	वार्ड नं0-7 में जौहरगंज श्मशान घाट के पास शौचालय का मरम्मत कार्य ।	0.95+GST	9500.00	500.00	15 दिन
6	वार्ड नं0-4 बूढ़महादेव के पास शौचालय का मरम्मत का कार्य ।	0.40+GST	4000.00	500.00	15 दिन
7	वार्ड नं0-13 में महिला पिंक शौचालय के मरम्मत का कार्य ।	0.74+GST	7400.00	500.00	15 दिन

नियम एवं शर्तें

1 - सशर्त निविदा मान्य नही होगी एंव स्वतः निरस्त समझी जायेंगी ।
2 - बिल से नियमानुसार आयकर एवं अन्य कर की कटौती अनिवार्य होगी ।
3- निर्धारित अवधि में कार्य समाप्त करना अनिवार्य होगा तथा मानक के अनुरूप कार्य होने / सन्तोषजनक स्थिति में व धनराशि उपलब्धता की दशा में ही भुगतान किया जायेगा ।
4- टेण्डर गठित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा ।
5- टेक्निकल विड फाइनेन्सियल विड अलग-अलग लिफाफा में तथा दोनों लिफाफा एक में भर कर जमा किया जायेगा ।
6- टेक्निकल विड में निविदादाता को टी04, टी05, पैन कार्ड, जी०एस०टी० प्रमाण पत्र, श्रम विभाग द्वारा जारी पंजीयन प्रमाण पत्र व निकाय में पंजीकरण प्रमाण पत्र के साथ निविदा मूल्य की जमा रसीद तथा 10 प्रतिशत का निर्धारित एफ०डी०आर० संलग्न करना अनिवार्य होगा ।
7 - निर्धारित जमानत धनराशि अधिशासी अधिकारी, का एफ०डी०आर० जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सैदपुर के पक्ष में बन्धक रखना होगा। संलग्न करना अनिवार्य होगा ।
8- कार्य करने के पूर्व, कार्य के दौरान व कार्य की समाप्ति पर स्थल का फोटो लगाना अनिवार्य होगा ।
9- एक या समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा ।
10 - किसी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र गाजीपुर होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सैदपुर
गाजीपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत सैदपुर
गाजीपुर

बीएड प्रवेश परीक्षा को शांतिपूर्ण कराने के लिए एडीएम ने की बैठक

सीतापुर, 29 मई (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2026-28 दिनांक 31 मई 2026 को जनपद में सकुशल, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी आयुष चौधरी की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों, केंद्र व्यवस्थापकों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा की समस्त तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश निर्गत किए गए।

बैठक में बताया गया कि जनपद में संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा हेतु कुल 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली प्रातः 09.00 बजे से 12.00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक सम्पन्न होगी। परीक्षा को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता बनाए रखने हेतु शासन द्वारा निर्गत समस्त दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।

उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अव्यवस्था स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण गंभीरता एवं उत्तरदायित्व के साथ करें। बैठक में केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व सभी परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर लिया जाए तथा बैठने की व्यवस्था निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील अवस्था में रखे जाएं तथा परीक्षा अवधि के दौरान सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षार्थियों की सुविधा के दृष्टिगत प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर क्लॉक रूम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे अभ्यर्थी अपने बैग, मोबाइल फोन एवं अन्य प्रतिबंधित सामग्री सुरक्षित रूप से जमा कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि क्लॉक रूम व्यवस्था सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित हो तथा अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। बैठक में प्रश्नपत्रों की सुरक्षा एवं गोपनीयता के संबंध में विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि प्रश्नपत्रों को पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के साथ परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया जाए तथा परीक्षा सम्पन्न होने के उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं एवं अन्य गोपनीय सामग्री को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सुरक्षित रूप से जमा कराया जाए।

प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए गए।पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा परीक्षा अवधि के दौरान केंद्रों के आसपास सतत गश्त की व्यवस्था रखी जाए। परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में यातायात व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि परीक्षा दिवस पर यातायात व्यवस्था सुचारु रखी जाए ।

बीजेपी ने दिलीप पटेल को बनाया जिलाध्यक्ष

अंबेडकर नगर, 29 मई (तरुणमित्र)। भारतीय जनता पार्टी ने बहुप्रतीक्षित शेष बचे जिलों के जिलाध्यक्ष की घोषणा गुरुवार को देर शाम कर दिया है। भाजपा के जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव को जिलाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने की। भाजपा जिलाध्यक्ष बनाए जाने के पूर्व दिलीप पटेल देव युवा मोर्चा के जिला महामंत्री रहे और वर्तमान में भाजपा जिला महामंत्री थे।

भाजपा ने पिछड़े वर्ग के युवा नेता को भाजपा जिलाध्यक्ष बना कर एक साथ कई निशाने को साधा है। राजनैतिक और सामाजिक दृष्टि से की गई पिछड़े वर्ग के युवा नेता के जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति की राजनैतिक गलियारे में चचाओं की बाजार गर्म है। भाजपा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव ने नए दायित्व दिए जाने पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एवम् प्रदेश महामंत्री (संगठन) सहित सभी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि वह संगठन के भरोसे पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

कार्यकताओं का सम्मान और संगठन का बेहतर कार्य पहली प्राथमिकता होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव को नए दायित्व की बधाई देने वालों में मुख्य रूप से अभी तक जिलाध्यक्ष पद पर आसीन रहे त्रयंबक तिवारी, पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय, एम एल सी डॉ हरिओम पाण्डेय, विधायक धर्म राज निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी, कपिल देव वर्मा, राम प्रकाश यादव, ज्ञान सागर सिंह, यमुना प्रसाद चतुवेर्दी, रमा शंकर सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, चेयर मैन चंद्र प्रकाश वर्मा, ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह, गौरव सिंह, प्रतिनिधि आनंद वर्मा,जिला उपाध्यक्ष डॉ राना रणधीर सिंह, मनोज मिश्र, डॉ रजनीश सिंह, रमेश चंद्र गुप्ता, विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, सुमन पाण्डेय, जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह, बाबा राम शब्द यादव, सुरेश कन्नौजिया, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, संजय सिंह, चंद्रिका प्रसाद, दीपक तिवारी, विनय पाण्डेय, पंकज वर्मा, बजरंगी पाठक, मनीष मिश्र, शाश्वत मिश्र आदि ने दी है।

संक्षिप्त समाचार

पशुओं को बचा हुआ दूषित भोज्य पदार्थ खिलाना है हानिकारक : डॉ. बलराम चौरसिया

बस्ती , 29 मई (तरुणमित्र)। पशुओं को बचा हुआ दूषित भोज्य पदार्थ खिलाना हानिकारक होता है। किसी उत्सव आदि में बचा हुआ खाना गाय, भैंस को नहीं खिलाना चाहिए। इस बात की जानकारी डिप्टी सीवीओ भानपुर डॉ बलराम चौरसिया ने खैरा में आयोजित पशुपालक गोष्ठि में दी। कहा कि पशुओं का पाचन तंत्र भूसा,घास के साथ कच्चा पीसा दाना या पशु आहार तो हजम करने की क्षमता रखता है पर घर पर बचा हुआ पूड़ी, सब्जी आदि खाना नहीं हजम होने से पशु की स्थिति खराब हो जाती है।एक्यूट रूमिनल एसिडोसिस होने से पशु सुस्त पड़ जाते हैं। पेट फूल जाता है,लेट जातें हैं और समुचित उपचार के आभाव में पशु की जान भी जा सकती है। शादी, विवाह में बचा हुआ तैलीय भोज्य पदार्थ पशुओं को न खिलाएं। गलती से खिला दिए और खाने के आधा एक घंटा में पशु की हालत खराब लगे तो पचास पचास ग्राम खाने वाला सोडा (सोडियम बाइ कार्बोनेट) ठंडा पानी में घोलकर एक घंटे में तीन बार पिलाएं तथा पशु चिकित्सक से संपर्क कर उपचार कराएं। इस अवसर पर पशु स्वास्थ्य की जांच कर पशु स्वास्थ्य वर्धक औषधि का नि शुल्क वितरण किया गया। मौके पर प्रसिद्ध कुमार सिंह,राजेश, उमाकांत, हरिश्चंद्र,सुमेर सिंह व राहुल मौजूद रहे।

आरएमपी पीजी कालेज में हुआ वीड़ी सावरकर जयंती का आयोजन

सीतापुर, 29 मई (तरुणमित्र)। मेरा युवा भारत, सीतापुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में आर.एम.पी. पी.जी. कॉलेज में वीडी सावरकर की जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ डॉक्टर जयवीर सिंह सहायक आचार्य जी और डॉक्टर श्रद्धा गुप्ता द्वारा सावरकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण के साथ किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों के बैच लगाकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर विजय प्रकाश के द्वारा किया गया। डॉक्टर जयवीर सिंह द्वारा वी.डी. सावरकर के जीवन एवं कार्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा गया कि सावरकर एक महान स्वतंत्रता सैनिक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, लेखक, कवि और समाजसुधारक थे, जिनके योगदान को वर्तमान पीढ़ी को याद रखकर उनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए।उपस्थित सभी प्रतिभागियों के बीच भाषण प्रतियोगिता और कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किये भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सेजल सिंह, द्वितीय स्थान आराध्या मिश्रा तथा तृतीय स्थान सौभाग्य मिश्रा रहे। विजेताओं को सर्टिफिकेट व पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया।

खतौनी की प्रमाणित प्रति अब पूर्णत: ऑनलाइन उपलब्ध: डीएम ईशा प्रिया

अम्बेडकरनगर, 29 मई (तरुणमित्र)। 29 मई 2026। जनपदवासियों को राजस्व सेवाओं में अधिक पारदर्शिता, सुगमता एवं त्वरित सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने बताया कि अब खतौनी (अधिकार अभिलेख) की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन कर दी गई है। इस व्यवस्था के लागू होने से नागरिक अब घर बैठे ही ऑनलाइन माध्यम से खतौनी की प्रमाणित प्रति डाउनलोड कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद द्वारा संचालित भूलेख पोर्टल पर खतौनी को पूर्णतः ऑनलाइन एवं रियल टाइम उपलब्ध कराया गया है। इसके अंतर्गत अब आवेदक को तहसील अथवा जनसेवा केंद्रों के अनावश्यक चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। नागरिक किसी भी स्थान एवं किसी भी समय ऑनलाइन शुल्क का भुगतान कर प्रमाणित प्रति प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में भूमिधरों एवं आवेदकों द्वारा खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त की जाती है, जिसके लिए लोगों को समय, श्रम एवं संसाधनों का अतिरिक्त व्यय करना पड़ता था। नई ऑनलाइन व्यवस्था लागू होने से न केवल आमजन को राहत मिलेगी बल्कि तहसीलों पर कार्यभार भी कम होगा तथा ई-गवर्नेंस को बढ़ावा मिलेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन प्रमाणित प्रति प्राप्त करने के लिए आवेदक को राजस्व विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर लॉगिन करना होगा। इसके पश्चात खतौनी की नकल विकल्प का चयन कर जनपद, तहसील एवं ग्राम का विवरण भरना होगा। संबंधित गाटा संख्या का चयन करने के बाद ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित शुल्क 15 रुपये का भुगतान कर प्रमाणित प्रति डाउनलोड की जा सकेगी।

जिलाधिकारी ने किया कान्हा गौशाला का निरीक्षण

सीतापुर, 29 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी राजा गणपति आर ने विकास खण्ड कसमण्डा ग्राम पंचायत अलोइया के श्री कान्हा अस्थाई गौशाला तथा ग्राम पंचायत रेउरी के भारत अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत रेउरी के भारत अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल का निरीक्षण करते हुये गौवंशों की संख्या की जानकारी प्राप्त की एवं केयर टेकरों से वार्ता की।

पशुओं हेतु हरे चारे, भूसा, पानी आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जिसमें कमियां पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये वीओ पर अनुशासनिक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित को दिये। जिलाधिकारी द्वारा नांद की संख्या कम पाये जाने एवं अत्यन्त गंदगी एवं अन्य कमियां पाये जाने पर ग्राम पंचायत अधिकारी को जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुये कार्यों में गम्भीरता न होने पर निलम्बित करने के निर्देश दिये।

साथ ही जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी कसमण्डा को सही ढंग से निगरानी न किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित

किया कि पुनः निरीक्षण पर यदि कमियां पायी गयीं तो कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। जिलाधिकारी ने विकास खण्ड कसमण्डा की दोनों गौशालाओं में कमियां पाये जाने पर व निरीक्षण न किये जाने पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के विरूद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये।निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी,पशु चिकित्सा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन

बाराबंकी, 29 मई (तरुणमित्र)। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की मंशानुरूप एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बाराबंकी के तत्वाधान में उज्वल उपाध्याय, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणए बाराबंकी की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, बाराबंकी में शुक्रवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उज्वल उपाध्याय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा उपस्थित आमजनमानस को तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करते हुये बताया गया कि आज के समय में युवाओं के लिए तंबाकू का सेवन करना एक फैशन बनता जा रहा है। लेकिन तंबाकू का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक होता है। अगर इसका नियत्रंण न किया जाए तो ये आपकी जान भी ले सकता हैं।

तंबाकू का सेवन शरीर में समस्याओं के अलावा कुछ नहीं देता है। तंबाकू का सेवन मुंह, गला, फेफड़ा, गला, कंठ, खाद नली, गुर्दे आदि स्थानों में कैंसर पैदा कर सकता है। फेफड़ों के कैंसर का मुख्य कारण तंबाकू को ही माना जाता है। फेफड़ों का कैंसर होने का खतरा सबसे ज्यादा उन लोगों को रहता है जो स्मोकिंग करते हैं। स्मोकिंग के कारण फेफड़े की कार्यप्रणाली बुरी तरह से प्रभावित होती है और वह धीरे-धीरे कैंसर की चपेट में भी आ जाता है। इसलिए तंबाकू का सेवन और स्मोकिंग करने से बचें। इसके अतिरिक्त डा0 अवधेश कुमार यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी बाराबंकी के द्वारा आयोजन के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि तंबाकू का सेवन न केवल कैंसरए टीबी और हृदय रोग जैसी घातक बीमारियों का कारण बनता हैए बल्कि यह व्यक्ति के पूरे परिवार को शारीरिक और आर्थिक रूप से बर्बाद कर देता है।

भगवान हर हाल में करते हैं अपने भक्त की रक्षा : पं. राजेश मिश्र

अहंकार कितना भी बड़ा हो भगवान के सामने नहीं टिकता

बाराबंकी, 29 मई (तरुणमित्र)। सच्ची भक्ति में इतनी ताकत होती है कि भगवान को भी भक्त की रक्षा करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। स्थानीय विश्राम सदन धर्मशाला में चल रही श्रीमद भागवत कथा में व्यास पीठ से पण्डित राजेश मिश्र शास्त्री ने भागवत के सातवें स्कन्ध में वर्णित भक्त प्रहलाद की कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भक्ति करने की कोई उम्र नहीं होती है। हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रहलाद माता के गर्भ से नारद के उपदेश से भगवान का भक्त हो गया था।

प्रहलाद के पिता हिरण्यकश्यप को प्रहलाद का भगवान नाम जप करना बहुत खराब लगता था, क्योंकि वह स्वयं को ही भगवान मानता था। हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद को मारने के लिए हाथियों से कुचलवाया, पहाड़ से फिंकवाया, साँपो से कटवाया, जहर पिलवाया मगर हर बार भगवान विष्णु ने अपने भक्त की रक्षा की। हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद से पूछा तेरा भगवान कहाँ है।

तो प्रहलाद ने कहा कि वह तो सब जगह है, वह तो इस खम्भे में भी है। असल में हिरण्यकश्यप को यह वरदान प्राप्त था कि उसकी मृत्यु न दिन में हो न रात में हो, न घर के अन्दर हो न बाहर हो, न धरती पर न आकाश में, न मनुष्य से मरे न पशु से, न किसी अस्त्र से न किसी शस्त्र से। इसीलिए उसे घमंड हो गया था और वह अपने को ही भगवान मानने लगा था। जब प्रहलाद ने कहा कि मेरा भगवान तो खम्भे में भी है तो हिरण्यकश्यप ने खम्भे पर तलवार से प्रहार किया तो उसी खम्भे से भगवान विष्णु, नृसिंह अवतार के रूप में प्रकट हो गए। और क्रोध से भरकर उन्होंने हिरण्यकश्यप को अपनी जांघ पर लिटाया, न धरती पर, न आकाश पर और अपने नाखूंनों से उसका पेट फाड़ दिया यानी न अस्त्र न शस्त्र। इस प्रकार उस अहंकारी राक्षस का अंत हुआ। पण्डित राजेश शास्त्री ने कहा की इस कथा से यह शिक्षा मिलती है कि अहंकार कितना भी बड़ा हो भगवान के सामने नहीं टिकता और भक्ति में इतनी ताकत होती है कि भगवान को खम्भे से प्रकट होकर भी अपने भक्त की रक्षा करना पड़ता है। कथा में भारी भीड़ हो रही है, मन्दिर के पुजारी आचार्य राधेश्याम मिश्र रोजाना पुरुषोत्तम मास के महत्व की कथा कहते हैं।

हल्की बरसात ने खोली सड़क निर्माण की गुणवत्ता की पोल

बाराबंकी, 29 मई (तरुणमित्र)। जनपद में पुराने लखनऊ-अयोध्या हाईवे की निर्माण गुणवत्ता पर पहली ही हल्की बारिश ने सवाल खड़े कर दिए हैं। असेनी ओवरब्रिज के नीचे से होकर शहर के बीच से गुजरने वाला यह मार्ग चौपुला के पास एनएच-27 को जोड़ता है, लेकिन थोड़ी सी बरसात में ही यह तालाब में तब्दील हो गया। सड़क पर जलभराव के कारण आम लोगों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सबसे चिंताजनक स्थिति शहर के प्रवेश द्वार पर देखने को मिली, जहाँ तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के बैठने की जगह भी पानी ने घेर ली। ड्यूटी पर तैनात जवानों को पानी में खड़े रहकर यातायात संभालना पड़ता है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण के

दौरान जलनिकासी की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई। न नालियां बनीं, न सड़क का ढलान सही रखा गया। नतीजा, हल्की बारिश में ही सड़क पर पानी भर गया। राहगीरों को इसी जल भराव का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दोपहिया वाहन चालकों के लिए अच्छे कपड़े पहन कर काम पर जाना भी मुश्किल है जब कोई चार पहिया वाहन पास से निकल जाती है तो पानी की छींटें दुपहिया चालकों पर पड़ रही है।फिलहाल सवाल यह है कि जब हल्की बारिश में यह हाल है, तो मानसून में क्या होगा।

रामनगर के मनरेगा टीए प्रभात वर्मा का निधन

गांव में गम का माहौल गुरुवार को हुआ अंतिम संस्कार जब शव गांव पहुंचा तो बिलख पड़ा पूरा परिवार

रामनगर/बाराबंकी, 29 मई (तरुणमित्र)। विकासखंड रामनगर में तैनात मनरेगा तकनीकी सहायक प्रभात वर्मा 26 वर्ष का बुधवार शाम लखनऊ के एक अस्पताल में निधन हो गया। एक सप्ताह से बीमार चल रहे थे। गुरुवार सुबह 11:00 बजे पैतृक गांव नंद्रासी, फतेहपुर में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

शुक्रवार को ब्लॉक परिसर रामनगर में खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार सहित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने 2 मिनट मौन धारण कर शोक सभा आयोजित की गई। प्रभात की कुछ माह पहले ही सगाई हुई थी। अचानक मिली मौत की खबर से परिवार व रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल है। शव गांव पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। प्रभात के अंतिम संस्कार में विकासखंड रामनगर के दर्जनों ग्राम प्रधान, मनरेगा कर्मी और अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने गांव पहुंचकर अंतिम विदाई दी।

ग्राम प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष रामकुमार मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष सभाजीत सिंह, एडीओ आईएसबी जयराम वाल्मीकि, एपीओ मिथिलेश यादव, ग्राम प्रधान कंधई लाल, विवेक सिंह, पप्पू यादव, सुभाषचंद्र रावत, वीरेंद्र कुमार, विनय वर्मा, सचिव जितेन्द्र कुमार, मोनू सिंह, दिलेराम यादव, दिलीप शर्मा, अरुण कुमार, तकनीकी सहायक अमर सिंह, बराती लाल, राजेंद्र, केसी वर्मा, ग्राम रोजगार सेवक विकास वर्मा, धर्मराज यादव समेत तमाम मनरेगा कर्मी व ग्राम प्रधान शामिल रहे।

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बाराबंकी , 29 मई (तरुणमित्र)। स्वाट/सर्विलांस व थाना देवा की सुंयक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम ग्वारी में हुई डकैती की घटना में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करके, कब्जे,निशादेही से लूटे गये जेवरात, 36 हजार रु0 नगद व 01 अदद अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में स्वाट,सर्विलांस व थाना देवा की सुंयक्त पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स एवं डिजिटल डेटा, सीसीटीवी कैमरा की मदद से बीएनएस में वांछित अभियुक्त रोहित जाट उर्फ रोहित कुमार पुत्र मान सिंह निवासी पन्डरावल थाना छतारी जनपद बुलन्दशहर को बरवास रोड थाना देवा से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे/निशादेही पर लूट से सम्बन्धित 36 हजार रुपए, पीली धातु के कटे हुए जेवर कुल अनुमानित वजन लगभग 12.250 ग्राम 3.01 अदद अवैध तमंचा .315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर, बरामद किया गया।

नदियों की स्वच्छता हम सबकी जिम्मेदारी: यशकान्त सिंह

बस्ती , 29 मई (तरुणमित्र)। शुक्रवार को जनसहभागिता के माध्यम से कुवांनो नदी के जीर्णोद्धार अभियान की कड़ी में विकास खण्ड रामनगर के ग्राम पंचायत नरकटहा अन्तर्गत पगारे घाट पर जीर्णोद्धार अभियान की शुरूआत किया गया।ब्लाक प्रमुख रामनगर यशकान्त सिंह, जिला पंचायत सदस्य सुबाष यादव एवं खण्ड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने घाट पर साफ-सफाई किया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

स्वच्छता अभियान के बाद ब्लाक प्रमुख रामनगर यशकान्त सिंह ने कहा नदियां भारतीय संस्कृति की धरोहर है जैसे शरीर में धमनिया रक्त का प्रवाह करती है वैसे हमारी नदिया पूरे ब्रहमाण्ड में

जल प्रवाह को अविरल बनाती है। प्राचीन भारत के इतिहास को देखने पर पता चलता है कि किसी भी बड़े शहर या बड़ी सभ्यतायें विकसित हुई है वे सभी नदियों के किनारे थी । भारतीय संस्कृति में नदिया हमारी आस्था का प्रतीक है ये हमारी भावनाओं व चेतना को जागृति रखती है। वर्तमान समय में हमारी नदिंया अपने मूल स्वरूप को खो रही है। उनका जल स्तर घट रहा है नदियो को दूषित किया जा रहा है हम एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम अपनी धरोहर को सजोये और इसके मूल स्वरूप को नष्ट होने से बचाये। उन्होने कुंआनों को प्रदूषण मुक्त करने के लिये लोगों से सहयोग का आग्रह किया।

इस अवसर पर भाजपा रामनगर के मंडल अध्यक्ष गिरजेश यादव, महामंत्री गिरजेश मिश्रा, प्रदीप सिंह, सुरेश पाण्डेय, रामशंकर गुप्ता, रामचन्दर, रिसव सिंह, रमेश सिंह, वीर श्रीवास्तव तथा ग्राम प्रधान, वीरेन्द्र कुमार चौधरी एवं ग्राम पंचायत सचिव शिवनन्दन त्रिपाठी सहित सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

तमसा नदी में गौवंश का शव मिलने पर मचा हड़कंप

जलालपुर, अंबेडकरनगर , 29 मई (तरुणमित्र)। शुक्रवार सुबह जलालपुर-बसखारी मार्ग स्थित पक्के पुल के नीचे तमसा नदी में एक मृत गोवंश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जुट गए। मौके पर पहुंचे व्यापारी नेता आनंद जायसवाल और पूर्व नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र ने नगर पालिका व पुलिस को घटना की सूचना दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया। उपजिलाधिकारी राहुल गुप्ता, क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह, कोतवाल अजय प्रताप सिंह यादव और ईओ अरविंद कुमार ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी।डिप्टी सीवीओ डॉ. विनोद कुमार यादव ने शव का परीक्षण करते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आकाशीय बिजली गिरने का प्रतीत हो रहा है। एसडीएम राहुल गुप्ता ने पुष्टि करते हुए कहा कि प्रारंभिक जांच में आकाशीय विद्युत गिरने से ही गोवंश की मौत हुई है।प्रशासन के अनुसार फिलहाल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह सामान्य है।इस दौरान वरिष्ठ नेता केशव श्रीवास्तव,मीडिया प्रभारी विकाश निषाद,गौरव उपाध्याय, मनोज पांडे, रामवृक्ष भार्गव सहित बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर मौजूद रहे।

सिटी मजिस्ट्रेट ने किया बस स्टैंड चौराहे का निरीक्षण

सीतापुर, 29 मई (तरुणमित्र)। शहर के बस स्टेशन चौराहे पर हर समय लगने वाले भीषण जाम से जनता को निजात दिलाने के लिए आखिरकार प्रशासनिक अमले को सड़क पर उतरना ही पड़ा। सिटी मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडे समेत सीओ सिटी, एआरटीओ सर्वेश चतुवेर्दी, एआरएम और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर हकीकत देखी तो अव्यवस्थाओं का अंबार नजर आया। शहर के सबसे व्यस्ततम चौराहे पर यातायात नियमों की धज्जियां किस कदर उड़ाई जा रही हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि रोडवेज और डग्गामार बसों ने पूरे चौराहे को ही बंधक बना रखा है।जाम की इस भयानक समस्या की सबसे बड़ी वजह परिवहन निगम के चालकों और परिचालकों की मनमानी है। लखनऊ की तरफ जाने वाली बसों को बस अड्डे के अंदर से ले जाने के बजाय सीधे चौराहे पर ही आड़ा-तिरछा खड़ा कर दिया जाता है। चालक ज्यादा सवारी भरने के लालच में घंटों बस को चौराहे पर ही रोके रखते हैं, जिससे पीछे आने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इसके अलावा, जो बसें डिपो से निकलती भी हैं, उन्हें भी बस अड्डे के मुख्य गेट के बाहर आधी सड़क घेरकर खड़ा कर दिया जाता है ।

गायत्री शक्तिपीठ पर श्रद्धा पूर्वक मनाया गया गंगा दशहरा का पर्व

बस्ती , 29 मई (तरुणमित्र)। गायत्री शक्तिपीठ के वरिष्ठ परिव्राजक/ट्रस्टी राम प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि गंगा दशहरा /गायत्री जयंती 26 मई 2026 दिन मंगलवार को गायत्री शक्तिपीठ बस्ती के मंदिर प्रांगण में आध्यात्मिक दृष्टि से मनाया गया` एक दिन पूर्व अर्थात 25 मई 2026 दिन सोमवार को प्रातः 7:00 बजे से गायत्री मंत्र का अखंड जप का शुभारम्भ पुष्पा सिंह ने अपने पति के साथ किया, शाम 7:00 बजे तक बहनों ने जप किया उसके बाद रात्रि में भाईयों द्वारा जप किया गया 26 मई 2026 दिन मंगलवार को प्रातः जप का समापन एवं यज्ञ का शुभारंभ हुआ और विविध संस्कार सम्पन्न हुए !अपरान्ह 3 बजे से ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ गायत्री एवं गुरुदेव की प्रार्थना से प्रारंभ हुआ` मुख्य अतिथि राजेंद्र नाथ तिवारी प्रज्ञा प्रकाशन ने गंगा एवं गायत्री के उद्गम पर प्रकाश डालो`

उन्होंने कहा की गंगा स्नान से शरीर एवं मन शुद्ध होता है, गायत्री जप से आत्मा का परिष्कार होता है, सूक्ष्म जगत की प्रेरणाएं मानव मस्तिष्क को सकारात्मक सोच के लिए विवश करती हैं इस समय गायत्री का अवतरण भूमंडल पर हुआ है जो विवेक को प्रखर बनाएगा` विशिष्ट अतिथि नीलम सिंह राणा एवं दिनेश प्रताप सिंह ने अनीति से संघर्ष लेने के लिए सज्जनों को संगठित करने का आवाहन किया और पूर्ण सहयोग एवं समर्थ देने की घोषणा की` अतिथियो एवं कार्यकताओं का आभार शक्तिपीठ के संस्थापक ट्रस्टी रामचन्द्र शुक्ल ने मल्यार्पण, अंग वस्त्र एवं युग साहित्य द्वारा किया` संचालन राम प्रसाद त्रिपाठी परिव्राजक ने किया और कहा युग पुरुष वेद मूर्ति,तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जो गायत्री परिवार के संस्थापक एवं संरक्षक हैं उन्होंने अपने कर कमलों से शक्तिपीठ की प्राण प्रतिष्ठा की एवं घोषणा की है कि 21वीं सदी नारी सदी है सत्य, न्याय ,प्रेम ,सद्भावना की स्थापना इन्ही से होगा, इसलिये मातृशक्ति अपने गौरव व दयित्व का बोध करते हुए परिवारो में आदर्शवादिता का वीजारोपड़ करें`महिला मंडल की जिला संयोजिका प्रतिमा सिंह एवं नगर संयोजिका निर्मला सिंह ने नगर बाजार की अध्यक्ष राणा नीलम सिंह का स्वागत माल्यर्पण एवं गायत्री मंत्र चद्दर से किया` महिला मंडल की बहनें सीमा खरे ,वंदना पांडे ,अर्चना ,बिट्टू, अंजू, आभा सिंह, गुड्डन पांडे, अनुजा सिंह, संगीतज्ञ कांति चौरसिया आदि ने जप में सहयोग किया` श्री श्याम पांड

डीएम ने बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियों को लेकर की बैठक

निष्पक्ष, पारदर्शी, नकल विहीन व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाये परीक्षा

मुजफ्फरनगर, 29 मई (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2026 हेतु की निर्धारित दिनांक 31 मई 2026 को आयोजित होने वाली संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियों के संबंध में बैठक जिला पंचायत सभागार में आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा के 31 मई को आयोजित होने वाली संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा दो पालियों में होगी प्रथम पाली प्रात 9:00 से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराहन 2:00 से 5:00 तक चलेगी । परीक्षा में 2383 अभ्यर्थी भाग लेंगे। प्रवेश परीक्षा जनपद के 05 केंद्रों पर आयोजित कराई जाएगी। संयुक्त बीएड प्रवेश

परीक्षा में सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, पर्यवेक्षको की ड्यूटी लगाई गई है।

उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि जिस तरह पूर्व में परीक्षाएं कराई है ठीक उसी तरह संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा को भी पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी, नकल विहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए परीक्षा में जिन अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है वह पूरी निष्ठा के साथ ड्यूटी करें, परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पूर्व पहुंच जाएं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2026 हेतु की बुकलेट में जो दिशा निर्देश दिए गए हैं, उनको अच्छे से पढ़ और समझ लें, उसी के आधार पर कार्य करें इसमें किसी प्रकार की शिथिलता ना बरती जाए।

उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए परीक्षा केंद्र का पहले से निरीक्षण कर जो कमियां हो उनको पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए परीक्षा केंद्रों पर पीने के पानी, विद्युत, जनरेटर, पंखे, सीसीटीवी कैमरे,महिला पुरुष/ शौचालय आदि की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा होने से पूर्व तथा परीक्षा समाप्त होने के बाद तक सभी सीसीटीवी कैमरे संचालित रहे। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है उन कर्मचारियों को आईडी कार्ड अवश्य दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए परीक्षा केंद्रों पर अनावश्यक व्यक्ति कोई ना दिखाई दे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की परीक्षा केंद्र पर कोई भी मोबाइल तथा किसी तरह का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ना ले जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कोई भी किसी प्रकार की उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा में लापरवाही व शिथिलता ना बरती जाए, परीक्षा को सकुशल संपन्न कराएं।

उन्होंने पुलिस प्रशासन को निर्देशित किया की प्रत्येक व्यक्ति परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक सत्यापन सभी अभ्यर्थियों का प्रवेश परीक्षा से पहले बायोमेट्रिक उपस्थिति और मुख्य द्वार पर गहन जांच अनिवार्य है,परीक्षा की पूरी प्रक्रिया की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी में हो।

दुष्कर्म पीड़िता दलित बेटी के प्रति सरकार की असंवेदनशीलता दुर्भाग्यपूर्ण : मसूद

सहारनपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने उ0प्र0 की भाजपा सरकार पर आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे होने का आरोप लगाते प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों व विधायकों की सम्पत्ति की जांच कराने की मांग की है स्थानीय गुरुद्वारा रोड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक मसूद अख्तर ने कहा कि नारी वंदन का झूठा प्रचार करने वाली भाजपा के शाशन काल में महिलाओं के साथ दुष्कर्म की घटना बढ़ रहीं एन सी आर बी की रिपोर्ट के मुताबिक 66 हजार महिलाओं के साथ आपराधिक घटना हुई है उन्होंने कहा कि हाल ही महोबा में दलित बालिका के साथ हुई बलात्कार की घटना हुई है जब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने महोबा पहुंच कर घटना की जानकारी ली तो पुलिस ने पीड़ित बालिका की रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय अजय राय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया।

उन्होंने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष के मंत्रियों और विधायकों की संपत्तियों की जांच करने के बजाय, सरकार को अपने मंत्रियों और विधायकों की संपत्तियों की जांच करानी चाहिए।

पूर्व विधायक सुरेन्द्र कपिल ने भाजपा सरकार द्वारा महोबा कांड के पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग करने और पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना रखने वाले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की संपत्ति की जांच सरकारी नुमाइंदों की मांग को पूर्वाग्रह से ग्रसित बताया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने कहा कि यह मुद्दा प्रदेश में महिलाओं सहित सभी वर्गों के प्रति बढ़ते अपराधों का एक प्रमाण है और एनसीबी के हाल ही में प्रकाशित आंकड़े इन बढ़ते अपराधों की पुष्टि भी करते हैं। संदीप राणा ने संपूर्ण प्रकरण की निष्पक्ष जांच के साथ-साथ पीड़ित दलित बेटी को न्याय दिलाने की मांग भी की।

वार्ता में महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी एआईसीसी सदस्य चौधरी मुजफ्फर अली, पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी, जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, जिला उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी नितिन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष व पूर्व पार्षद सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, सेवादल जिला अध्यक्ष इमरान कुरेशी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सोनू पठान आदि मौजूद रहे।

नहाते समय गंगा में बहा युवक, बचाने गई युवती भी धारा में समाई

मेरठ, 29 मई (तरुणमित्र)। उत्तराखंड के ऋषिकेश में थाना लक्ष्मणझूला क्षेत्र के अंतर्गत सिंगटाली झूला पुल के पास गंगा नदी में स्नान के दौरान जगेठी कंकरखेड़ा निवासी नरेश उपाध्याय (42) और सरायलाल देहली गेट निवासी ऋतु (30) पानी के तेज बहाव की चपेट में आकर बह गए। दोनों को आंखों के सामने डूबता देख मौके पर मौजूद उनके साथियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और सर्च ऑपरेशन शुरू किया लेकिन देर रात तक दोनों का कोई सुराग नहीं लग सका। नरेश टीपी नगर वार्ड-51 से भाजपा पार्षद राजेंद्र उपाध्याय के साले हैं।

जानकारी के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के आबूलेन स्थित दास हुंडई शोरूम में नरेश उपाध्याय, ऋतु, नितिन, निक्की, मनीष और पायल काम करते हैं। बृहस्पतिवार को ईद की छुट्टी होने के चलते इन सभी ने सुबह के समय दो कारों से ऋषिकेश घूमने का कार्यक्रम बनाया था और वे घर से निकले थे। दोपहर करीब 1:15 बजे सभी लोग सिंगटाली बाजार में अपनी कार पार्क करने के बाद झूला पुल पार कर गंगा किनारे स्नान करने पहुंचे। नहाने के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ जाने से भाजपा नेता का साला और युवती तेज बहाव की चपेट में आ गए। हादसे की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की ढालवाला और ब्यासी टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं। टीमों ने बिना वक्त गंवाए नदी में सर्च अभियान शुरू किया। एसडीआरएफ निरीक्षक कविंद्र सजवाण ने बताया कि पानी का बहाव तेज होने के कारण विशेष गोताखोरों की मदद ली जा रही है और लगातार तलाश की जा रही है। हालांकि देर शाम तक दोनों का कुछ पता नहीं चल सका।

साथी कर्मचारी नितिन ने बताया कि गंगा किनारे नहाने के दौरान अचानक नरेश उपाध्याय का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी की ओर बहने लगे।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर अर्पित किये श्रद्धासुमन

मुजफ्फरनगर, 29 मई (तरुणमित्र)। 29 मई 2026 को भारत रत्न स्व. चौ. चरण सिंह पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया। श्रद्धा सुमन अर्पण कार्यक्रम में डॉ राजीव कुमार, प्रवेंद्र दहिया प्रधानाचार्य होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज जड़ौदा, अंकित चौधरी प्रबंधक दी गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल कैलाशपुर, आदित्य दहिया कार्यकारिणी सदस्य मेरा वजूद फाउंडेशन, अजित सिंह, सचिन कुमार एवं सतीश कुमार शामिल रहे।

पत्रकारिता दिवसः नवोदय युवा समिति ने पत्रकारों को किया सम्मानित

प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र व सामाजिक कार्यकर्ता हुए सम्मानित

हापुड़, 29 मई (तरुण मित्र)। नगर में नवोदय युवा समिति के तत्वावधान में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें दसवीं और बारहवीं कक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा पत्रकार छायाकार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा, समाज सेवा और सकारात्मक सामाजिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना रहा। समारोह में नगर और आसपास के क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों में, सुनील गर्ग नगरसेवक, डॉ. अजय रोहिल्ला नामित सभासद, पंकज अग्रवाल, चित्रांगदा कुमार दिल्ली छायाकार और उमेश शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

समारोह में विबग्योर इंटरनेशनल स्कूल, के.एम .एस . इंटर कॉलेज, वी.आई.पी. इंटर कॉलेज, डी.ए.वी पब्लिक स्कूल, ऋषिकुल इंटर कॉलेज, सेंट जेवियर स्कूल, कोहिनूर स्कूल, श्री हरिहरनाथ शास्त्री इंटर कॉलेज, प्रेमवती मारवाड़ कन्या विद्यालय, मॉडर्न इंटरनेशनल हाई सेकेंडरी स्कूल, गुरुकुल स्कूल सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों ने वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं में जनपद टॉपर एवं विद्यालय टॉपर बनकर अपने परिवार, विद्यालय और समाज का नाम रोशन किया।

संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि समिति का उद्देश्य केवल प्रतिभाओं को सम्मानित करना ही नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक कार्य करने वाले लोगों को भी प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा और शिक्षा दोनों ही राष्ट्र निर्माण के महत्वपूर्ण आधार हैं। इसी भावना के तहत सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय संगठनों और व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विशन दयाल गोयल, रविंद्र उत्साही, नीरज गर्ग, महेंद्र गोयल, अमित मित्तल, पंकज शर्मा और मनीष कुमार सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं संगठन प्रतिनिधियों को समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित पत्रकारों को भी प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अनीता चौहान ने पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवोदय युवा समिति द्वारा विभिन्न सामाजिक संगठनों और प्रतिभाओं को एक मंच पर सम्मानित करना अत्यंत सराहनीय पहल है। इससे समाज में आपसी सहयोग और सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

समारोह के दौरान दिल्ली के प्रसिद्ध छायाकार चित्रांगदा कुमार के सहयोग से एक विशेष फोटो प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। प्रदर्शनी में प्रकृति और वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर आधारित आकर्षक छायाचित्रों को प्रदर्शित किया गया, जिसे लोगों ने काफी सराहा।कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संजय अग्रवाल, शिवानी तोमर, डोली कर्दमवाल, किरण त्यागी, ओम प्रकाश शर्मा, निर्मल शर्मा, निकिता सिंह, जतिन सिंह, सोनू सैनी आदि उपस्थित रहे।

पेज 1 का शेष...

बेतवा पुल हादसे में...

हमीरपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में बेतवा नदी पर यह पुल तीन वर्ष पहले स्वीकृत हुआ था। परियोजना पर करीब 79 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। पुल बनने से परसनी, मोराकांदर, स्वासा बुजुर्ग, स्वासा खुर्द, कुम्हऊपुर, कंडौर, बैजेमऊ, इस्लामपुर, हरेहटा, पतारा, जखेला, रिठारी और देवीगंज समेत 26 गांवों को बड़ी राहत मिलने वाली थी। अभी लोगों को लंबा रास्ता तय करना पड़ता है, लेकिन पुल बनने के बाद दूरी काफी कम हो जाती।

राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पुल अगले वर्ष तक पूरा होकर जनता को सौंपा जाना था, लेकिन हादसे के बाद निर्माण कार्य प्रभावित हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेते हुए मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये तथा घायलों को पचास-पचास हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य तेज करने और घायलों के बेहतर इलाज सुनिश्चित करने को कहा है।

लापरवाही या तूफान...

आने के बाद ही हादसे की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। सबसे गंभीर सवाल मजदूरों की सुरक्षा को लेकर उठ रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण कई मजदूर निर्माणाधीन पुल के नीचे ही सो रहे थे। सुरक्षा नियमों के मुताबिक खतरनाक हिस्सों के नीचे मजदूरों को रुकने की अनुमति नहीं होती, लेकिन इसके बावजूद मजदूर वहीं मौजूद थे। हादसे के बाद सेतु निगम और निर्माण कंपनी की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। करीब 900 मीटर लंबे इस पुल के निर्माण का ठेका कानपुर की एक निजी कंपनी को दिया गया था। हादसे के बाद सेतु निगम की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। प्रशासन का कहना है कि यदि किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

कर्नाटक में सिद्धारमैया का...

जिसमें नए नेता का चयन किया जाएगा। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक लंबे समय से चल रही नेतृत्व की अंदरूनी खींचतान इस बदलाव की अहम वजह मानी जा रही है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का नाम मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे बताया जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि कांग्रेस हाईकमान ने संगठन और सरकार के बीच संतुलन बनाने की रणनीति के तहत यह बड़ा फैसला लिया है। दिल्ली में पार्टी नेतृत्व लगातार कर्नाटक के वरिष्ठ नेताओं के संपर्क में है। माना जा रहा है कि अगले कुछ दिनों में नए मुख्यमंत्री के नाम का औपचारिक ऐलान किया जा सकता है। सिद्धारमैया के इस्तीफे के बाद भाजपा और जेडीएस ने भी कांग्रेस पर अंदरूनी कलह का आरोप लगाया है। वहीं कांग्रेस इसे संगठनात्मक प्रक्रिया और नेतृत्व परिवर्तन का सामान्य निर्णय बता रही है। अब पूरे देश की नजर इस बात पर टिकी है कि कर्नाटक की सत्ता की कमान आखिर किसके हाथों में सौंपी जाती है।

सिस्टम ने मास्टर साहब...

जिसे गलत तरीके से समझ लिया गया। इसके बाद 25 मई को एक 'आंशिक संशोधित पत्र' जारी किया गया, जिसमें पूरी तरह यू-टर्न लेते हुए स्पष्ट किया गया कि गोवंशों के लिए भूसा दान करना पूरी तरह स्वैच्छिक होगा। किसी भी विद्यालय, शिक्षक या कर्मचारी पर कोई दबाव नहीं बनाया जाएगा और न ही किसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई होगी। इसके बाद ही शिक्षकों में कुछ राहत दिखाई दी। हालांकि, इस पूरे विवाद ने उस गहरी समस्या को उजागर कर दिया है जिसमें प्राथमिक शिक्षक प्रशासन के सबसे 'सुलभ' सरकारी कर्मचारी बन चुके हैं। गांव-गांव तक मौजूद होने, पढ़े-लिखे होने और विभागीय कार्रवाई के डर के कारण लगभग हर सरकारी अभियान में सबसे पहले शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी जाती है। चुनाव, मतदाता सत्यापन, राशन कार्ड सर्वे, छात्रवृत्ति जांच, पोषण अभियान, मिड डे मील प्रबंधन, स्वास्थ्य सर्वे, आधार सत्यापन और जनगणना जैसे कार्य पहले से ही शिक्षकों के जिम्मे हैं। अब भूसा संग्रह प्रकरण ने इस सूची को और लंबा कर दिया।

शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि इसका सबसे बड़ा नुकसान सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब और ग्रामीण बच्चों को उठाना पड़ रहा है। शिक्षक लगातार स्कूल से बाहर रहेंगे तो कक्षाएं प्रभावित होंगी ही। पहले से शिक्षक कमी झेल रहे विद्यालयों में पढ़ाई का स्तर गिरने लगा है। विडंबना यह है कि सुप्रीम कोर्ट और शिक्षा का अधिकार कानून स्पष्ट रूप से कहते हैं कि शिक्षकों से केवल सीमित परिस्थितियों-जैसे चुनाव, जनगणना और आपदा में ही गैरशैक्षणिक कार्य लिए जा सकते हैं। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर लगभग हर प्रशासनिक जिम्मेदारी शिक्षक के हिस्से डाल दी जाती है। बरेली का भूसा विवाद अब सिर्फ एक आदेश का मामला नहीं रह गया है। यह उस मानसिकता की तस्वीर बन गया है जिसमें शिक्षक को शिक्षा व्यवस्था का आधार नहीं, बल्कि हर काम के लिए उपलब्ध सरकारी कर्मचारी मान लिया गया है। सवाल अब केवल शिक्षकों की नाराजगी का नहीं, बल्कि प्रदेश की पूरी शिक्षा व्यवस्था के भविष्य का है।

आंतरिक शांति ही बाहरी...

ऐसे में आध्यात्मिक मूल्यों, मानवीय संवेदनाओं और आत्मिक संतुलन का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि समाज में स्थायी शांति और भाईचारे की स्थापना तभी संभव है, जब व्यक्ति भीतर से शांत, संतुलित और सकारात्मक हो। उपराष्ट्रपति ने आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की सराहना करते हुए कहा कि संस्था ने भारतीय संस्कृति के मूल मंत्र 'वसुधैव कुटुंबकम्' को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में देखने की भारतीय सोच आज वैश्विक परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक हो गई है और आर्ट ऑफ लिविंग इस संदेश को प्रभावी रूप से विश्वभर तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आधुनिकता और भारतीय प्राचीन परंपराएं एक-दूसरे की विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। आर्ट ऑफ लिविंग योग, ध्यान, प्राणायाम और मानवीय मूल्यों के माध्यम से आधुनिक जीवनशैली और भारतीय आध्यात्मिक परंपराओं के बीच संतुलन स्थापित करने में उल्लेखनीय भूमिका निभा रही है।

भारत-अमेरिका, अंतरिम...

गोयल ने उद्योग जगत के कई प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। मॉर्गन स्टैनली के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टेड पिक के साथ बैठक में उन्होंने भारत में दीर्घकालिक निवेश और संस्थागत साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने वारबर्ग पिंकस के चेयरमैन चिप केय के साथ वैश्विक निवेश परिदृश्य और भारत के उभरते आर्थिक अवसरों पर विचार-विमर्श किया। गोयल ने कहा कि एमनील फार्मास्यूटिकल्स के सह-संस्थापक एवं सह-सीईओ चिंटू पटेल के साथ बैठक में भारत के दवा क्षेत्र में निवेश एवं नवाचार को बढ़ाने के अवसरों पर चर्चा हुई। इसके अलावा मास्टरकार्ड के सीईओ माइकल मीबैक के साथ गोयल ने डिजिटल वाणिज्य, डिजिटल सुरक्षा और नयी पीढ़ी की भुगतान प्रणालियों में सहयोग बढ़ाने पर विचार किया। यूएसआईएसपीएफ ने भी एक बयान में कहा कि पीयूष गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि निवेशकों का विश्वास, कारोबार की स्थिरता और मजबूत नियामकीय माहौल भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। इससे पहले 25 से 27 मई के दौरान पीयूष गोयल के नेतृत्व में 150 से अधिक सदस्यों का व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल कनाडा गया था, जहां वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने निवेश आकर्षित करने, सहयोग बढ़ाने और प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते को गति देने के प्रयास किए।

उल्लेखनीय है कि अमेरिका का एक प्रतिनिधिमंडल दल 1 से 4 जून, 2026 के बीच भारत के दौरे पर नई दिल्ली आएगा। इस दौरान दोनों देश के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के मसौदे को अंतिम रूप दिया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपायों एवं सीमा शुल्क सुगमता जैसे मुद्दों पर बातचीत आगे बढ़ाई जाएगी।

अजय कोचर बने नौसेना...

नौसेना के 48वें वाइस चीफ के रूप में कार्यभार संभाला। वे अपने साथ नौसेना मुख्यालय में अग्रिम मोर्चे का व्यापक अनुभव लेकर आए हैं। नौसेना के दूसरे सबसे बड़े अधिकारी के तौर पर कमान संभालने से पहले उन्होंने अंडमान और निकोबार कमांड के कमांडर-इन-चीफ के तौर पर काम किया था। इससे पहले पश्चिमी नौसेना कमांड के चीफ ऑफ स्टाफ के तौर पर उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान नौसेना के अहम संसाधनों की आक्रामक अग्रिम तैनाती में अहम भूमिका निभाई थी। पुणे स्थित प्रतिष्ठित नेशनल डिफेंस एकेडमी के छात्र रहे वाइस एडमिरल कोचर 01 जुलाई 1988 को भारतीय नौसेना में कमीशन हुए थे। गनरी और मिसाइल प्रणालियों के विशेषज्ञ के तौर पर उन्होंने अपने 37 वर्षों से अधिक के शानदार करियर में कमांड, ऑपरेशनल और स्टाफ से जुड़े कई तरह के दायित्व संभाले हैं। उन्होंने युद्धपोतों 'नाशक', 'विभूति' और 'कृपाण' की कमान संभाली है और फ्रिगेट 'त्रिकंड' के कमीशनिंग कमांडिंग ऑफिसर भी रहे हैं। उन्होंने विमानवाहक पोत आईएनएस 'विक्रमादित्य' की भी कमान संभाली है। उनके कार्यकाल के दौरान विमानवाहक पोत ने अपने एयर विंग के एकीकरण और उसे ऑपरेशनल बनाने का काम सफलतापूर्वक पूरा किया।

पानी में बहने से दो महिलाओं की मौत डीएम ने लिया घटना का जायजा

सहारनपुर, 29 मई (तरुणमित्र)। सहारनपुर सिद्ध पीठ माँ शाकम्भरी देवी क्षेत्र मे अचानक बीती रात्री आए तेज जल प्रवाह मे कई वाहन बह गए जबकि दो श्रद्धालु महिलाओं की मौत भी हो गई घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मिली जानकारी के अनुसार मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट के मद्देनजर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा लगातार सार्वजनिक उद्घोषणाओं के माध्यम से श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को सचेत किया जा रहा था तथा उन्हें सुरक्षित स्थानों एवं धर्मशालाओं में स्थानांतरित किया गया था। इसी दौरान दो महिला देर रात्रि किसी कारणवश धर्मशाला से बाहर निकल गईं और अचानक आए पानी के तेज बहाव की चपेट में

आकर बह गई, जिसके परिणामस्वरूप उनकी दुःखद मृत्यु हो गई जिनमें एक महिला की शिनाख्त सावित्री पत्नी जोगिंदर निवासी बुढ़ा वाली थाना लक्सर जिला हरिद्वार के रूप मे हुई जबकि दूसरी महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान ने बताया कि वर्तमान में मौसम विभाग एवं डिजास्टर मैनेजमेंट टीम से सतत समन्वय स्थापित किया गया है। संभावित मौसम अलर्ट को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक एहतियाती एवं प्रिवेंटिव कदम उठाए जा रहे हैं। प्रशासन एंव पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा किसी भी प्रकार की जनहानि को रोकना हैवरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि आगामी वीकेंड तथा संभावित भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, संयुक्त ड्यूटियां तथा निर्धारित एस ओ पी के अनुसार व्यवस्थाओं का संचालन किया जा रहा है।

बिजली विभाग के खिलाफ लोगों का फूटा गुस्सा, किया प्रदर्शन

एटा, 29 मई (तरुणमित्र)। अलीगंज नगर में शुक्रवार सुबह बिजली विभाग के खिलाफ लोगों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया। करीब 11:30 बजे बड़ी संख्या में लोग विद्युत कार्यालय पहुंचे और करीब एक घंटे तक घेराव कर जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने विभागीय कर्मचारियों पर अवैध वसूली, फर्जी तरीके से बिजली चोरी के आरोप लगाकर धन उगाही करने तथा महिलाओं के साथ अभद्रता करने जैसे गंभीर आरोप लगाए। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने आरोप लगाया कि विभागीय कर्मचारी रात के समय घरों में दबिश देकर भय का माहौल बना रहे हैं। भाजपा अलीगंज नगर मंडल अध्यक्ष विमल कुमार गुप्ता भी विद्युत कार्यालय पहुंचे और विभागीय कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि रात करीब 9:30 से 10 बजे के बीच सुंदर सिंह भंडारी, अतर सिंह, अतुल कुमार, अलीगंज जेई समेत 8 से 10 कर्मचारी उनके घर पहुंचे और बिना अनुमति घर के अंदर घुस गए। उन्होंने कहा कि घर में कहीं भी बिजली चोरी नहीं मिली, इसके बावजूद कर्मचारियों ने वीडियो बनाकर 50 हजार रुपये की मांग की।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर वेंकटेश्वर मेडिकल कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित

अमरोहा/गजरौला, 29 मई (तरुणमित्र)। विश्व तंबाकू निषेध दिवस (31 मई 2026) के उपलक्ष्य में दिनांक 26 मई 2026 को वेंकटेश्वर मेडिकल कॉलेज, गजरौला में छात्रों के साथ एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनसीडी के नोडल अधिकारी एवं मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट डॉ. सुखदेव सिंह द्वारा की गई।

इस अवसर पर डॉ. सुखदेव सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू एवं नशा न केवल शरीर के लिए अत्यंत हानिकारक है, बल्कि यह व्यक्ति को मानसिक रूप से भी प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि भारत में मुंह के कैंसर का सबसे बड़ा कारण तंबाकू का सेवन है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार के नशे एवं तंबाकू से दूर रहें तथा दूसरों को भी इसके सेवन से रोकने के लिए प्रेरित करें, जिससे 'नशा मुक्त भारत' के निर्माण में सहयोग मिल सके।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय समन्वयक (रीजनल कॉर्डिनेटर) सुरजीत सिंह ने कोटपा अधिनियम 2003 (COTPA Act 2003) के अंतर्गत विभिन्न धाराओं की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बताया कि किस प्रकार तंबाकू कंपनियां, विशेषकर आईटीसी जैसी कंपनियां, युवाओं को तंबाकू सेवन की ओर आकर्षित करने का प्रयास करती हैं।

संगोष्ठी के अंत में तंबाकू निषेध को लेकर शपथ दिलाई गई तथा हस्ताक्षर अभियान चलाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

गोकुल सिटी के खाली प्लॉट में लगी भीषण आग

मुजफ्फरनगर, 29 मई (तरुणमित्र)। खबर उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर से है जहां आसमानी आफत यानी भीषण गर्मी के चलते अब घास फूस सहित खाली प्लाटों में पड़े कूड़े कबाड़ में भी आग लगनी शुरू हो गई है ताजा मामला मुजफ्फरनगर के नई मंडी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जानसठ रोड पर स्थित गोकुल सिटी का है जहां एक खाली प्लाट में सुखे घास फूंस में अचानक भीषण आग लग गई। अचानक लगी आग से इलाके में हड़कंप मच गया तो वहीं आग लगते ही स्थानीय मोहल्ला वासियों ने जहां आग बुझाने का प्रयास किया तो वहीं आग की सूचना दमकल विभाग को भी दी गई जहां आग की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया है यहां दमकल कर्मियों ने बताया कि संभवतः किसी के द्वारा बीढ़ी या सिगरेट डाले जाने से सुखे घास में अचानक आग लग गई आग लग जाने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग कर्मी मौके पर पहुंचे हैं जहां घंटो कड़ी मशक्कत के बाद खाली प्लाट में लगी आग पर काबू कर उसे बुझा दिया गया है।

बाइक सवार दो पुलिसकर्मी कार की टक्कर से घायल

एटा, 29 मई (तरुणमित्र)। कोतवाली नगर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक गंभीर सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। आगरा रोड स्थित शनिदेव मंदिर के सामने तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार पुलिसकर्मी हरिश्चन्द्र और पवन कुमार को टक्कर मार दी।

बोले सीएम-कृषि व राजस्व क्षेत्र में अनेकों रिफॉर्म का श्रेय चौधरी साहब को...!

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम योगी ने विधान भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत मां का महान सपूत और किसानों का मसीहा बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसंबर 1902 को उत्तर प्रदेश में हुआ था। वह देश के स्वाधीनता आंदोलन से जुड़े थे। देश में कृषि, राजस्व के क्षेत्र में तमाम

रिफॉर्म का श्रेय उन्हें जाता है। उनका स्पष्ट मत था कि देश के विकास का रास्ता गांव, खेत व खलिहालों से होकर जाता है। कहा कि किसान विकास के एजेंडे और सरकार की प्राथमिकता का हिस्सा होना चाहिए।

- मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि
- चौधरी साहब कहते थे-देश के विकास का रास्ता खेत व खलिहानों से होकर जाता है

शासन की योजनाएं किसानों को ध्यान में रखकर तैयार की जानी चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार चौधरी चरण सिंह की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने के लिए किसानों के हित से जुड़े अनेक कार्यक्रम चला रही है। इसमें लखनऊ में चौधरी चरण सिंह सीड पार्क का निर्माण भी महत्वपूर्ण है। देश के प्रमुख राजनेता होने के साथ ही उन्होंने देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया था। 29 मई 1987 को उनका देहावसान हुआ। इस दौरान कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री केपी मलिक, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद ब्रजलाल, विधायक नीरज बोरा, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल, रामचंद्र प्रधान, उमेश द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

मुख्य सचिव ने देखी पंचायतीराज की उपलब्धियां, रिक्त पदों को भरने पर जोर

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। मुख्य सचिव एस.पी. गोयल के समक्ष पंचायतीराज विभाग द्वारा बीते 5 वर्षों की उपलब्धियों का प्रेजेंटेशन किया गया। इस दौरान विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन, ग्राम पंचायतों के सशक्तीकरण, डिजिटल गवर्नेंस, ग्रामीण विकास और प्रशासनिक सुधारों से जुड़े कई पहलुओं पर मंथन हुआ। इस अवसर पनर पंचायतीराज विभाग के प्रमुख सचिव अनिल कुमार ने विभाग के सुचारु और प्रभावी संचालन के लिए खाली पड़े विभिन्न पदों को तत्काल भरने की जरूरत को रेखांकित किया। ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के सफल क्रियान्वयन और विभाग की बढ़ती जवाबदेही को देखते हुए आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता जरूरी है। पंचायतीराज निदेशक अमित कुमार सिंह ने एक व्यापक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पिछले पांच साल के सफर और प्रगति का ब्योरा सामने रखा। उन्होंने पंचायत भवनों के निर्माण, ई-गवर्नेंस की दिशा में बढ़ते कदम, ग्राम पंचायतों में बुनियादी ढांचे के विकास, सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। बैठक में संयुक्त निदेशक एस. एन. सिंह, उप निदेशक प्रवीण सिंह, वित्त नियंत्रक अमितोष श्रीवास्तव सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान अधिकारियों ने विभाग की आगामी कार्ययोजना और प्रशासनिक ढांचे को और मजबूत बनाने पर भी चर्चा की।

गंगा जमुनी तहजीब से लबरेज नवाबों के शहर राजधानी लखनऊ में ईद उल अजहा पर्व पर दिखा उत्साह, रुस्तम नगर दरगाह हजरत अब्बास में बकरीद की नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग। छाया: तरूणमित्र

11.25 करोड़ पौधरोपण में 20 फीसदी फलदार पौधे

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। तरुणमित्र। मानसून आने से पूर्व पौधरोपण अभियान की तैयारी तेज हो गयी है। इसी क्रम में ग्राम्य विभाग विभाग इस सत्र में 11.25 करोड़ पौधों का रोपण करेगा जिसमें 20 प्रतिशत पौधे फलदार होंगे।

इसे लेकर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस अभियान को जनांदोलन के रूप में संचालित किये जाने के निर्देश ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियो को दिये हैं।

इस वर्ष पौधरोपण अभियान को सफल बनाया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ग्राम्य विकास विभाग को 11.25 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए योजनाबद्ध एवं समयबद्ध कार्यवाही की जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत में पौधरोपण के लिए माइक्रोप्लान तैयार किया जाए। ग्रामवासियों के साथ पर्यावरण संरक्षण पर गोष्ठियां आयोजित हों।

उन्होंने नदियों के किनारों पर बांस रोपण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। साथ ही प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों से दो-दो सहजन के पौधे अनिवार्य रूप से लगाये जाए। इस अभियान में में कम से कम 20 प्रतिशत फलदार पौधों को शामिल किया जाए तथा पर्याप्त मात्रा में मोरिंगा सहजन प्लांटेशन कराया जाए, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ पोषण सुरक्षा एवं आयवृद्धि को भी बढ़ावा मिल सके। आयुक्त ग्राम्य विकास जी एस प्रियदर्शी ने मुख्य विकास अधिकारियों, जिला कार्यक्रम समन्वयकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस इहभयान को पूर्ण गंभीरता के साथ संचालित करें।

हॉस्टल में छात्रा ने की आत्महत्या, बिना पुलिस को सूचना दिए ले जा रहे थे शव

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। शुक्रवार गोमती नगर इलाके में एक हॉस्टल में एक 26 साल की छात्रा ने सुसाइड कर लिया है। शुक्रवार सुबह उसका शव पंखे पर दुपट्टे के सहारे लटका मिला। छात्रा के परिजन पुलिस को बिना बताए डेडबॉडी को हरिद्वार ले जा रहे थे। किसी ने पुलिस को सूचना दे दी, जिसके बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका की पहचान अभिषेक सक्सेना की बेटी पारुल के रूप में हुई है।

जानकारी के मुताबिक युवती गोमतीनगर की सृजन विहार कॉलोनी में सार्वजनिक शिक्षकोन्नयन संस्थान के हॉस्टल में रहती है। हॉस्टल को गोमतीनगर के डॉ. सुशील त्रिवेदी

- सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस

चलाते हैं। मृतक छात्रा के पिता गोमतीनगर के ही रितेश रंजन चौबे के ड्राइवर हैं। गोमतीनगर थाना पुलिस की ओर से बताया गया है कि छात्रा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के बाद शव ले जाने को लेकर मृतका के पिता के कार मालिक ने सच्चाई बताई। उनके बताने पर पुलिस ने मकान/हॉस्टल मालिक को थाने में तलब किया। रितेश रंजन चौबे नाम के एक व्यक्ति ने थाने पहुंचकर सूचना दी थी कि उनके ड्राइवर अभिषेक की बेटी ने पारुल ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने छात्रा जहां रहती थी, उसके मकान मालिक को बुलाया। मकान मालिक डॉ. सुशील त्रिवेदी ने थाने पहुंचकर बताया कि छात्रा पारुल ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। वह उनके हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती थी। इस सूचना पर पुलिस हॉस्टल पहुंच गई। वहां पर लोग छात्रा के शव को कार से ले जा रहे थे। मकान मालिक ने बताया कि छात्रा के पिता हरिद्वार में अंतिम संस्कार की बात कहकर शव ले जा रहे थे। शव को पंखे से सब लोगों के सामने ही नीचे उतारा गया था। गोमतीनगर थाना पुलिस ने बताया है कि मृतका के पिता से पूछताछ की जा रही है।

व्यापारियों की एकता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत : अमरनाथ

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। लखनऊ व्यापार मंडल द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर विशिष्ट अतिथि अंजनी कुमार श्रीवास्तव एवं अध्यक्षता लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने की अतिथि के रूप में रहें।

लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि व्यापारियों की एकता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल सदैव व्यापारियों के हितों की रक्षा एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि वे पूरी निष्ठा,ईमानदारी एवं समर्पण भाव से व्यापारियों की सेवा करें तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करें। अमरनाथ मिश्र ने चेयरमैन अंकित पाण्डेय एवं अध्यक्ष मनोज चौरसिया को विशेष जिम्मेदारी सौंपते हुए निर्देशित किया कि रिंग रोड दुबग्गा एवं उसके आसपास तेजी से विकसित हो रहे नए बाजारों में व्यापार मंडल का गठन कर अधिक से अधिक व्यापारियों को संगठन से जोड़ा जाए,ताकि व्यापारियों की समस्याओं का सामूहिक रूप से समाधान कराया जा सके। लखनऊ व्यापार मंडल के महामंत्री उमेश शर्मा ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल केवल एक संगठन नहीं बल्कि व्यापारियों की आवाज है, जो हर परिस्थिति में व्यापारियों के साथ खड़ा रहता है। रामशंकर राजपूत ने कहा उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

श्रीराम कथा आयोजन की यजमान बनेगी लक्ष्मणनगरी

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। चित्रकूट स्थित तुलसी पीठाधीश्वसर पूज्यपाद पद्मविभूषण जगदगुरु रामभद्राचार्य महाराज की पावन श्रीराम कथा एक से नौ जून तक सीतापुर रोड स्थित ब्रज की रसोई परिसर में होने जा रही है।

कथा प्रतिदिन सायं 5 से रात्रि 8 बजे तक होगी। यह जानकारी आयोजन समिति के संरक्षक एवं लखनऊ उत्तरी क्षेत्र के विधायक डा. नीरज बोरा ने शुक्रवार को श्री खाटूश्याम मंदिर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने बताया कि जगदुरु रामभद्राचार्य महाराज देश के प्रख्यात संत, विद्वान,शिक्षाविद एवं रामानंदाचार्य संप्रदाय के वर्तमान जगदुरु हैं। मात्र दो माह की आयु में दृष्टि चली जाने के

बावजूद उन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा एवं साधना के बल पर 250 से अधिक ग्रंथों की रचना की है। उन्होंने चित्रकूट में दिव्यांगजनों के लिए समर्पित विश्वविद्यालय की स्थापना की तथा अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि प्रकरण में भी एक प्रमुख गवाह रहे हैं। डा.बोरा ने बताया कि कथा के प्रथम दिवस कलश यात्रा, रामचरितमानस का विस्तार, गुरु वंदना तथा भारद्वाज-याज्ञवल्क्य मिलन का वर्णन होगा। द्वितीय दिवस माता सती के हिमाचल गृह में प्राकट्य, तृतीय दिवस शिव विवाह, चतुर्थ दिवस श्रीराम प्राकट्योत्सव, पंचम दिवस बाललीला, विश्वामित्र आगमन एवं राम वनगमन, षष्ठम दिवस सीताराम विवाह तथा सप्तम दिवस राम वनवास,केवट संवाद और राम-भरत मिलन का प्रसंग होगा और इस दौरान आचार्य श्री रामचंद्र दास, युवराज श्री तुलसी पीठ का?भी कथा श्रवण पान और सान्निध्य भक्तों को प्राप्त होगा। बताया गया कि कथा का आमंत्रण सीएम योगी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आदि राजनेताओं को भी दिया गया जिनके आने की पूरी संभावना रहेगी। मौके पर उत्सव समिति अध्यक्ष सुदीप बंदोपाध्याय, आयोजकों में राकेश पांडेय, रवि तिवारी और श्रीखाटूश्याम परिवार से संजीव अग्रवाल, आशीष खन्ना, डा अजय गुप्ता, संयोजक डा.एसके गोपाल व बीजेपी महानगर मीडिया प्रभारी अनुराग साहू सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

- ब्रज की रसोई में एक से नौ जून तक बहेगी रामकथा की गोमती
- चित्रकूट से पद्मविभूषण जगदगुरु रामभद्राचार्य सुनाएंगे श्रीरामचरित मानस
- राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ सहित अन्य राजनेता व मंत्रीगण भी होंगे शामिल

नशा मुक्ति जागरूकता व सम्मान समारोह

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। बलरामपुर चिकित्सालय और ऑल इंडिया पयाम-ए-इंसानियत फोरम,की निरंतर इंसानियत की रौशन मिसाल कायम करते हुए। लखनऊ जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए,और हर क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हुए निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। ये बातें डॉ.हिमांशु चतुवेर्दी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने कही।

शुक्रवार को ऑल इंडिया पयाम-ए-इंसानियत फोरम लखनऊ के तत्वावधान में तम्बाकू मुक्ति केंद्र पर ₹नशा मुक्ति जागरूकता एवं सम्मान समारोह₹ का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। हमें विश्वास है,यह सेवा का कारवां ऐसे ही आगे बढ़ता रहेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुंवर मित्रेश सिंह कुशवाहा, उच्च मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, ने समारोह का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर डॉ.

हिमांशु चतुवेर्दी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ. प्रवीण कुमार श्रीवास्तव चिकित्सा अधीक्षक एवं डॉ. रजनीगंधा प्रभारी अधिकारी, तम्बाकू मुक्ति केंद्र उपस्थित रहे। तम्बाकू मुक्ति केंद्र द्वारा निरंतर नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में बड़ी संख्या में नागरिकों ने नशा छोड़ने के लिए भागीदारी की तथा जीवन भर नशे से दूर रहने की शपथ भी ली। इन चिकित्सकों की निरंतर देखरेख और मार्गदर्शन के कारण ही अनेक नागरिक नशे के अभिशाप से मुक्त हो सके।

नशा त्यागने पर सम्मानित होने वाले नागरिक

समारोह में नशे की लत को त्याग कर नया जीवन शुरू करने वाले सर्वश्री कमल किशोर, रमेश, विश्वनाथ, अशोक, अमन कुमार, अजय, यास्मीन खान, रोहित, कुर्बान, राज, राधेश्याम, शिवशरद, शैलेंद्र, मसूद, रीना एवं पुरनचंद्र श्रीवास्तव ने नशा छोड़ने का साहसिक निर्णय लिया,जिसके लिए उन्हें प्रमाण-पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनकी आवश्यकतानुसार दैनिक उपयोग की सामग्री भी भेंट स्वरूप प्रदान की गई।

बिना परीक्षा बना दिया दारोगा 4200 ग्रेड पे भी दिया

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। सशस्त्र पुलिस कर्मियों के साथ लगातार भेदभाव जारी है। जबकि वह नागरिक पुलिस की भांति ही अपने कर्तव्य पथ से पीछे नहीं हटते, फिर वह कोरोना महामारी का दौर हो या विश्व स्तरीय महाकुम्भ का आयोजन।

सशस्त्र पुलिस के उप निरीक्षक दबी जुबां में 4200 ग्रेड पे का लाभ के लिए बाते करते देखे जा सकते हैं। पुलिसकर्मियों का यह भी कहना है कि नियमावली के कारण वह मीडिया के सामने खुलकर अपना दुखड़ा कह भी नहीं सकते। यही कारण है कि अधिकारी इस पर कुछ भी बोलने और करने को तैयार नहीं है। जानकारी के मुताबिक बीते 10 वर्षों में सशस्त्र पुलिस को 4200 ग्रेड पे का लाभ नहीं मिल सका है। सपा सरकार में नागरिक पुलिस के मुख्य आरक्षियों को तो बिना विभागीय परीक्षा के उपनिरीक्षक के पद पर प्रोन्नत करने के साथ 4200 ग्रेड पे दे दिया गया, लेकिन 1998 में सशस्त्र पुलिस में आरक्षी के पद पर भर्ती हुए कर्मचारियों को उपनिरीक्षक बनने के बाद भी प्रोन्नत वेतनमान नहीं दिया गया है। इस वेतन विसंगति को दूर करने के लिए कई कर्मियों ने उच्चाधिकारियों को प्रत्यावेदन दिया है। वर्ष 1998 में आरक्षी पद पर भर्ती पुलिसकर्मियों को वर्ष 2008 में लिखित परीक्षा के बाद मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस और सशस्त्र पुलिस के पद पर प्रोन्नत किया गया था। इसके बाद वर्ष 2015 में राज्यपाल की अनुमति के बाद एक आदेश जारी हुआ, जिसमें सभी नागरिक पुलिस और सशस्त्र पुलिस के मुख्य आरक्षियों को प्रोन्नत वेतनमान और एक स्टार दिया गया। हालांकि दिसंबर 2016 में बिना विभागीय परीक्षा के नागरिक पुलिस के मुख्य आरक्षियों को ग्रेड पे 4200 देकर उप निरीक्षक बना दिया गया। लेकिन उस समय सशस्त्र पुलिस के मुख्य आरक्षियों को न तो पदोन्नति दी गई और न ही प्रोन्नत वेतनमान दिया गया। वहीं, सशस्त्र पुलिस के मुख्य आरक्षियों को वर्ष 2022 में उपनिरीक्षक तो बनाया गया, लेकिन 4200 ग्रेड पे नहीं दिया गया। सूत्रों के मुताबिक इस वेतन विसंगति से करीब 325 कर्मचारी प्रभावित हैं।

वाराणसी-लखनऊ एक्सप्रेस को राज्य मंत्री ने दिखायी हरी झंडी

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन से शुक्रवार को गाड़ी संख्या 14225/14226 वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस के नियमित संचालन के शुभारंभ अवसर पर योगी सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा एवं विधायक वाराणसी कैंट सौरभ श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। इस मौके पर एडीआरएम बृजेश कुमार यादव और स्टेशन निदेशक, वाराणसी अर्पित गुप्ता सहित भारतीय रेल प्रबंधन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी अतुल कुमार, रूपम सिंह, ख्याति गोयल, अनुकृति तोमर उपस्थित रहे। उत्तर रेलवे के सीनियर डीसीएम समर्थ गुप्ता ने बताया कि रेल मंत्रालय ने वर्तमान में संचालित गाड़ी संख्या 04217/04218 वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी स्पेशल एक्सप्रेस को नियमित कर नए गाड़ी संख्या 14225/14226 वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस के रूप में प्रतिदिन संचालित करने का निर्णय लिया है।

चारबाग रेलवे स्टेशन पर टीनशेड गिरा, टीटीई व दो यात्री घायल

लखनऊ, 29 मई (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चाराबाग रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पांच पर शुक्रवार सुबह अचानक टीन शेड गिर गया। हादसे में टीनशेड के नीचे कुछ यात्री दब गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी व आरपीएफ ने राहत बचाव कार्य करते हुए सभी को बाहर निकाला। हादसे में दो यात्री और एक टीटीई घायल है।

जीआरपी इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह का कहना है कि चारबाग रेलवे स्टेश न के प्लेटफार्म नंबर पांच पर यात्री खड़े होकर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान टीनशेड नीचे गिर गया और उसमें कई यात्री दब गये। इस घटना से

स्टेशन पर यात्रियों में चीखपुकार मच गयी। सूचना पाकर जीआरपी व आरपीएफ ने मौके पर पहुंचकर राहत बचाव कार्य करते हुए सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे में यात्री अभिषेक और साहिल नाम के दो यात्री और टीटीई भूपेंद्र सिंह घायल हुए है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के तहत इसी प्लेटफॉर्म

- जीआरएपी व आरपीएफ टीम ने संभाली स्थिति, डीआरएम ने दिये जांच के आदेश

पर हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस (13037) पहुंच गई थी, जिसे बाद में रुकवा दिया गया। वहीं रेलवे अधिकारियों ने मौके पर क्रेन मंगवाई, जिससे टिन शेड का नीचे गिर चुका हिस्सा बाहर निकालने में लगा गया।

इस प्रकरण को लेकर डीआरएम उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल सुनील कुमार ने हादसे की जांच के आदेश दिए हैं।

बरामद कच्ची व देशी शराब पर चला प्रशासनिक बुलडोजर

मोहनलालगंज, 29 मई (तरुणमित्र)। लखनऊ, अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मोहनलालगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वर्ष 2017 से 2025 के बीच विभिन्न अभियोगों में बरामद लगभग 4200 लीटर अवैध कच्ची एवं देशी शराब को नष्ट कराया। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के अनुपालन में थाना परिसर में जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवाकर की गई। सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज ज्ञानेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक मोहनलालगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई। मोहनलालगंज कोतवाली में दर्ज कुल 89 अभियोगों में जब्त की गई अवैध शराब को नियमानुसार नष्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान सभी आवश्यक विधिक औपचारिकताओं का पालन किया गया।

कार-बाइक की टक्कर में एक की मौत, एक घायल

काकोरी, 29 मई (तरुणमित्र)। दुबग्गा कोतवाली क्षेत्र के बाजनगर गांव के सामने हरदोई रोड पर शुक्रवार शाम को क्रेटा कार और बाइक की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाईक चला रहे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाईक के पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, हादसे से नाराज ग्रामीणों ने बाइक सवार मृतक का शव हरदोई रोड़ पर रख कर करीब तीन घंटे तक रोड़ जाम रखा नाराज ग्रामीणों व परिजनों की मांग थी कि मृतक को मुआवजा और चार चालक को जेल भेजा जाए।

ग्रामीणों का आरोप था कि कार चालक एक पुलिस वाला है इसलिए कार्यवाही में लापराही की जा रही है। करीब तीन घंटे बाद लिखत में शिकायत पर कठोर कार्यवाही और मुवाजे दिलाने में मदद के आश्वासन पर रोड़ जाम खोला जा

सका। दुबग्गा कोतवाली क्षेत्र के अमेठिया सलेमपुर गांव निवासी साहिल (25) और पास के ही रहने वाले अजान (10) घर से निकल कर दुबग्गा लखनऊ की और अपनी फैशन प्रो बाईक से जा रहे थे तभी दुबग्गा की ओर से क्रेटा कार तेज रफ्तार से हरदोई की ओर आ रही थी इसी दौरान बाजनगर गांव के सामने हरदोई रोड पर आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाईक चला रहा युवक साहिल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पीछे बैठा अजान गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना से नाराज ग्रामीणों ने हरदोई मुख्य मार्ग को शव रख कर जाम कर दिया आरोप था कि कार चालक यूपी पुलिस में होने की वजह से कार्यवाही में लापरवाही की जा रही है और वही प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार दरोगा की पत्नी सिख रही थी। जिससे यह हादसा हो गया। इस सम्बन्ध में दुबग्गा कोतवाली प्रभारी निरक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम ले लिए भेज दिया गया है कार को कब्जे में ले लिया गया है अग्रिम कार्यवही की जा रही है।